# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

काला बिल्ला लगाकर सुरक्षा के लिए सड़क पर उतरे धनबाद के व्यापारी


• बोकारो, बुधवार 19 नवम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 182 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## संक्षिप्त समाचार

### तेज रफ्तार ट्रक ने ली युवक की जान

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र स्थित नेताजी चौक के पास देर रात हुए सड़क हादसे में अलकापुरी निवासी 28 वर्षीय रोहित सिंह राठौर की दर्दनाक मौत हो गई। बाइक से घर लौट रहे रोहित को एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे वे बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह पास से गुजर रहे एक लोडेड ट्रक के नीचे समा गए और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### फंदे से लटका मिला युवक का शव

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र के पुराना थाना परिसर स्थित एक जर्जर बीसीसीएल क्वार्टर में मंगलवार सुबह 26 वर्षीय युवक का शव फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान न्यू सब्जी मंडी निवासी सुमन कुमार साव के रूप में हुई है जो मोबाइल दुकान चलाते थे। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने मंगलवार सुबह क्वार्टर के अंदर सुमन का शव पतले कपड़े के सहारे फंदे से लटका देखा। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही केंदुआडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू की।

### पति से विवाद के बाद महिला ने की खुदकुशी

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के भरनो थाना क्षेत्र स्थित लेकोटोली में 32 वर्षीय गर्भवती महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला की पहचान संदीप आईंद उर्फ मुन्ना की पत्नी पूनम कुमारी के रूप में हुई है। यह पूनम का दूसरा प्रेम विवाह था। पुलिस ने मंगलवार सुबह शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। परिजनों ने बताया कि पूनम का अपने पति मुन्ना के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद वह गुस्से में अपने कमरे में चली गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। उसने पंखे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

### मालगाड़ी के कंटेनर पर चढ़ा युवक, मची अफरातफरी

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** धनबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर खड़ी मालगाड़ी के कंटेनर के ऊपर एक युवक चढ़ गया। वह हाइटेंशन ओवरहेड तार के नीचे दौड़ने-भागने लगा जिससे अफरातफरी मच गई। पता चलने पर रेलकर्मियों ने सबसे पहले ओवरहेड तार की बिजली कटवा दी। फिर जीआरपी और आरपीएफ ने एक घंटे की मशक्कत के बाद सीढ़ी लगाकर युवक को नीचे उतारा। इस दौरान उसने जवानों व रेलकर्मियों के साथ हाथापाई भी की। इससे उनके चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई। जांच में पता चला कि युवक विक्षिप्त है।

# सूबे में 3451 विशेष शिक्षकों की जल्द होगी नियुक्ति

**हाईकोर्ट के आदेश का छात्रों ने किया स्वागत**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राज्य में मई 2026 तक 3451 विशेष शिक्षकों की नियुक्ति कर ली जाएगी। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग जल्द ही विज्ञापन निकालकर आवेदन आमंत्रित करेगा। इसके बाद चयन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अगले मार्च में परीक्षा लेने के बाद मई तक रिजल्ट जारी कर चयन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। झारखंड हाई कोर्ट से मिली हरी झंडी के बाद प्रशिक्षित विशेष सहायक शिक्षकों की नियुक्ति मामले में आ रही बाधा दूर हो गई है। इधर झारखंड कोर्ट के आदेश के बाद जेएसएससी जल्द ही विज्ञापन जारी करने की तैयारी में है। आयोग का मानना है कि हाईकोर्ट के फैसले के अनुरूप विशेष शिक्षकों की चयन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इधर इस नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने की तैयारी कर रहे शिक्षकों में खुशी देखी जा रही है। छात्र नेता सत्यनारायण शुक्ला कहते

हैं कि राज्य में छात्रों के लिए सबसे बड़ी परेशानी समय पर चयन परीक्षा का न होना है। ऐसे में यदि जेएसएससी हाईकोर्ट को दी गई जानकारी के अनुसार ससमय चयन प्रक्रिया पूरी कर लेती है तो यह बड़ी बात होगी। झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में 3451 पदों पर विशेष शिक्षकों की नियुक्ति की अनुमति दी है जबकि अन्य शिक्षकों की नियुक्ति पर रोक बरकरार रखी है। अदालत ने कर्मचारी चयन आयोग को मार्च 2026 तक परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया है। यदि समय पर यह नहीं होता है तो आयोग पर कोर्ट अवमानना का केस चलेगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं किए जाने पर अवमानना का मामला भी सरकार पर चलाया जा सकता है। कर्मचारी चयन आयोग की ओर से अदालत को बताया गया कि राज्य सरकार की ओर से नियुक्ति के लिए अधिसूचना भेज दी गई है लेकिन कोर्ट के आदेश के कारण विज्ञापन जारी करने का कार्य रोक दिया गया है। इस पर अदालत ने आयोग से पूछा कि पूरी नियुक्ति प्रक्रिया में कितना समय लगेगा। आयोग के अधिवक्ता संजय पिपरावाल और प्रिंस कुमार सिंह ने आश्वासन दिया कि मार्च 2026 तक प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। गौरतलब है कि इसके माध्यम से दिव्यांग स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर किया जाएगा। इन स्कूलों में लंबे समय से शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई है।

# झारखंड विधानसभा नियुक्ति घोटाले की जांच पर सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट में झारखंड विधानसभा नियुक्ति घोटाले की सीबीआई जांच पर रोक हटाने की मांग वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। यहां कोर्ट ने सुनवाई करते हुए सीबीआई से सवाल किया कि उसका इस्तेमाल राजनीतिक लड़ाई लड़ने के लिए क्यों किया जा रहा है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की खंडपीठ झारखंड विधानसभा द्वारा झारखंड हाईकोर्ट के सितंबर 2024 के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। झारखंड हाई कोर्ट ने विधानसभा नियुक्ति घोटाले की सीबीआई जांच करने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ विधानसभा की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए 14 नवंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर झारखंड हाई कोर्ट के विधानसभा नियुक्ति घोटाले की सीबीआई जांच के आदेश पर लगी रोक को हटाने का अनुरोध किया था। झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर झारखंड के अधिकारियों को विधानसभा में अवैध नियुक्तियों के संबंध में जांच आयोग के 30 संदर्भ बिंदुओं के क्रियान्वयन के संबंध में तत्कालीन राज्यपाल द्वारा तत्कालीन स्पीकर को 2018 में दिए गए निर्देश को लागू करने का निर्देश देने की मांग की। याचिकाकर्ता शिवशंकर शर्मा ने कथित अवैध नियुक्तियों की सीबीआई द्वारा जांच की भी मांग की थी। सितंबर, 2024 में हाईकोर्ट ने याचिका स्वीकार कर ली और निर्देश दिया कि झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति/पदोन्नति के मामले में हुई कथित अनियमितताओं की प्रारंभिक जांच सीबीआई द्वारा की जाए।

# बाइक चोर गिरफ्तार, बिहार से जुड़ा गैंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले का खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस संबंध में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जो बिहार में शराब तस्करों को चोरी की बाइक बेचने वाले गिरोह का सदस्य बताया जा रहा है। यह मामला 31 अक्टूबर को तब सामने आया जब कर्मदेव यादव ने छतरपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि सराईडीह मोड़ के पास से उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी जब वे सामान खरीदने गए थे। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। अनुसंधान के दौरान यह बात सामने आई कि बिहार से कुछ लोग आकर अलग-अलग जगहों से मोटरसाइकिल चोरी कर रहे थे। इन चोरी की बाइकों को बिहार में अवैध शराब का धंधा करने वालों को बेचा जा रहा था। पुलिस ने मानवीय और तकनीकी सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर छतरपुर थाना क्षेत्र के सराईडीह मोड़ से यह मोटरसाइकिल चुराई थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आयुष कुमार उर्फ आयुष पाठक (18) के रूप में हुई है। वह बिहार के औरंगाबाद जिले के अम्बा थाना अंतर्गत देवरा गांव का निवासी है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस ने चोरी की नीले और काले रंग की बाइक (बिना नंबर प्लेट) जब्त की है।

# उत्पाद विभाग की टीम पर हमला, पुलिसकर्मियों से मारपीट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोडरमा।** जिले के तिलैया डैम ओपी क्षेत्र अंतर्गत कांटी गांव में अवैध शराब के धंधे पर रोक लगाने के लिए उत्पाद विभाग की टीम बीती रात छापेमारी करने पहुंची। टीम ने गांव में अवैध शराब बेचने वाले दो आरोपियों को हिरासत में लिया। इनमें बड़की धमराय निवासी अनिल महतो और धनुकी महतो शामिल हैं। कार्रवाई के बाद टीम दोनों आरोपियों को लेकर कोडरमा लौट रही थी। इसी दौरान अंधेरा होने की वजह से टीम बरही थाना क्षेत्र के तिलैया बस्ती के आसपास रास्ता भटक गई। उत्पाद विभाग के एसआई शिवसागर कुमार ने बताया कि टीम के रास्ता भटकते ही स्थानीय ग्रामीणों ने अचानक अफवाह फैला दी कि गांव में चोर घुस आया है और बच्चा चोरी कर भाग रहा है। इस झूठे हल्ले का मकसद केवल गिरफ्तार किए गए दोनों शराब कारोबारियों को छुड़ाना था। अफवाह फैलते ही आसपास के गुड़ियों विजैया और तिलैया बस्ती के ग्रामीण बड़ी संख्या में जमा हो गए। टीम के वाहनों को चारों ओर से घेर लिया। बताया गया कि जैसे ही टीम ने मौके से निकलने की कोशिश की तो ग्रामीणों ने वाहनों पर पथराव करना शुरू कर दिया। कुछ ही मिनटों में स्थिति बेकाबू हो गई। भीड़ ने सबसे पहले हिरासत में लिए गए अनिल महतो और धनुकी महतो को छुड़ा लिया। इसके बाद गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए गए और वाहनों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। बरही थाना प्रभारी विनोद यादव ने पुष्टि करते हुए कहा कि रात में हुई घटना की सूचना उन्हें मिल गई है लेकिन अब तक कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलते ही पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई शुरू की जाएगी।

# झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस इस बार होगा खास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस इस बार खास होगा। 22 नवंबर 2000 को गठित यह विधानसभा अपना रजत जयंती वर्ष मनाने जा रहा है। 25 वर्षों के इस सफर को यादगार और खास बनाने के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। विधानसभा परिसर में 22 नवंबर को भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसके लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन संबोधित करेंगे। दो सत्रों में होने वाले इस भव्य आयोजन में जहां राज्य के विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया जायेगा। वहीं शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में बॉलीवुड के कलाकारों द्वारा धमाकेदार प्रस्तुति भी होगी। यह कार्यक्रम विधानसभा परिसर में आयोजित किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम स्थल से लेकर आगंतुकों के स्वागत के लिए बने स्थल को भव्य रूप से तैयार किया जा रहा है। मंगलवार को स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने कार्यक्रम स्थल पर चल रहे तैयारी का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 22 नवंबर को झारखंड विधानसभा के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन बेहद खास होने वाला है। इस मौके पर सभी वर्तमान एवं पूर्व विधायक चाहे वो बिहार के समय के ही क्यों ना हो, उन सभी को आमंत्रित किया जा रहा है और उन्हें सम्मानित किया जायेगा। रजत जयंती के मौके पर जहां विधानसभा परिसर दुल्हन की तरह सजा दिखेगा, वहीं इस मौके पर होने वाले समारोह को दो सत्रों में बांटा गया है। पहला सत्र सम्मान का सत्र होगा। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में राज्य का नाम रोशन करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही शहीदों के आश्रितों को भी आदर और सम्मान के साथ मंच पर बुलाया जाएगा।

**मंत्री डॉ. इरफान अंसारी अब नियमित रूप से ओपीडी में बैठेंगे, कहा**

# बेहतर स्वास्थ्य सेवा देना मेरा मिशन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने मंगलवार को बिना पूर्व सूचना रिम्स अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर अपनी गंभीरता स्पष्ट कर दी। निरीक्षण के दौरान वे सीधे मेडिसिन विभाग के ओपीडी पहुंचे और वहां बैठकर कई मरीजों की जांच की। मरीजों का हाल जानने के साथ उन्होंने उन्हें उचित दवाइयों व उपचार संबंधी सलाह भी दी। अचानक मंत्री को अपने बीच पाकर मरीजों और उनके परिजनों में उत्साह देखा गया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अस्पताल में मौजूद कई खामियों को बारीकी से परखा। दवाओं की कमी, कफ सिरप की अनुपलब्धता, व्हीलचेयर की कमी, डॉक्टरों की संख्या घटने, स्वच्छता व्यवस्था में ढिलाई सहित कई विषयों पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार भी उनके साथ मौजूद थे। मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि इन सभी कमियों को जल्द से जल्द ठीक किया जाए और मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मीडिया से बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री ने एलान किया कि अब वे न केवल रांची बल्कि झारखंड के हर जिले के सरकारी अस्पतालों में नियमित रूप से ओपीडी में बैठेंगे। उन्होंने कहा कि मरीजों से प्रत्यक्ष रूप से मिलकर उनकी समस्याओं को समझना और अस्पतालों की वास्तविक स्थिति का आकलन करना ही उनका उद्देश्य है। इसी दौरान वे खुद अस्पतालों के लिए नया रोस्टर तैयार करेंगे ताकि चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। डॉ. अंसारी ने रिम्स में मरीजों को बाहर से दवा खरीदने की मजबूरी पर चिंता जताई और निदेशक को इस पर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि गरीब मरीजों को दवाओं के लिए बाहर भटकना पड़े, यह स्वीकार्य नहीं है। कई मरीजों ने मंत्री को बताया कि अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के कारण उन्हें परेशान होना पड़ता है, जिस पर मंत्री ने सख्त कार्रवाई का संकेत दिया। सरकारी डॉक्टरों के निजी प्रैक्टिस पर भी मंत्री का रुख बेहद स्पष्ट रहा। उन्होंने कहा कि जो डॉक्टर सरकारी सेवा में रहते हुए निजी क्लिनिक चलाने में अधिक रुचि रखते हैं, ऐसे डॉक्टरों की रिम्स और सरकारी अस्पतालों को कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में रहकर पूर्ण समर्पण के साथ जनता की सेवा करना ही प्राथमिकता होनी चाहिए।

# जेवर दुकान से 1.5 करोड़ की लूट का 24 घंटे में पुलिस ने किया खुलासा, तीन गिरफ्तार

नवीन सिन्हा

## एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी

बरामद सामान

**हजारीबाग।** बरही थाना क्षेत्र के बरही चौक में 16 नवम्बर की रात ज्वेलरी दुकान से करीब 1.5 करोड़ रुपये मूल्य के सोना-चाँदी के जेवरात की हुई लूट का हजारीबाग पुलिस ने महज 24 घंटे में सफल उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए लूट के सभी सामान, वाहन, हथियार एवं मोबाइल बरामद कर लिए हैं।

घटना उस समय हुई जब जय माता दी ज्वेलर्स के संचालक दुकान से आभूषण कार में रख रहे थे। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार हथियारबंद अपराधियों ने फायरिंग करते हुए कार का शीशा तोड़कर चार बैग लूट लिए, जिसमें सोना, चाँदी और संखा-पोला भरे थे। घटना दर्ज होने के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (SIT) गठित किया गया। तकनीकी इनपुट, CCTV फुटेज, गुप्तचर नेटवर्क और त्वरित कार्रवाई के आधार पर धनंजय चौधरी उर्फ छोटू, इन्द्रराज चौधरी और रौशन यादव को गिरफ्तार कर लिया गया।

**बरामद सामान**

सोना- 946 ग्राम, साखा-पोला- लगभग 200 ग्राम, नया चाँदी- 11 किलोग्राम, पुराना चाँदी- 1.760 किलोग्राम।

(कुल अनुमानित मूल्य- लगभग 1.50 करोड़)

स्कॉर्पियो वाहन- 01
KTM मोटरसाइकिल- 01
देशी कट्टा- 03
देशी कार्बाइन- 01
जिंदा गोली- 06
मोबाइल- 02

**छापामारी एवं उद्भेदन में शामिल पुलिस टीम**

श्री अजीत कुमार विमल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही। श्री बिनोद कुमार, पु.नि.-cum-थाना प्रभारी, बरही। श्री चन्द्रशेखर कुमार, पुलिस निरीक्षक, बरही अंचल। पु.अ.नि. सरोज सिंह चौधरी, थाना प्रभारी, चौपारण। पु.अ.नि. मृत्युंजय कुमार, बरही थाना। पु.अ.नि. सुमित साव, बरही थाना। पु.अ.नि. सुशील कुमार, बरही थाना। पु.अ.नि. राजवल्लभ कुमार, बरही थाना। पु.अ.नि. नरेन्द्र कुमार पाण्डेय, बरही थाना। पु.अ.नि. सौरभ कुमार, बरही थाना। पु.अ.नि. सुरजीत चौधरी, बरही थाना। पु.अ.नि. दीपक कुमार, बरही थाना। पु.अ.नि. रूपलाल यादव, बरही थाना। पु.अ.नि. बादल कुमार हेम्ब्रम, बरही थाना। स.अ.नि. बादल महतो, चौपारण थाना। आ. 69- संजय यादव, आ. 160 - नीरज कुमार सिंह, आ. 1405- विवेक कुमार, तकनीकी शाखा, हजारीबाग, थाना सशस्त्र बल।

**आरोपी का आपराधिक इतिहास**

धनंजय चौधरी उर्फ छोटू (गया, बिहार)। इसके विरुद्ध हथियार एवं लूट से संबंधित कुल 9 गंभीर मामले दर्ज हैं, जिनमें गुरुआ, आमस, रौशनगंज एवं हंटरगंज थाना क्षेत्रों के मुकदमे शामिल हैं।

इन्द्रराज चौधरी (हंटरगंज, चतरा)। वर्ष 2019 में बिहार के डोभी थाना क्षेत्र में लूट की घटना में शामिल रहा है। रौशन यादव (गंगटी, गया)। पूर्व में आमस थाना क्षेत्र से जेल भेजा जा चुका है।

# टाटीझरिया में मुंशी का अपहरण कर 20 लाख की फिरौती मांगने वाले एके गैंग के दो अपराधी गिरफ्तार, अपहृत व्यक्ति सकुशल बरामद

नवीन सिन्हा

## एसपी अंजनी अंजन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी

गिरफ्तार अपराधी

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने टाटीझरिया थाना क्षेत्र में मुंशी का अपहरण कर 20 लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले एके गैंगवार अपराधी गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अपहृत व्यक्ति को सुरक्षित बरामद करने के साथ-साथ हथियार, मोटरसाइकिल, मोबाइल, पिट्ठू बैग, वर्दी एवं आपराधिक गतिविधियों से संबंधित दस्तावेज भी बरामद किए हैं।

घटना 06/07 नवम्बर की रात्रि की है, जब टाटीझरिया थाना अंतर्गत ग्राम मायापुर स्थित SM Poultry Farm में कार्यरत मुंशी गोपाल कुमार का काले रंग के पैशन प्रो मोटरसाइकिल (JH-02 AE 4311) के साथ अज्ञात अपराधियों द्वारा अपहरण कर लिया गया था। इसके बाद अपराधियों ने परिजनों और मालिक से मोबाइल पर 20 लाख रुपये फिरौती की मांग की। कांड दर्ज होने के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विष्णुगढ़ के नेतृत्व में विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया गया। तकनीकी अनुसंधान, गुप्त सूचना और लगातार छापामारी के बाद आंगो थाना क्षेत्र के चपरा जंगल के पास वाहन चेकिंग अभियान के दौरान अपराधियों को धरदबोचा गया।

1. अरुण मंडल उर्फ अरुण जी उर्फ रंजीत मंडल (33 वर्ष)। निवासी-सोनबाद, थाना बेंगाबाद, जिला गिरिडीह। 2. रोहित महतो (23 वर्ष)। निवासी- जोबर जामुनटांड़, थाना विष्णुगढ़, जिला हजारीबाग।

**बरामद सामान**

देशी कारबाइन- 02, जिंदा कारतूस- 04, पिट्ठू बैग- 01, केमोफ्लाज वर्दी- 02, एके गैंगवार का हस्तलिखित पर्चा- 02, मोबाइल -08, मोटरसाइकिल- 02 ।

**छापामारी दल**

श्री बैजनाथ प्रसाद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विष्णुगढ़। पु.नि. जगलाल मुंडा, पुलिस निरीक्षक, दारू अंचल। पु.अ.नि. मुकेश कुमार सिंह, सदर थाना। पु.अ.नि. दीपक कुमार, विष्णुगढ़ थाना। पु.अ.नि. इन्द्रजीत कुमार, थाना प्रभारी, टाटीझरिया। पु.अ.नि. जानु कुमार, थाना प्रभारी, आंगो। पु.अ.नि. इकबाल हुसैन, थाना प्रभारी, दारू। पु.अ.नि. कुमार अश्विनी, थाना प्रभारी, चुरचू। पु.अ.नि. पवन कुमार, टाटीझरिया थाना। तकनीकी शाखा, हजारीबाग। टाटीझरिया एवं आंगो थाना सशस्त्र बल।

**अपराधियों का क्राइम रिकॉर्ड**

अरुण मंडल के विरुद्ध हजारीबाग जिले के विभिन्न थानों में 15 से अधिक गंभीर कांड दर्ज हैं।

इसके अलावा झारखंड एवं बिहार में भी अपहरण, लूट, डकैती, हत्या एवं नक्सली गतिविधियों से जुड़े कई मामले पंजीकृत हैं। रोहित महतो का भी थाना स्तर पर अपराधिक इतिहास दर्ज है।

# उपायुक्त के जनता दरबार में सुनी गईं आमजनों की दर्जनों समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आज 18 नवंबर को समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। ग्रामीण अपने आवेदन एवं शिकायतों के साथ उपस्थित हुए। उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदक की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित पदाधिकारियों को मामलों के त्वरित एवं संवेदनशील निपटारे का निर्देश दिया।

आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से पेंशन स्वीकृति, राशन कार्ड त्रुटि सुधार, आवास, आपूर्ति व्यवस्था, एनटीपीसी मुआवजा, म्यूटेशन, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, रोजगार एवं विभिन्न योजनाओं से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदन निर्धारित समयसीमा में निष्पादित किए जाएं।

**आज आए प्रमुख मामले एवं दिए गए निर्देश**

बड़कागांव प्रखंड के ग्राम जुगरा के काली साव ने एनटीपीसी के द्वारा घर मापी करने के बाद कम मूल्यांकन निर्धारित के संबंध में आवेदन दिया। इस पर उपायुक्त ने एनटीपीसी को इस संबंध में रिपोर्ट की मांग की। बरही निवासी सुदामा कृष्णा ने अपने रैयती जमीन पर जबरन भू माफियाओं द्वारा दखल कब्जा एवं अवैध निर्माण किए जाने के संबंध में आवेदन दिया, इस पर उपायुक्त ने बरही अंचलाधिकारी को तत्काल जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। हजारीबाग के बलसगरा निवासी ब्रह्मदेव मिश्र ने डाक विभाग से सेवानिवृत के उपरांत पेंशन का लाभ नहीं मिल पाने के संबंध में आवेदन दिया,इस पर उपायुक्त ने श्रम विभाग से जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा।

कटकमदाग सलगावां के देवेंद्र ओझा ने अन्य द्वारा जालसाजी कर गलत तरीके से अपने प्लॉट दूसरे में सम्मिलित कर ऑनलाइन करने के संबंध में शिकायत की, उपायुक्त ने इस पर कटकमदाग को इस मामले में जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। सदर निवासी मीना देवी ने जिला यक्ष्मा केंद्र, हजारीबाग में कार्यरत पति की मृत्यु के उपरांत अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के संबंध में आवेदन दिया। इस उपायुक्त ने सिविल सर्जन से जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। कटकमदाग नावाडीह निवासी देवेंद्र नाथ ओझा ने नावाडीह अंतर्गत खाता संख्या 37 थाना संख्या 85 प्लॉट के रकबा में जालसाजी कर गलत तरीके से जमीन हड़पने की शिकायत की, इस पर उपायुक्त ने सीओ कटकमदाग को विधि सम्मत कार्रवाई का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर लेकर निर्धारित समयसीमा में निष्पादित करें।

# सासाहिक जनता दरबार का आयोजन, जनता की समस्या का किया जा रहा समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त ने एक-एक कर उपस्थित नागरिकों की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया।

जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिक उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं।सभी कार्यों के बीच जनता की समस्याओं को हमेशा प्राथमिकता देते हुए उपायुक्त ने एक-एक कर उपस्थित नागरिकों की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि प्राप्त आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। जिस विषय पर जांच की आवश्यकता है संबंधित पदाधिकारी पारदर्शी तरीके से जांच करते हुए समस्याओं का निराकरण करें।यथा संभव प्रयास करें कि किसी भी व्यक्ति को एक कार्य के लिए बार- बार न आना पड़े।वैसे सभी लोग जो योग्य हैं और किसी योजना के लाभ से वंचित हैं उनको जल्द से जल्द योजना से जोड़ा जाए। जनता दरबार में पेंशन, राशन कार्ड, आवास सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन मामलों में तत्काल समाधान संभव है, उनका निपटारा नियमानुसार ढंग से तुरंत किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।

# जिला-स्तरीय एकता पदयात्रा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी स्तर पर संचालित "सरदार 150 यूनिटी मार्च" अभियान के अंतर्गत आज गिरिडीह जिले में भव्य जिला-स्तरीय एकता पदयात्रा का आयोजन गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के नेतृत्व में मेरा युवा भारत माय भारत गिरिडीह तथा राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस गिरिडीह महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी रवि कुमार मिश्रा, जिला खेल पदाधिकारी अर्जुन बारला, गिरिडीह कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुज कुमार, आर. के. महिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ. के. एम. शर्मा, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार वर्मा, डॉ विनोद सुमन, वंदना चौरसिया, विनीता कुमारी, रंजीत राय, कामेश्वर पासवान सहित अन्य अतिथि एवं नागरिक उपस्थित रहे पदयात्रा झंडा मैदान, गिरिडीह से प्रारंभ होकर टावर चौक मकतपुर मार्ग बरगंडा मार्ग दरवान चौक सर जे सी बोस मार्ग होते हुए पुनः झंडा मैदान में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर गिरिडीह महाविद्यालय, आर. के. महिला कॉलेज, जी.डी. बगड़िया टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, के.एन. बख्शी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों के साथ-साथ विभिन्न खेल संघों एवं खेल अकादमियों से जुड़े 500 से अधिक युवाओं ने उत्साह, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ सहभागिता की।सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी का व्यक्तित्व राष्ट्र की एकता, दृढ़ इच्छाशक्ति और संगठन क्षमता का सर्वोत्तम उदाहरण है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र-निर्माण में सकारात्मक योगदान देने, समाज में रचनात्मक भूमिका निभाने एवं विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला युवा अधिकारी रवि कुमार मिश्रा ने सभी युवाओं को पदयात्रा के उद्देश्य जो कि युवाओं के माध्यम से देशभर में "एक भारत- श्रेष्ठ भारत" के संकल्प को मजबूत करना है तथा 26 नवंबर से 6 दिसंबर 2025 तक करमसद से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक आयोजित की जा रही लगभग 150 किलोमीटर की राष्ट्रीय पदयात्रा के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। के पूर्व गिरिडीह महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनुज कुमार ने को राष्ट्रीय एकता एवं जिला खेल पदाधिकारी अर्जुन बारला ने नशामुक्त भारत का संकल्प दिलाया। सरदार पटेल के जीवन पर आधारित देशभक्ति गीतों और नारों ने वातावरण को प्रेरणादायी एवं ऊर्जा से भर दिया, जिससे आमजन भी बड़ी संख्या में इस संदेश से जुड़े कार्यक्रम का समापन गिरिडीह महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार वर्मा के धन्यवाद ज्ञापन तथा राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# नशा सेवन नहीं करने को लेकर ली गई शपथ

**डंडखोरा/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने को लेकर मंगलवार 18 नवंबर को प्रखंड सह अंचल मुख्यालय में पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने नशा सेवन नहीं करने का शपथ लिया।

अंचल अधिकारी सादी रऊफ की अगुवाई में पदाधिकारी व कर्मियों ने किसी भी किस्म के नशा का उपयोग नहीं करने तथा दूसरे को भी नशा सेवन नहीं करने देने का शपथ लिया।इस बाबत सीओ ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर जिला से प्राप्त निर्देश के आलोक में शपथ लेने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# प्रशासनिक अधिकारियों की मिली भगत से अवैध पत्थर खदान का हो रहा संचालन : मंजू कुमारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जमुआ विधानसभा क्षेत्र के देवरी व जमुआ इलाके में प्रशासनिक अधिकारियों की मिली भगत से अवैध रूप पत्थर खदान का संचालन किया जा रहा है। जहां आए दिन होने वाले घटनाओं में काम करने वाले मजदूरों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ रहा है। बावजूद इसके प्रशासन के द्वारा उक्त खदान संचालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नही किया जाता है।

उक्त बातें परिसदन भवन में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जमुआ विधायक मंजू कुमारी ने कही। प्रेसवार्ता में उनके साथ भाजपा नेता हरमिंन्द्र सिंह बग्गा, आदित्य यादव व संदीप देव भी उपस्थित थे। प्रेसवार्ता के दौरान जमुआ विधायक मंजू कुमारी ने सीधे तौर पर जिला प्रशासन और राज्य सरकार को घेरते हुए कहा कि पूरे झारखंड ही नही बल्कि सिर्फ उनके ही विधानसभा क्षेत्र के देवरी और जमुआ प्रखंड में अवैध रूप से 23 पत्थर खदान संचालित है। जिन्हे सीधे तौर पर जिला प्रशासन का संरक्षण प्राप्त है।उन्होंने कहा कि जमुआ प्रखंड के दलिया गांव में कुछ दिनो पहले पत्थर खदान पर अपना अधिपत्य स्थापित करने के लिए गोली चलती है और एक व्यक्ति की मौत हो जाती है, लेकिन मामले में जिला प्रशासन सिर्फ केस दर्ज कर खानापूर्ति वाली कार्रवाई करती है। विधायक मंजू कुमारी ने जिले के खनन पदाधिकारी डीएमओ सत्यजीत सिंह से हुए बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि डीएमओ अवैध खदान के मामले में हाथ खड़ा करते हुए कहते है कि उन्हें इलाके में संचालित अवैध खदानों के बाबत कोई जानकारी नही है। ऐसे में सवाल उठता है कि जिस पदाधिकारी को उनकी जवाबदेही तक की जानकारी नही है, तो वें पद पर क्यूं बैठे है। विधायक मंजू कुमारी ने कहा कि दलिया गांव के पत्थर खदान का कोई नया मामला नही है इससे पहले भी कई घटना हो चुकी है। लेकिन संचालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नही होना मामले में जिला प्रशासन के भ्रष्ट व्यवस्था को दशार्ती है।

## गिरिडीह में तेज रफ्तार का कहर

# जननायक कपूरी ठाकुर चौक की रेलिंग तोड़ी

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पपरवाटांड स्थित जननायक कपूरी ठाकुर चौक पर एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। बीती देर रात यानि मंगलवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से चौक पर बने डिवाइडर और रेलिंग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। स्थानीय निवासियों के अनुसार यह घटना तेज रफ्तार से आ रहे किसी बड़े वाहन के अनियंत्रित होने के कारण हुई होगी जिसने चौक की रेलिंग को जोरदार टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि रेलिंग कई हिस्सों में टूटकर सड़क पर बिखर गयी जिससे चौक की सुंदरता को नुकसान पहुंचा है और दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है।

# सड़क दुर्घटना हेतु ट्रैफिक अधिकारी भी बराबर के दोषी : राजेश सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** ट्रैफिक व्यवस्था एकदम है लचर, सभी अफसर जवाबदेही से भागते है, इसलिए लगातार हादसा आप सुनते होंगे, युवा रोहित राठौर जिसका बीते रात दुर्घटना हुआ उसका दोषी जितना ट्रक या ट्रेलर वाला है उसी तरह ट्रैफिक व्यवस्था देखने वाले अधिकारी भी है, रोहित राठौर को पार्टी के तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

सिन्हा ने बताया कि पोस्टमार्टम के समय सदर हॉस्पिटल में कई युवा पहुंचे थे,सब परेशान थे माले नेता ने कहा कि ट्रैफिक डीएसपी, ट्रैफिक इंचार्च को चाहिए कि स्कूल के समय ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्लान किया जाय और 9 बजे के बाद ट्रैफिक खोला जाए, सुबह साढ़े 6 से 9 बजे तक शहर में बड़ी गाड़ियों का प्रवेश बंद हो, देखा जाता है कि जान पहचान वाली बड़े गाड़ियों को बीच शहर में छोड़ दिया जाता है, बड़े पैरवी वाले अपना काम निकालते रहते है,हादसा से उनको कोई फर्क नहीं पड़ता है बड़े अधिकारियों को रात को भी दस बजे के बाद ट्रैफिक शहरी क्षेत्र में खोलना चाहिए और चारों तरफ बीस बीस मिनट का अंतराल होना चाहिए एक साथ सभी को छोड़ कर अपना कोटा पूरा कर रहे है ट्रैफिक अफसर,हादसा दर्जन भर हो चुका है यही सिस्टम रहा तो सैकड़ों होंगे,जाने वाले चल जाते है दुनिया छोड़ कर किंतु परिवार का क्या हाल होता है,ट्रैफिक व्यवस्था में काम करने वाले को कोई लेना देना नहीं रहता है,ट्रैफिक वाले बोलते है जैसा अफसर का निर्देश होगा वैसा ही करेंगे,उपायुक्त गिरिडीह और पुलिस अधीक्षक से अनुरोध है कोई ठोस प्लान करें,किसी मा के बेटे अपना जीवन नहीं जी पा रहे है,युवा से अनुरोध है कि हेलमेट का इस्तेमाल करें,जान आपकी है चार चक्का किसी और का है,थोड़ा संभलकर चले,मंत्री जी से या सांसद से निवेदन है कि जल्द रिंग रोड बनाने की तैयारी करें और कार्य शुरू करें,आप सरकार में है,आपसे ही कार्य होगा साथ ही साथ तत्काल ट्रैफिक व्यवस्था को सुधार करें,वरना भाकपा माले ट्रैफिक थाना के सामने लोकतांत्रिक आंदोलन करेगा।

# सलूजा स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश में सफलतापूर्वक किया अपना भव्य लॉन्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** देश की अग्रणी इस्पात कंपनियों में से एक सलूजा स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश के बाजार में अपने उत्पादों को औपचारिक रूप से लॉन्च करते हुए, एक शानदार डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर मीटिंग आरंभ का आयोजन किया। यह कार्यक्रम 15 नवंबर, 2025 को वाराणसी में सिगरा स्थित प्रतिष्ठित होटल कैस्टिलो में संपन्न हुआ।

इस भव्य आयोजन में कंपनी के डायरेक्टर सतविंदर सिंह सलूजा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। श्री सलूजा ने कंपनी की भविष्य की योजनाओं, मजबूत गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं और उच्च-मानक इस्पात उत्पादों की विस्तृत जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश के निर्माण क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने का संकल्प व्यक्त किया। उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से कंपनी के प्रमुख डिस्ट्रीब्यूटरों और लगभग 200 डीलर बंधुओं ने इस लॉन्च मीटिंग में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित मुख्य डिस्ट्रीब्यूटरों में शामिल थे, वाराणसी से अशोक अग्रवाल गोरखपुर से राजेश बंका देवरिया से अशोक जायसवाल प्रयागराज से भूपेन्द्र सिंह बलिया -शशांक शेखर कार्यक्रम के दौरान, कंपनी के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कई डीलर बंधुओं को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जिससे कंपनी और उसके व्यापार सहयोगियों के बीच मजबूत संबंधों को और बल मिला।

कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने भी इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें राहुल हरप्रीत नीशांत अजय लाल शामिल थे। कंपनी की उपलब्धियों और भविष्य की रणनीतियों की जानकारी देते हुए अरविन्द तिवारी जी सेल्स हेड उत्तर प्रदेश ने सभी उपस्थित डीलर, डिस्ट्रीब्यूटर और मीडिया बंधुओं का धन्यवाद ज्ञापन किया और उत्तर प्रदेश में कंपनी की सफल यात्रा की उम्मीद जताई।

# मोंगिया स्टील लि० की ओर से सदर अस्पताल गिरिडीह के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज मोंगिया स्टील लि० के मुख्य कार्यालय में सदर अस्पताल गिरिडीह के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मोगिया स्टील लि० के चेयरमेन डॉ० गुणवंत सिंह मोंगिया सहित लगभग 100 से अधिक लोगो ने रक्त दान किया सनद रहे कि झारखण्ड स्थापना के 25वें वर्षगांठ पर झारखण्ड सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रो में रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्देश प्रदान किया गया था।

जिसके अंर्तगत मोंगिया स्टील ने अपने सभी युनिट के अधिकारीयो एवं कर्मियो को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जिसके फलस्वरुप 100 से अधिक लोगो ने मोंगिया स्टील में लगे शिविर के माध्यम से अपना रक्तदान किया इस रक्तदान शिविर के आयोजन पर मोंगिया स्टील लि० के चेयरमेन डॉ० गुणवंत सिंह मोंगिया ने कहा कि हम और हमारा परिवार विभिन्न कार्योकमो के माध्यम से हमेशा रक्तदान करते चले आए है, और आज हमें काफी खुशी हैकि हमे अपने मुख्य कार्यालय रक्तदान शिविर लगाने का अवसर प्रदान हुआ, उन्होने कहा कि कोई भी काम हमलोग करें तो पूरी सफलता के साथ करे। साथ ही उन्होने कहा कि झारखण्ड सरकार की ओर से जो भी कार्यक्रम चलाए जाते है उसमे हमलागे पूरा प्रयास करते है कि उसे सफल बनाए यह शिविर प्रातः 11 बजे शुरू होकर शाम 5 बजे तक चला। जिसमें सदर अस्पताल, गिरिडीह के डॉ० सोहेल अख्तर अंसारी, संत कुमार, विनिता मरांडी, शंभू मेहता, आनंद कुमार, सुधीर कुमार एवं प्रदिप कुमार द्वारा रक्तदान शिविर को सफल बनाने में अपन भरपूर योगदान दिया। इस कार्यक्रम मे मोंगिया स्टील लि० के डायरेक्टर हरिंदर सिंह मोंगिया एवं डायरेक्टर बलविंदर सिंह मोंगिया, मोंगिया ग्रुप ऑफ के अधिकारीगण, अमर कुमार यादव, संतोष सहाय, शताब्द कुमार, मिथलेश कुमार, किरण शर्मा, अमन पासवान, आदिल सिद्दीकी, मुकेश चौधरी, अफताब खान कालु राम, विदेशी कुमार, राजा भट्टाचार्य, अशोक कुमार, रवि यादव, विकास कुमार सिंह, जितेंद्र राम, सुरज कुमार दास, राजा अंसारी समेत कई लोगो ने अपना रक्तदान किया।

# रजत जयंती समारोह को राज्यपाल करेंगे संबोधित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस इस बार खास होगा। 22 नवंबर 2000 को गठित यह विधानसभा अपना रजत जयंती वर्ष मनाने जा रहा है। 25 वर्षों के इस सफर को यादगार और खास बनाने के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। विधानसभा परिसर में 22 नवंबर को भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसके लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन संबोधित करेंगे।

**दो सत्रों में किया जाएगा कार्यक्रम का आयोजन**

दो सत्रों में होने वाले इस भव्य आयोजन में जहां राज्य के विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया जायेगा। वहीं शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में बॉलीवुड के कलाकारों द्वारा धमाकेदार प्रस्तुति भी होगी। यह कार्यक्रम विधानसभा परिसर में आयोजित किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम स्थल से लेकर आगंतुकों के स्वागत के लिए बने स्थल को भव्य रूप से तैयार किया जा रहा है।

मंगलवार को स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने कार्यक्रम स्थल पर चल रहे तैयारी का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 22 नवंबर को झारखंड विधानसभा के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन बेहद खास होने वाला है। इस मौके पर सभी वर्तमान एवं पूर्व विधायक चाहे वो बिहार के समय के ही क्यों ना हो, उन सभी को आमंत्रित किया जा रहा है और उन्हें सम्मानित किया जायेगा।

**हास्य कवि दिनेश बावरा और कुमार राठौर सांस्कृतिक कार्यक्रम के होंगे आकर्षण**

रजत जयंती के मौके पर जहां विधानसभा परिसर दुल्हन की तरह सजा दिखेगा, वहीं इस मौके पर होने वाले समारोह को दो सत्रों में बांटा गया है। पहला सत्र सम्मान का सत्र होगा। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में राज्य का नाम रोशन करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही शहीदों के आश्रितों को भी आदर और सम्मान के साथ मंच पर बुलाया जाएगा। क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल और तीरंदाजी में नवंबर 2023 से अब तक मेडल जीतने वाले और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

**राज्यपाल के हाथों दिया जाएगा 'उत्कृष्ट विधायक' सम्मान**

इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के हाथों 'उत्कृष्ट विधायक' का सम्मान दिया जायेगा, जबकि मुख्यमंत्री के हाथों से विधानसभा के उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मानित करेंगे। इसके लिए विशेष चयन समिति का गठन भी कर दिया गया है। वहीं दूसरा सत्र रंगारंग सांस्कृतिक संध्या के रुप में होगा। कार्यक्रम के दिन शाम होते ही विधानसभा प्रांगण संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम से रोशन हो उठेगा। इस मौके पर बॉलीवुड के मशहूर गायक रूप कुमार राठौर स्टेज पर परफॉर्म करेंगे। साथ ही हास्य कवि दिनेश बावरा अपने अंदाज से दर्शकों को मनोरंजन करेंगे।

# झारखंड में उत्तर-पूर्वी हवा की एंट्री, अगले कुछ दिनों तक ठिठुरन से मिलेगी राहत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** ठंड से परेशान झारखंड वासियों के लिए राहत भरी खबर है। उत्तर से आ रही उत्तरी-पश्चिमी हवा का रुख बदल गया है। अब उत्तरी-पूर्वी हवा की इंट्री हो गई है। इससे तापमान में बदलाव आने की संभावना है। 18 नवंबर से न्यूनतम पारा में इजाफा होगा। इससे ठंड से राहत मिलेगी। अगले कुछ दिनों तक सिर्फ सुबह और शाम के बाद ठंड का एहसास होगा। दिन के वक्त अधिकतम पारा चढ़ने से ठिठुरन महसूस नहीं होगी। सर्द हवा में नरमी आएगी। फिलहाल रांची के नामकुम में न्यूनतम तापमान 8।2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है।

**कुछ दिनों तक ठिठुरन से मिलेगी राहत**

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक 20 नवंबर तक अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही 22 नवंबर तक मौसम में कोई खास बदलाव नहीं होगा। सुबह के वक्त कोहरा और धुंध रहेगा। इसके बाद आसमान साफ रहेगा।

**गुमला में सबसे अधिक ठंड**

वहीं पिछले 24 घंटे में गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा में शीतलहर से जनजीवन प्रभावित हुआ है। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा ठंड गुमला में पड़ी है। यहां न्यूनतम तापमान 7।8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। हालांकि एक दिन पहले गुमला का न्यूनतम पारा 6।6 डिग्री सेल्सियस था।

**पिछले 24 घंटों में तापमान का हाल**

पिछले 24 घंटों में गुमला के अलावा चार जिले ऐसे रहे जहां का न्यूनतम पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। इनमें लातेहार का पारा 9 डिग्री, खूंटी का 9।4 डिग्री, डाल्टनगंज का 9।5 और लोहरदगा का 9।6 डिग्री सेल्सियस रहा है। इस दौरान रांची का न्यूनतम पारा 11।3 , बोकारो का 12।6, जमशेदपुर का 13 और धनबाद का 15 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा है।

इससे साफ है कि न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। पिछले 24 घंटों में राज्य के पश्चिमी और मध्य भागों में कहीं-कहीं शीतलहर की स्थिति देखने को मिली है। अधिकतम तापमान की बात करें तो राज्य के ज्यादातर जिलों का अधिकतम पारा 25 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड हुआ है।

# खामडीह गौशाला पहुंचीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिमला कुमारी, सीमित संसाधनों में चल रहे सेवा-कार्य की सराहना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं बीस सूत्री उपाध्यक्ष बिमला कुमारी ने सतबरवा प्रखंड के खामडीह गांव का दौरा कर वहां स्थित स्थानीय गौशाला की स्थिति का जायज़ा लिया। इस गौशाला का संचालन शिवेंदु शेखर वर्मा अपनी चार बहनों के साथ अत्यंत सीमित संसाधनों में पूरी निस्वार्थ भावना से कर रहे हैं। बिमला कुमारी इससे पूर्व भी इस गौशाला का निरीक्षण कर चुकी हैं और आज उन्होंने पुनः पहुंचकर वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने पाया कि गौशाला पूरी तरह निजी प्रयासों पर टिकी है और परिवार अपनी सामर्थ्य से कहीं अधिक दायित्व उठा रहा है। उन्होंने परिवार के इस समर्पण को मानवता और संवेदना का जीवंत उदाहरण बताया। निरीक्षण के दौरान बिमला कुमारी ने गायों के लिए कंबल वितरित किया तथा जल्द ही चारे की समुचित व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गौ-सेवा केवल धार्मिक भावना नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। इस परिवार ने जिस निष्ठा से यह कार्य संभाला है, वह प्रशंसनीय ही नहीं, प्रेरणादायक भी है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की नैतिक जिम्मेदारी है कि ऐसे प्रयासों को हर संभव सहयोग दिया जाए।उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से बात कर उनकी जरूरतों को सुना और कहा कि क्षेत्र की वास्तविक समस्याओं का समाधान जमीनी परिस्थितियों को समझने से ही संभव है। जनसेवा और जनसंपर्क मेरे दायित्व का मूल है, इसलिए मैं निरंतर गांव-गांव जाकर परिस्थितियों का प्रत्यक्ष आकलन करती हूं। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता गोपाल सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह, सुनीता श्रीवास्तव, शिवेंदु शेखर वर्मा, प्रियंका श्रीवास्तव, प्रीति रंजना श्रीवास्तव, शशि बाला, शैलबाला श्रीवास्तव तथा कई स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मदाड़ नदी पर बने तीखे मोड़ होने से कभी भी हो सकती है दुर्घटना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले में सड़क दुर्घटना एक विशाल समस्या बन गई है। यहां सड़क दुर्घटना में लोग अपनी जान से हाथ गंवा दे रहे हैं। दुर्घटना के पीछे कई कारण हैं, जिसमें एक प्रमुख कारण सड़कों पर बने तीखा मोड़ एवं स्पीड ब्रेकर है। यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती है। कई तीखे मोड़ तो ऐसे हैं जिनका अपना अलग इतिहास है और वे लोगों के बीच डेंजर जोन के नाम से जाने जाते हैं। शहरी सड़क पर गौर करने के बाद ग्रामीण सड़कों का हाल देखें तो तीखा मोड़ के साथ-साथ स्पीड ब्रेकर भी समस्या बन सामने खड़ी है। अक्सर स्पीड ब्रेकर के कारण इन ग्रामीण सड़कों पर दुर्घटनाएं होती है। लोग अपनी सुविधा अनुसार सड़क निर्माण संवेदक पर दबाव डालकर अपने घर के इर्द-गिद स्पीड ब्रेकर बना लेते हैं। नतीजा होता है कि दो पहिया सवार तो इन स्पीड ब्रेकर का निशाना बन ही जाता है। बता दें कि जिले में ऐसे तीखे मोड़ हैं जहां अक्सर दुर्घटनाएं घट जा रही हैं। बेरी से चेई नवादा जाने वाली पथ में प्राणपुर गांव के समीप मदाड़ नदी पर ऐसे तीखे मोड़ हैं जो अक्सर हादसे को निमंत्रण देते हैं और वहां हादसा होने की संभावना बनी है। इसके आगे एक पुल है। पुल के पास रात्रि में अंधेरा पसरा रहता है। रात्रि के अंधेरे में दोपहिया व चार पहिया वाहन चालक को काफी परेशानी होती है। रात्रि के अंधेरे में वाहन पलटकर नदी में गिर जाए कहा नहीं जा सकता है। बता दें कि पुल का निर्माण वर्षों पहले सिचाई विभाग द्वारा कराया गया था। पुल पर रेलिग का भी निर्माण कराया गया था जो अब टूट गया है। रेलिग के टूटने से भी राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। चेई नवादा गांव के रुपेश सिंह, शनी कुमार, पंकज सिंह ने बताया कि पुल पर रेलिग कराने की आवश्यकता है। बच्चे इसी पथ से मदनपुर स्कूल पढ़ने जाते हैं। बच्चों को पुल में गिरने का खतरा बना रहता है।

# बंगाली समाज के प्रति समर्पण का पर्याय थे साधन जी: हृदयानंद मिश्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, झारखंड आंदोलनकारी एवं सदस्य, हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड झारखंड सरकार हृदयानंद मिश्र ने प्रभास दास गुप्ता उर्फ साधन जी की पुण्यतिथि पर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि साधन जी मानव सेवा एवं बंगाली समाज के उत्थान के लिए आजीवन अविवाहित रहकर अपने जीवन को समर्पित कर दिया था जो पलामू जिला के इतिहास में एक अमिट हस्ताक्षर है। श्री मिश्र ने बताया कि पलामू जिला मुख्यालय में विभिन्न क्षेत्रों ( विशेषकर हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र) से डालटनगंज मुख्यालय में आए रोगियों की सेवा में संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। कई दिनों तक तो वह रात में अपने घर भी नहीं आते थे और अस्पताल में ही निस्वार्थ भाव से जब तक रोगी ठीक ना हो जाए तब तक उसके साथ मुस्तैदी से तैनात रहते थे। श्री मिश्र ने यह भी कहा कि पलामू जिला बंगाली समाज के उत्थान में भी साधन जी की अविस्मरणीय भूमिका को कभी भी नहीं भूलाया जा सकता है। श्री मिश्र ने समाजसेवी लोगों से अपील की है कि साधन जी की तरह निःस्वार्थ सेवा को अपनाकर ही आप सभी सदैव जीवंत बने रहेंगे।

# सोने की चैन चुराने वाले व्यक्ति को भेजा जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू )।** शहर थाना पुलिस, ने गुप्त सूचना के आधार पर सोने के चैन चुराने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि एक व्यक्ति द्वारा सहर थाना में चैन चोरी होने का प्राथमिकी दर्ज कराया गया था, जिसपे तुरन्त कार्रवाई करते हुए सहर थाना पुलिस चोर की खोज बिन करने में जुट गई। गुप्त सूचना के आधार पर, सहर के ही जेलहाता निवासी, शिव कुमार यादव के, पुत्र, कुलदीप यादव को सोने के चैन के साथ गिरफ्तार किया गया और पूछताछ के बाद मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# फरार अभियुक्त अवैध हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना पुलिस ने एक बार फिर अपराध नियंत्रण की दिशा में प्रभावी कदम बढ़ाते हुए कांड संख्या 463/25 के फरार चल रहे वांछित अभियुक्त पृथ्वी राज यादव को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना पर थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम द्वारा की गई। सदर एसडीपीओ 2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर ग्राम रामडीहा में बालू के ढेर के पास झाड़ियों में छुपाकर रखा गया एक पॉलीथिन मिला। तलाशी के दौरान टीम ने एक लोहे का देशी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया। हथियारों को पुलिस ने मौके पर ही जब्त कर लिया। थाना अभिलेखों के अनुसार अभियुक्त पर नूरसराय थाना में कुल आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह थाना क्षेत्र के टॉप टेन अपराधियों में सूचीबद्ध है। बरामदगी के आधार पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर अग्रेतर कार्रवाई कर रही है। छापामारी टीम में थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार, पु.अ.नि. रमेश पासवान, मनोज कुमार पंडित शामिल थे।

# लातेहार में तीन छात्राओं पर अंधविश्वास का शिकंजा डायन-बिसाही के आरोप में विद्यालय ने किया बाहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लातेहार।** राज्य में अंधविश्वास के विरुद्ध चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों के बावजूद ऐसे मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा घटना लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड के एक आवासीय विद्यालय की है, जहां तीन छात्राओं को डायन-बिसाही का आरोप लगाकर स्कूल से निष्कासित कर दिया गया। अब यह मामला प्रशासन और बाल संरक्षण तंत्र की जांच के दायरे में है। जानकारी के अनुसार विद्यालय प्रबंधन का आरोप है कि तीन छात्राएं रात में "डायन-बिसाही" जैसी हरकतें करती हैं, जिससे अन्य छात्र-छात्राएं और शिक्षक भयभीत हो रहे हैं। इसी आधार पर प्राचार्य ने बच्चियों के अभिभावकों को बुलाकर उन्हें घर भेज दिया और विद्यालय में प्रवेश वर्जित कर दिया। करीब आठ दिनों तक बच्चियां घर पर रहीं। इसके बाद जब परिजन उन्हें दोबारा स्कूल छोड़ने पहुंचे तो विद्यालय ने इन्हें वापस लेने से साफ इंकार कर दिया। शिक्षकों ने कहा कि बच्चियों का दाखिला किसी अन्य विद्यालय में करा दें। लगातार अनुरोध के बावजूद स्कूल प्रबंधन नहीं माना, जिसके बाद परिजनों ने मामले की शिकायत बाल संरक्षण संगठन से कर दी। शिकायत पर बाल संरक्षण से जुड़ी सामाजिक कार्यकर्ता रूबी कुमारी विद्यालय पहुंचीं और पूरे प्रकरण की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ है। सामाजिक कार्यकर्ता अवधेश मेहरा ने कहा, "बच्चों पर इस तरह का आरोप न केवल अनुचित है, बल्कि कानूनन भी गलत है। प्रशासन को त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए।" इधर, लातेहार बाल कल्याण समिति ने इस घटना पर संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। समेकित आदिवासी विकास अभिकरण ने भी मामले की रिपोर्ट तलब की है। घटना ने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ चल रहे अभियानों के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता का स्तर अभी भी कितना कमजोर है।

# पैक्स प्रबंधक पद पर होगी बहाली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज, नवादा।** प्रखंड के मसौढ़ा पैक्स में पैक्स प्रबंधक पद की बहाली होना है। पैक्स अध्यक्ष सिधेश्वर यादव ने कहा इस पद की बहाली के लिए इच्छुक उम्मीदवार आगामी 25 नवम्बर 2025 तक पैक्स अध्यक्ष के यहां आवेदन जमा करेंगे। उसके बाद मेघा सूची के आधार पर 27 नवम्बर 2025 को पैक्स प्रबंधक को बहाली की जाएगी। इनमें किसी तरह का वेतनमान नहीं है। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता बीए, बीएससी, बीकॉम होना चाहिये। इसके अलावा कम्प्यूटर ज्ञान के साथ टेली का अनुभव आवश्यक है। सभी जाति वर्ग के महिला/पुरुष उम्मीदवार होंगे,आयुसीमा 18 से 35 वर्ष तक होना है। आवेदक स्वलिखित आवेदन पत्र के साथ में जाति,आय, आवासीय,आधार कार्ड, पैन कार्ड के अलावा दो पासपोर्ट साइज का फ़ोटो संलग्न करेंगे।

# नशीले पदार्थों के उपयोग के विरुद्ध दिलाई गई शपथ

**युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति हैं, इसलिए नशे से दूर रहकर देश के विकास में योगदान दें।**

**सभी से अपील—न केवल समाज और परिवार, बल्कि हम स्वयं भी नशामुक्त रहेंगे, क्योंकि बदलाव की शुरुआत खुद से होती है।**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** प्रभारी जिलाधिकारी दीपक मिश्रा द्वारा जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर नशीले पदार्थों के उपयोग के विरुद्ध शपथ दिलाया गया। युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं जिनका समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए, यह अत्यन्त महत्वपूर्ण हो जाता है कि अधिक से अधिक युवा नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़े। देश के सामने नशा इस चुनौती को स्वीकार करते हुए आइए हम सब 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत एकजुट होकर संकल्प लेते है कि न केवल हम समाज, परिवार, मित्र बल्कि हम स्वयं भी 'नशामुक्त रहेंगे', क्योंकि बदलाव की शुरुआत खुद से होती है। इस दौरान प्रभारी जिलाधिकारी के कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि आम नागरिक भी इस अभियान में ऑनलाइन के माध्यम से नशा मुक्ति से संबंधित शपथ ग्रहण कर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते है और क्यू आर कोड स्कैन कर सीधे ऑनलाइन शपथ ले सकते हैं। उन्होंने जिले वासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन ऑफलाइन शपथ ग्रहण कर नशा मुक्त समाज के निर्माण में योगदान दें। जिलाधिकारी श्री मिश्रा ने कहा कि नशा न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार, समाज और देश की प्रगति में भी बाधा उत्पन्न करता है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे नशे के किसी भी रूप से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में नशा-उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जनभागीदारी के माध्यम से स्वस्थ और सुरक्षित भारत के निर्माण को सुदृढ़ करना था। जिलाधिकारी द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाकर नशा मुक्ति भारत को सफल बनाने हेतु आवाह्न किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मियों, शिक्षकों, एवं आम नागरिकों ने नशा-मुक्त समाज के निर्माण हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, बिहारशरीफ, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, डीपीओ आइसीडीएस, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, आइटी मैनेजर, अधीक्षक मद्य निषेध सहित संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी आदि उपस्थित थे।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं.: एएसएन/एमएसएस/28/11** **दिनांक:** 13.11.2025 वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण इस प्रकार है: **कैटलॉग सं.: एएसएन-एमएसएस-28-11, नीलामी शुरू होने की तिथि और समय :** 28.11.2025, 12.00 बजे। **क्रम सं.:** एए/1, **लॉट सं.: एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एसटीजीईएन-109-25-3** (एमआईएससी-स्टैटिक-सेवाएँ-स्टैटिक जनरल), **विवरण:** दुर्गापुर स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में ऐप आधारित कैब/बाइक बुकिंग कियोस्क की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **क्रम सं.:** एए/2, **लॉट सं.: एमएसएस-एएसएन-एएसएन-एसटीजीईएन-108-25-2** (एमआईएससी-स्टैटिक-सेवाएँ-स्टैटिक जनरल), **विवरण:** आसनसोल स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में ऐप आधारित कैब/बाइक बुकिंग कियोस्क की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को दी गई सूची के अनुसार उक्त ई-नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-246/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल पिन-713301 द्वारा आसनसोल मंडल के तहत देवघर स्टेशन में मोबाइल फूड वैन/ट्रक और दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के प्रावधान के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है:

**(क) नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन-एमएसएस-एसटीजीईएन10, क्रम सं.:** एए/1, **लॉट सं./कैटेगरी: एमएसएस-एएसएन-डीजीएचआर-एसटीजीईएन-110-25-1, ई-नीलामी की तिथि और समय:** दिनांक 01.12.2025 को 12.30 बजे। **कार्य का विवरण:** देवघर (डीजीएचआर) रेलवे स्टेशन में सबवे मार्ग के पास और उद्यान के निकट सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित 180 वर्गफीट माप में निर्दिष्ट क्षेत्र में एक मोबाइल फूड वैन/ट्रक का परिचालन एवं रखरखाव (संलग्न स्केच प्लान में दर्शित अनुसार)।

**(ख) नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन-डब्ल्यूवीएम-25-15, क्रम सं.:** एए/1, **लॉट सं./कैटेगरी: एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-डब्ल्यूवीएम-48-25-2, ई-नीलामी की तिथि और समय:** 02.12.2025 को 12.30 बजे। **कार्य का विवरण:** 05 वर्ष की अवधि के लिए दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय/आरक्षण कार्यालय के सामने दक्षिणी भाग के सर्कुलेटिंग एरिया में स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के संस्थापन एवं परिचालन के लिए लाइसेंस प्रदान करना।

ASN-247/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/66, दिनांक:** 17.11.2025, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: **(1) 10251918;** सपोर्टिंग लैबिरिंथ रिंग का सेट; रु.6,80,580/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 05.12.2025 को** 13.30 **बजे, (2) 15255101;** रोटरी स्क्रू विद्युत चालित एयर कम्प्रेसर 500 सीएफएम आदि की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ करना; रु.1,39,620/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 10.12.2025 को** 13.30 **बजे, (3) 20251099;** भेल ईएमयू के मेन कम्प्रेसर के लिए इंटर/आफ्टर कूलर; रु.1,26,220/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 18.12.2025 को** 13.30 **बजे, (4) 15245098ए;** डीजल जेनरेटर सेट 400 केवीए; रु.1,30,000/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 10.12.2025 को** 13.30 **बजे, (5) 20251031ए;** ईपी मैग्नेट वाल्व असेंबली; रु.1,69,580/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 08.12.2025 को** 13.30 **बजे, (6) 11251007ए;** लोअर स्प्रिंग बीम आदि का क्रय; रु.4,08,580/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 03.12.2025 को** 13.30 **बजे,(7) 21251356ए;** बीओएक्सएनएचएल वैगन आदि के लिए बोगी सेंटर पिवॉट बॉटम असेंबली; रु.2,66,400/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 10.12.2025 को** 13.30 **बजे, (8) 15255034ए;** ई-70 ब्रेकिंग सिस्टम के कम्पोनेंट के लिए परीक्षण सुविधाओं की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ करना; रु. 4,09,400/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 03.12.2025 को** 13.30 **बजे, (9) 11251642ए;** 4.5वी केडब्ल्यू अंडरस्लंग टाइप कॉन्सटैंट वोल्टेज रेगुलेटेड कम इमर्जेंसी बैटरी चार्जर आदि; रु.17,07,000/- **निविदा खुलने की तिथि और समय: 08.12.2025 को** 13.30 **बजे, (10) 11252617बी;** स्फेरोइलास्टिक रबर बेयरिंग; रु.2,70,310/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 02.12.2025 को** 13.30 **बजे, (11) 20251036ए;** एससीएचएकेसी के लिए ड्रॉ एवं बफ गियर; रु.2,79,620/-. **(12) 20251133ए;** एसी ईएमयू मोटर कोच के लिए सॉलिड गियर व्हील 91 टीथ; रु.1,43,020/-. **(13) 20251730;** साइज-870 मिमी X 2925 मिमी X 6 मिमी का सिंगल पीस लुकआउट ग्लास; रु.1,28,970/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 08.12.2025 को** 13.30 **बजे** (क्रम सं. 11 से 13 हेतु), **(14) 22255805;** हाइड्रोफिलिक ऐक्रेलिक इंट्रा ऑक्यूलर लेंस, सिंगल पीस, $360^0$ पश्च वर्गाकार किनारा डिज़ाइन के साथ फ़ोल्डेबल, एस्फेरिक, बायोकॉन्वेक्स ऑप्टिक्स, दो हेप्टिक क्लोज्ड लूप डिज़ाइन, यूएसएफडीए अनुमोदित/सीई/बीआईएस होना चाहिए, ऑप्टिक आकार: 6 मिमी, +/- 10%, कुल व्यास 12.50 मिमी-13 मिमी होना चाहिए, कम से कम +10 से +30डी स्फेरिकल समतुल्य की पावर रेंज होनी चाहिए, यूवी अब्जॉर्बर टेक्नोलॉजी, ऑपरेशन के बाद स्पेक्टेकल फ्री डिस्टेंस और इंटरमीडिएट विज़न प्रदान करनी चाहिए, पूरी तरह से प्रीलोडेड इंजेक्टर सिस्टम के साथ आपूर्ति की जानी चाहिए। [एआई(2025-26), आइटम कोड संख्या एस-55108, क्रम संख्या 379]; रु.1,13,190/-, **(15) 20251872;** बोगी माउंटेड ब्रेक सिलिंडर संपूर्ण; रु.1,28,890/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 15.12.2025 को** 13.30 **बजे** (क्रम सं. 14 एवं 15 हेतु), **(16) 04255019;** अनेक्सर-ए के अनुसार हाइड्रॉलिक, न्यूमैटिक एवं इंजन होज का सेट (एक सेट में 80 आइटम शामिल); रु.4,58,800/-, **(17) 04255024;** अनेक्सर-ए के अनुसार इलेक्ट्रिकल आइटमों का सेट (एक सेट में 101 आइटम शामिल); रु.9,52,100/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 10.12.2025 को** 13.30 **बजे** (क्रम सं. 16 एवं 17 हेतु), **(18) 01251005ए;** 25 एनबी हेवी ड्यूटी सीमलेस पाइप ब्लैक, लंबाई 6 मी. आदि...; रु.1,78,000/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 04.12.2025 को** 13.30 **बजे, (19) 11252694;** एयर स्प्रिंग असेंबली कैपासिटी 160 केएन; रु.5,12,420/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 09.12.2025 को** 13.30 **बजे, (20) 21245004सी;** बी.जी. बीवीसीएम वैगन आदि के लिए फ्रिक्शन डैंपिंग अरेंजमेंट के साथ कैसनब-25एचएस कास्ट स्टील बोगियों का क्रय; रु.8,12,030/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 05.12.2025 को** 13.30 **बजे, (21) 08251052ए;** 30 लीटर क्षमता के वाटर बॉयलर का क्रय; रु.1,88,080/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: : 08.12.2025 को** 13.30 **बजे, (22) 22255682;** इंज. रैनिबिजुमैब 1.65 एमजी/0.165 एमएल पीएफएस; रु.0/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 02.12.2025 को** 13.30 **बजे, निविदा मूल्य :** रु.0 (क्रम सं. 1 से 22 प्रत्येक हेतु)। **टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

STORES-50/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# कांग्रेस ने 43 नेताओं को थमाया नोटिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस की अंदरूनी कलह अब खुलकर सतह पर आने लगी है। पार्टी ने अपने वफादार 43 नेताओं को नोटिस थमा दिया है। कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व ने नोटिस वाले नेताओं पर कई आरोप लगाते हुए 21 नवंबर तक जवाब देने की मोहलत दी है। पार्टी के इस फैसले ने प्रदेश कांग्रेस में असंतोष की आग को और भड़का दिया है। कांग्रेस ने अपने आदेश में कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान पार्टी-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने के कारण कांग्रेस पार्टी अनुशासन समिति ने नेताओं को कारण-पत्र (शोकॉज नोटिस) जारी किया है।

चुनावी अवधि में इन व्यक्तियों द्वारा मीडिया सहित अन्य सार्वजनिक मंचों पर पार्टी की आधिकारिक लाइन से हटकर बयान दिए गए थे, जिससे पार्टी की छवि, प्रतिष्ठा तथा चुनावी प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव के अनुसार संबंधित सभी व्यक्तियों को निर्देशित किया गया है कि वे 21 नवंबर की दोपहर 12 बजे तक अपना लिखित स्पष्टीकरण समिति के समक्ष प्रस्तुत करें। दरअसल, कांग्रेस में चुनाव के दौरान ही टिकट बंटवारे में मनमानी, नेतृत्व की बंद कमरे की रणनीति और स्थानीय नेताओं की अनदेखी को लेकर विरोध शुरू हो गया था।

## पार्टी में भड़की असंतोष की आग

नाराज नेताओं ने न सिर्फ चुनाव संचालन पर सवाल उठाए, बल्कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और प्रभारी कृष्णा अल्लावारू की कार्यशैली को भी हार का प्रमुख कारण बताया।

इस विरोध की आवाज दबाने के बजाय पार्टी ने जिस तरह नोटिस जारी कर 21 नवंबर तक जवाब तलब किया है। जिसे लेकर नाराज नेता और आक्रामक हो गए हैं। संसाधनों की कमी और कमजोर नेतृत्व को लेकर आवाज उठाने वाले नेताओं का कहना है कि कांग्रेस नेतृत्व आलोचना सुनने के बजाय उसे खामोश करना चाहता है।

# गुरपा पर्वत विदेशी पर्यटकों से हो रहा गुलजार

☐ भगवान बुद्ध ने अंतिम समय यहां की गुफा में लगायी थी समाधि ☐ 'बुद्धं शरणं गच्छामि, धम्मं शरणं गच्छामि' से गूंज रही वादियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** बिहार के गया जिले में स्थित प्राचीन गुरपा पर्वत, जिसे ऐतिहासिक रूप से कुक्कुट पद गिरी के नाम से जाना जाता है, इन दिनों विदेशी पर्यटकों की आमद से एक बार फिर रौनक से भर उठा है। जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर और झारखंड सीमा के नजदीक स्थित यह पर्वत हिंदू और बौद्ध, दोनों धर्मों के श्रद्धालुओं के लिए समान रूप से आस्था का प्रमुख केंद्र है। मान्यता है कि यहीं भगवान बुद्ध के अंतिम शिष्य महाकश्यप ने गुफा में समाधि लगाई थी और यहीं उन्हें निर्वाण प्राप्त हुआ।

धार्मिक इतिहास और प्राकृतिक सुंदरता का अद्भुत संगम होने के कारण गुरपा पर्वत वर्षों से देशी-विदेशी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहा है। पहाड़ की तलहटी में स्थित गुरु पद मंदिर, जहां भगवान विष्णु के चरण चिह्न होने की मान्यता है, हिंदू श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित करता है।

वहीं महाकश्यप गुफा, तपस्थली और बौद्ध परंपराओं से जुड़े प्राचीन अवशेष बौद्ध समुदाय के लिए अत्यंत पवित्र माने जाते हैं। पर्यटन सीजन शुरू होते ही बोधगया आने वाले विदेशी बौद्ध श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में गुरपा की ओर रुख करना शुरू कर दिया है। कई देशों से आए भिक्षु पहाड़ की चोटी पर घंटों तक ध्यान-साधना में लीन दिखते हैं। उनके मुख से गूंजते 'बुद्धं शरणं गच्छामि, धम्मं शरणं गच्छामि' जैसे पवित्र मंत्र पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना देते हैं और पर्वत की सहस्त्राब्दियों पुरानी तपोभूमि को पुनः जीवंत कर देते हैं। प्रकृति के बीच स्थित कुक्कुट पद गिरी से सूर्योदय और सूर्यास्त का दृश्य इतना मोहक होता है कि यहां पहुंचने वाला हर पर्यटक इसकी सुंदरता से मंत्रमुग्ध हो जाता है। यही कारण है कि नवंबर से फरवरी तक पर्यटकों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है।

हालांकि बढ़ती लोकप्रियता के बीच गुरपा आने वाले पर्यटकों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। गुरपा रेलवे स्टेशन से पर्वत तक का रास्ता घने जंगलों और ऊबड़-खाबड़ पगडंडियों से होकर गुजरता है।

विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ने के बावजूद सुरक्षा, सड़क, संकेतक बोर्ड, विश्राम स्थल, शौचालय और प्राथमिक चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास अब तक नहीं हो पाया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर सरकार यहां रोड, लाइटिंग, सुरक्षा व्यवस्था और पर्यटन सुविधाओं का विकास करे, तो गुरपा पर्वत अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और भी मजबूती से पहचान बना सकता है। बिहार के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह स्थान स्वर्ण अवसर सरीखा साबित हो सकता है।

# अब सौर ऊर्जा से जगमग होंगे गांव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और उपभोक्ताओं को बिजली बिल के बढ़ते बोझ से राहत दिलाने के उद्देश्य से बिजली विभाग प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को जमीनी स्तर पर तेजी से लागू करने में जुट गया है।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यह योजना न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक मजबूती देगी, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

कनीय विद्युत अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना आम उपभोक्ताओं को अपनी छत पर सोलर पैनल लगाने हेतु प्रोत्साहित करती है। इसके लिए इच्छुक लोग आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक बिजली पर निर्भरता कम करके नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाना है। उन्होंने बताया कि सोलर पैनल पूरी तरह पर्यावरण अनुकूल होते हैं और इनके उपयोग से कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी आती है। यह खासकर उन परिवारों के लिए बेहद फायदेमंद है जिनकी बिजली खपत ज्यादा होती है।

सहायक विद्युत अभियंता संजय कुमार ने जानकारी दी कि यदि कोई उपभोक्ता तीन किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगवाता है, तो उसे प्रतिमाह करीब 300 यूनिट बिजली का लाभ मिल सकता है। इससे उपभोक्ता सालभर में लगभग 15 हजार रुपये की बचत कर सकता है। जिन परिवारों का मासिक बिल 1600 से 2000 रुपये के बीच आता है, उनके लिए यह योजना बेहद लाभकारी सिद्ध होगी। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस योजना का लाभ उठाएं।

# अनियंत्रित कंटेनर रेलिंग तोड़ नदी में गिरा, दोनों चालक सुरक्षित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** जिले के करजा थाना क्षेत्र में अहले सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब तेज रफ्तार कंटेनर वैन एनएच-722 पर स्थित करजा पुल की रेलिंग तोड़ते हुए कदाने नदी में जा गिरी। हादसे के तुरंत बाद इलाके में अफरातफरी की स्थिति बन गई। कंटेनर में मौजूद दोनों चालक स्थानीय ग्रामीणों की मदद से शिशा तोड़कर बाहर निकाले गए। हालांकि उन्हें हल्की चोटें आई हैं, लेकिन बड़ी जनहानि होने से टल गई।

घटना करजा थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर-छपरा मुख्य सड़क मार्ग पर हुई, जहां एक खाली कंटेनर वैन मुजफ्फरपुर की ओर लौट रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सामने से आ रहा एक अनियंत्रित ट्रैक्टर अचानक मुड़ा, जिससे कंटेनर चालक ने स्टीयरिंग पर नियंत्रण खो दिया। इसी दौरान कंटेनर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए सीधे नदी में गिर गया।हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और किसी तरह दोनों चालकों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई और कई मिनटों तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।

करजा थाना प्रभारी रामकृष्ण परम हंस ने बताया कि कंटेनर मुजफ्फरपुर शहर के रेवा रोड में दूध उतारकर लौट रहा था। इसी बीच करजा पुल के पास ट्रैक्टर के अचानक मुड़ने से कंटेनर अनियंत्रित हो गया और नदी में जा गिरा। उन्होंने पुष्टि की कि चालक सुरक्षित हैं और पुलिस टीम कंटेनर को क्रेन की मदद से बाहर निकालने की कवायद में जुटी है।घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि यदि समय रहते चालक बाहर नहीं निकलते, तो हादसा बड़ा रूप ले सकता था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर को बाहर निकालने का प्रयास जारी है।

## वांछित अभियुक्त चढ़ा एसटीएफ के हत्थे

**मुजफ्फरपुर।** बिहार एसटीएफ की विशेष टीम और साहेबगंज थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर विसंभरापुर इलाके से शातिर कुंदन को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि वह छोटू राणा गिरोह से जुड़ा है। उस पर पूर्व से कई आपराधिक मामले में संलिप्तता होने के बाद उसे पकड़ा गया है।

उसकी गिरफ्तारी के बाद एनआईए की टीम भी उससे पूछताछ कर रही है। साहेबगंज थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने कुंदन की गिरफ्तारी की जानकारी दी। कहा कि एसटीएफ की टीम उसे ले गई है। एनआईए के मामले में वह शामिल रहा है।

पुलिस का कहना है कि छोटू राणा गिरोह से जुड़े शातिरों पर दर्जनों लूटपाट, रंगदारी, फायरिंग, हत्या, डकैती आदि गंभीर मामले दर्ज है। कुंदन के पूछताछ में इलाके में सक्रिय और कई बदमाशों के नाम व ठिकाने का पता चला है।

निशानदेही पर एसटीएफ की विशेष टीम सोमवार को जिले के कई जगहों पर छापेमारी की। हालांकि देर रात तक चली कार्रवाई में और कोई पकड़ा नहीं गया। इस दौरान पुलिस ने कुंदन के पिता से भी पूछताछ की।

# ट्रक ने बालू लदे ट्रक को मारी ठोकर, चालक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर-पटना मुख्य मार्ग एनएच-922 पर मंगलवार की अल सुबह एक भयावह सड़क हादसे ने सभी को दहला दिया। औद्योगिक थाना क्षेत्र के कथकौली लड़ाई मैदान गेट के पास सुबह करीबे हुए इस हादसे में एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि खलासी गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और हादसा स्थल पर कुछ देर के लिए आवागमन भी बाधित रहा। औद्योगिक थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पटना की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने आगे चल रहे बालू से लदे ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि पीछे वाले ट्रक का केबिन पूरी तरह से मलबे में बदल गया। ट्रक का आगे का हिस्सा धंसकर अंदर समा गया, जिससे चालक और खलासी दोनों केबिन में बुरी तरह फंस गए। बचाव कार्य बेहद कठिन था, क्योंकि लोहे की चादरें मुड़कर अंदर तक आ गई थीं।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आसपास मौजूद लोगों की मदद से बचाव कार्य शुरू किया। केबिन को गैस कटर से काटकर दोनों को बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में सदर अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने चालक को मृत घोषित कर दिया, जबकि खलासी को तुरंत उपचार के लिए भर्ती कर लिया गया। खलासी की हालत अभी भी नाजुक बताई जा रही है।

मृत चालक की पहचान मध्यप्रदेश निवासी जगदीश भेल, पिता छावा लाल भेल, के रूप में हुई है। दुर्घटना की सूचना पर उनके परिजनों को भी अवगत करा दिया गया है। पुलिस का कहना है कि घटना का प्राथमिक कारण तेज रफ्तार और अनुमान में गलती प्रतीत होता है। रात के समय कम दृश्यता भी दुर्घटना की एक वजह हो सकती है।

# जल्द की जायेगी पाइप लाइन से गैस की आपूर्ति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** जिले में पाइप लाइन के माध्यम से शीघ्र ही गैस की आपूर्ति शुरू की जाएगी। गैस पाइप लाइन योजना का विस्तार जिले के ग्रामीण क्षेत्रों तक किया जाएगा । गैस पाइप लाइन योजना के कार्यों में तेजी लाने तथा इससे संबंधित सभी औपचारिकताओंको पूरा करने के लिए भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन के अधिकारियों को निर्देशित किए गए हैं तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सांसद डा. गोपालजी ठाकुर ने जिले में गैस पाइप लाइन योजना से संबंधित कार्यों की समीक्षा के लिए बीपीसीएल के अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद उपरोक्त बातें कही।

सांसद ने बलभद्रपुर स्थित संसदीय कार्यालय कक्ष में लगभग 32 से करोड़ रुपये से अधिक की लागत से गैस पाइप लाइन योजना कार्य की तीव्र गति से पूरा करने तथा कार्यों में तेजी लाने के लिए भारत पेट्रोलियम के अधिकारियों, अभियंताओं तथा प्रतिनिधियों को हिदायत देते हुए कहा कि 15 मार्च 2022 को ही पीएनजीआरबी से बीपीएसीएल को दरभंगा मधुबनी सीतामढ़ी सुपौल तथा शिवहर जिले में सिटी गैस वितरण नेटवर्क बिछाने की अनुमति मिली थी जो अब तक पूरा नहीं किया गया है तथा यदि इस कार्य में तेजी नहीं लाई गई तो एजेंसी पर करवाई के लिए मंत्रालय को लिखा जाएगा।बैठक में सांसद डा. ठाकुर को बीपीसीएल के अधिकारियों ने बताया कि गैस की आपूर्ति के लिए गेल की बरौनी-गुवाहाटी पाइपलाइन के एसभी-01, बेगूसराय से टैप-आफ लिया गया है। वहां से दरभंगा बहेड़ी तक 74 किमी अतिरिक्त स्टील पाइपलाइन बिछाई जा रही है। जिसका 90 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है तथा अब तक 120 किमी स्टील पाइपलाइन और1200 किमी एमडीपीई पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है।

बीपीसीएल ने दरभंगा जिले में तीन सीएनजी पंपों का उद्घाटन कर बिक्री शुरू कर दी है। 10 नए सीएनजी पंपों से बिक्री की औपचारिकताओं को पूरा किया जा रहा है। घरों में गैस पाइप लाइन के कनेक्शन के लिए जिले में एक लाख लोगों द्वारा आवेदन किया जा चुका है जिसमें अब तक 44,350 घरों में पीएनजी कनेक्शन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

गैस आपूर्ति होते ही इन घरों को गैस मिलना शुरू हो जाएगा। अधिकारियों द्वारा गैस पाइप लाइन बिछाने के क्रम में आ रही तकनीकी बाधाओं को दूर करने के लिए वन विभाग, आरसीडी और एनएचएआई से आवश्यक अनुमति मिलने में देरी की शिकायत की जानकारी दिए जाने पर सांसद ने संबंधित विभाग के अधिकारयों को निर्देशित करते हुए कहा कि विकास के कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने बीपीएसीएल के अधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि बिहार सरकार की सीजीडी नीति अब जारी कर दी गई है, जिससे परियोजना को और गति मिलेगी।

भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय को पत्र लिखकर स्थानीय स्तर पर आरटीओ पंजीकरण शुल्क और रोड टैक्स में छूट जैसी नीतिगत सहायता का आग्रह है ताकि सीएनजी वाहनों को प्रोत्साहन मिल सके।समीक्षा बैठक में बीपीसीएल के कई शीर्ष अधिकारी तथा अभियंता मौजूद थे।

## अलग-अलग घटनाओं में दो जख्मी

**आरा।** जिले की दो अलग-अलग घटनाएं छोटी-छोटी बातों पर हुई। ग्राहक बुलाने का विवाद। धान काटने से मना करने का विवाद।

दोनों मामले में कई लोग जख्मी हो गए हैं। घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया। पुलिस दोनों मामले की जांच कर रही है। बहोरनपुर थाना क्षेत्र के चारघाट गांव में मंगलवार की सुबह धान काटने को लेकर हुए विवाद में बड़े भाई पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में 50 वर्षीय सूरज यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पसली और पीठ में चाकू लगी है। उन्हें पहले बिहिया पीएचसी पहुंचाया। इसके बाद प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जख्मी सूरज यादव ने बताया कि वे और छोटा भाई सुरेश यादव मिलकर खेत में धान की खेती करते हैं, जबकि उनका दूसरा भाई राज कुमार यादव अपना खेत परती रखता है। सुबह सुरेश धान काटने गया तो राज कुमार यादव ने उसे रोकते हुए धमकी दी कि वह हथियार के बल पर धान काटेगा। इस बात को लेकर दोनों भाइयों में कहासुनी हुई और स्थिति मारपीट तक पहुंच गई।

# अब तक नहीं जुड़ पाया बौद्ध सर्किट से चतरा का इटखोरी मंदिर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चतरा।** धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण स्थल होने के बावजूद इटखोरी अब तक बौद्ध सर्किट से नहीं जुड़ पाया है। यह वह स्थान है, जहां बौद्ध धर्म और आस्था की गहरी जड़ें हैं। कहा जाता है कि भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त करने से पहले कुछ समय इटखोरी में साधना की थी।

इसके बावजूद यह क्षेत्र पर्यटन मानचित्र पर अपनी पहचान नहीं बना सका है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की सरकार ने बिहार के बोधगया, चतरा के कौलेश्वरी मंदिर और इटखोरी के ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर को जोड़कर एक धार्मिक सर्किट बनाने की योजना बनाई थी। तीनों ही स्थल बौद्ध धर्म से जुड़े होने के कारण इसे बौद्ध सर्किट का नाम दिया गया था।

इस योजना का उद्देश्य था कि बोधगया आने वाले श्रद्धालु कौलेश्वरी और इटखोरी भी जाएं। जिससे झारखंड के धार्मिक पर्यटन को नई पहचान मिले। उस समय के पर्यटन मंत्री अमर बाउरी ने कहा था कि बोधगया, कौलेश्वरी और भद्रकाली मंदिर तीनों ऐतिहासिक स्थल हैं। इन्हें जोड़ने से धार्मिक पर्यटन को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

योजना के तहत बोधगया से कौलेश्वरी होते हुए इटखोरी तक सड़क निर्माण का प्रस्ताव था, ताकि पर्यटक तीनों जगह आसानी से पहुंच सकें। इस दिशा में कुछ प्रारंभिक पहल भी हुई थी। बिहार के टूर एंड ट्रैवल एजेंटों को इटखोरी बुलाकर मंदिर परिसर का भ्रमण कराया गया था, ताकि इसे बौद्ध सर्किट से जोड़ा जा सके।

लेकिन इसके बाद यह योजना फाइलों में ही अटक गई। न सड़क बनी, न कोई विकास कार्य शुरू हुआ। इसी बीच वर्ष 2017 में रघुवर सरकार ने इटखोरी के विकास के लिए 500 करोड़ रुपये का मास्टर प्लान भी तैयार किया था। 2019 में इस मास्टर प्लान को मंजूरी भी मिल गई थी और पहले चरण को भवन निर्माण विभाग से तकनीकी स्वीकृति भी दी जा चुकी थी।

लेकिन झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले योजना लागू नहीं हो सकी और सरकार बदलने के बाद पूरा मामला ठंडे बस्ते में चला गया। आज की स्थिति यह है कि इटखोरी न तो बौद्ध सर्किट से जुड़ पाया और न ही मास्टर प्लान पर कोई काम हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर यह सर्किट बन जाता तो चतरा जिला धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन सकता था।

हजारों लोगों को रोजगार मिलता और झारखंड का नाम देश-विदेश में धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर दर्ज होता। लोगों को अब भी उम्मीद है कि सरकार इस योजना को फिर से शुरू करे, ताकि इटखोरी अपनी धार्मिक और ऐतिहासिक पहचान को नई दिशा दे सके।

# सीबीआई की छापेमारी में एक करोड़ रुपये बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** रेलवे कंस्ट्रक्शन विभाग के कार्यालय में सीबीआई पटना की टीम ने छापेमारी कर डिप्टी चीफ इंजीनियर सहित पांच कर्मी एवं संवेदक के आदमी को अपने साथ ले गई। सीबीआई ने करीब एक करोड़ रूपए भी बरामद किया। उक्त कारवाई सोमवार की शाम से मंगल सुबह करीब 12 घंटे तक की गई। कार्रवाई के बाद कार्यालय के कर्मियों में हरकमप मच गया। सीबीआई कार्रवाई के बाद कंस्ट्रक्शन विभाग के डिप्टी के आलोक कुमार, हेड क्लर्क आलोक कुमार दास, पिउन मनीक दास एवं दो संवेदक के आदमी को अपने साथ ले गई। वही करीब एक करोड़ रुपए बरामद किया गया। हालांकि कंस्ट्रक्शन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी कुछ बोलने से बच रहे हैं। फिलहाल सीबीआई की टीम सभी को अपने साथ ले जाकर पूछताछ कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार हाजीपुर रेलवे स्टेशन के पीछे स्थित कंस्ट्रक्शन विभाग के कार्यालय में सीबीआई की टीम बीते सोमवार की शाम करीब 3:00 बजे अचानक कई गाड़ियों से पहुंच गई।

कार्यालय में मौजूद डिप्टी चीफ इंजीनियर समेत अन्य कर्मियों से पूछताछ शुरू कर दिया। सीबीआई की टीम ने कार्यालय में मौजूद डिप्टी चीफ इंजीनियर आलोक कुमार एवं अन्य कर्मियों से कई घंटे तक पूछताछ किया। उसके बाद आलोक कुमार, हेड क्लर्क पिउन और संवेदक के दो आदमी को अपने साथ ले गई।

कार्रवाई के दौरान टीम के द्वारा रुपए गिनने का मशीन भी मंगाया गया। करीब 12 घंटे तक कर्मियों से पूछताछ एवं रुपए गिनती के बाद सीबीआई की टीम अपने साथ डिप्टी चीफ इंजीनियर समेत पांच लोगों को ले गई।कंस्ट्रक्शन विभाग के कार्यालय में बीते सोमवार की शाम करीब 3:00 बजे अचानक सीबीआई की टीम कई गाड़ियों से पहुंच गए। कार्यालय में पहुंचने के बाद टीम ने डिप्टी चीफ इंजीनियर आलोक कुमार से पूछताछ शुरू कर दिया।

# नव नालंदा महाविहार के स्थापना दिवस पर होगा भव्य आयोजन

## वियतनाम के 125 बौद्ध भिक्षु-भिक्षुणियों का प्रतिनिधि मंडल होगा शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** नव नालंदा महाविहार (सम विश्वविद्यालय), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार अपना 75 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मना रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर की गरिमा बढ़ाने के लिए भारत सरकार के केंद्रीय संस्कृति मंत्री एवं नव नालंदा महाविहार के कुलाधिपति गजेन्द्र सिंह शेखावत मुख्य अतिथि के रूप में पधार रहे हैं।

इस विशेष समारोह में वियतनाम बौद्ध संघ के उपाध्यक्ष एवं वियतनाम बौद्ध अध्ययन संस्थान के अध्यक्ष परम पावन थिक गियाक त्वन तथा वियतनाम बौद्ध विश्वविद्यालय के स्थायी उप-रेक्टर भिक्षु डा. थिक न्हात तू के नेतृत्व में 125 बौद्ध भिक्षु-भिक्षुणियों का प्रतिनिधि मंडल भी शामिल होगा, जो इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय आयाम प्रदान करेगा।

समारोह के प्रमुख आकर्षणों में पूजनीय थिक मिन्ह चाऊ सभागार का शिलान्यास शामिल है, जिसे संस्कृति मंत्री, परम पावन थिक गियाक त्वन तथा भिक्षु डॉ. थिक न्हात तू संयुक्त रूप से करेंगे। इसके साथ ही नए परिसर में संकाय भवन एवं 200-बेड छात्रावास का शिलान्यास भी माननीय मंत्री द्वारा किया जाएगा।

संस्कृति मंत्री श्वान्जांग स्मारक भवन एवं विपस्सना केन्द्र का अवलोकन करेंगे। तथा सांस्कृतिक परिसर में विकसित टिकट काउंटर एवं पर्यटक प्रतीक्षालय का उद्घाटन भी करेंगे। शाम के समय आयोजित होने वाला नालंदा महोत्सव विशेष आकर्षण रहेगा, जिसमें अनहद नाद संस्था द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

यह प्रस्तुति नालंदा की प्राचीन विरासत और आधुनिक रचनात्मकता का अनूठा संगम पेश करेगी। स्थापना दिवस अवसर पर महाविहार के मेधावी छात्र-छात्राओं को मेरिट प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे तथा खेल, वाद-विवाद, भाषण प्रतियोगिता आदि के विजेताओं को पदक एवं सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि संस्कृति मंत्री, जो महाविहार के कुलाधिपति भी हैं, पहली बार व्यक्तिगत रूप से कार्यक्रम में भाग लेने आ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में उनके मार्गदर्शन में अधोसंरचना विकास, अंतरराष्ट्रीय सहयोग, शैक्षणिक उत्कृष्टता और शोध गतिविधियों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। यह 75 वां स्थापना दिवस न केवल महाविहार की ऐतिहासिक यात्रा का उत्सव है, बल्कि नालंदा की बौद्धिक और सांस्कृतिक परंपरा के वैश्विक विस्तार का भी प्रतीक है।

# 593 छात्रों को मिला स्टूडेंट क्रेडिट योजना का लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** दसवीं और इंटर के बाद उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही वित्तीय सहायता गरीब मगर पढ़ाई के बड़े सपने देखने वाले युवाओं को उड़ने के पंख प्रदान कर रही है। ऊपर से अब सरकार द्वारा स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के ऋण को ब्याज मुक्त कर देने से इसके लाभूकों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। इसका अंदाजा डीआरसीसी के आंकड़ों से लगाया जा सकता है।

डीआरसीसी के उप प्रबंधक ने बताया चालू वित्तीय वर्ष में अक्टूबर महीने तक जिला के 593 विद्यार्थियों को स्टूडेंट क्रेडिट योजना का लाभ दिया जा चुका है। चालू वित्तीय वर्ष मार्च 2026 तक जिला के 840 विद्यार्थियों को लाभ देने का लक्ष्य है,जिसका 71 प्रतिशत पूरा हो चुका है। सरकार ने इस सहायता पर ऋण को पूरी तरह से ब्याज से मुक्त करने के साथ इसके वापस करने की समयावधि को भी बढ़ा दिया है। दो लाख रुपये तक के ऋण को वापस करने का समय पहले पांच वर्ष था,जिसे बढ़ाकर सात वर्ष कर दिया गया है। इसी तरह दो लाख से ऊपर के ऋण लौटने की अवधि सात वर्ष से बढ़ाकर दस वर्ष कर दिया गया है। मुख्यमंत्री के सात निश्चय योजना के तहत डीआरसीसी के माध्यम चलाई जा रही स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड,स्वयं सहायता भत्ता तथा कौशल विकास योजना के प्रचार-प्रसार के लिए स्कूल-कॉलेज तथा दूसरे शिक्षण संस्थानों में जाकर नियमित रूप से प्रचार-प्रसार करके विद्यार्थियों व अभिभावकों के बीच जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। इन प्रयासों के अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं और बड़ी संख्या में विद्यार्थी डीआरसीसी पहुंच रहे हैं।

## डीआरसीसी भवन पहुंच रहे छात्र

## मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने सोनपुर मेला में 'सहकारिता मंडप' का किया उद्घाटन

# सोनपुर मेला ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का माध्यम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सहकारिता मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार ने सोनपुर मेला परिसर में सहकारिता विभाग द्वारा स्थापित सहकारिता मंडप का विधिवत उद्घाटन किया। लगभग 3000 वर्ग फीट क्षेत्र में बने इस मंडप में राज्य की विभिन्न सहकारी समितियों को अपना उत्पाद प्रदर्शित करने और बिक्री का अवसर प्रदान किया गया है। विशेष तौर पर महिला समितियों, खादी एवं बुनकर समितियों को प्राथमिकता देते हुए उनके विशिष्ट उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगायी गयी है। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार ने कहा कि सोनपुर मेला न केवल परंपरा और संस्कृति का उत्सव है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। सहकारिता विभाग लगाए गए 'सहकारिता मंडप' के माध्यम से राज्य भर की सहकारी समितियों को अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का अवसर मिला है जिससे न केवल उनकी आय बढ़ेगी बल्कि स्थानीय

स्तर पर रोजगार एवं स्वावलंबन को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार सहकारिता आंदोलन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह मंडप इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सहकारिता मंडप में निम्नलिखित समितियों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है- के.जी.एन. प्राथमिक धुरद सहकारी समिति लि. उनी कपड़े, शॉल, स्वेटर, मफलर, कुशन आदि। प्रगति स्वावलंबी सहकारी समिति लि0- बिना दूध का खीर, बिना दही का कढ़ी बनाने की सामग्री, विभिन्न मसाले और आटा उत्पाद, बिदुपुर प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहयोग समिति मशरूम से बने उत्पाद, कृत्तपुर ग्रामोद्योग सहयोग समिति लि. लेडीज पर्स, फाइल बैग, ट्रॉली बैग आदि, श्री मिथिला मखाना किसान उत्पादक संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति लि. मखाना एवं मखाना से बने उत्पाद, मिरजानगर ग्रामोदय सहयोग समिति लि., वैशाली सस्ते दर पर प्राकृतिक शहद, साहिर प्राथमिक बूनकर सहयोग समिति, सिंगाही, पटना सस्ते दर पर हस्तकरघा के कपड़े, इसके अतिरिक्त वेजफेड (बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन), बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. तथा बिहार राज्य भंडार निगम द्वारा भी सहकारिता मंडप में प्रदर्शनी-स्टॉल लगाए गए है।

वेजफेड किसानों को सब्जी उत्पादन हेतु प्रशिक्षण, बीज एवं पौधे उपलब्ध कराने तथा योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करा रहा है। बिहार राज्य सहकारी बैंक अपनी विभिन्न बैंकिंग सेवाओं एवं योजनाओं का प्रचार करते हुए अधिक से अधिक लोगों को खाता खोलने हेतु प्रेरित कर रहा है। बिहार राज्य भंडार निगम ने अपने कार्यों जैसे गोदाम निर्माण व संचालन, कृषि उपज का भंडारण, खरीद-बिक्री, परिवहन एवं हथलन व्यवस्था की विस्तृत जानकारी अपने स्टॉल पर प्रदर्शित की है। सहकारिता मंडप में विभाग द्वारा नुक्कड़नाटक का भी आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से आमजन को सहकारिता के महत्व एवं इसके माध्यम से प्राप्त होने वाले लाभों की जानकारी दी जा रही है। है। सैयद मसरुक आलम, संयुक्त निबंधक स0स0 सारण / तिरहुत प्रमण्डल ने स्वागत भाषण दिया। सुधी रंजन प्रसाद, अध्यक्ष, दी वैशाली डिस्ट्रिक्ट सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि0, हाजीपुर, डॉ0 गगन, पबन्ध निदेशक वेजफेड, अभय कुमार सिंह, अपर सचिव, सहकारिता विभाग, मनोज कुमार, प्रबन्ध निदेशक, बिहार राज्य सहकारिता बैंक, पटना एवं अमृताश ओझा, प्रबन्ध निदेशक, दी वैशाली डिस्ट्रिक्ट सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि., हाजीपुर ने भी सभा को संबोधित किया। बैशाली को-ऑपरेटिव बैंक, हाजीपुर के प्रबन्ध निदेशक ने धान अधिप्राप्ति एवं बैंक के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। बैंक के अध्यक्ष सुधी रंजन प्रसाद ने सहकारिता मंत्री से धान अधिप्राप्ति में पैक्स अध्यक्षों को आने वाली परेशानियों से अवगत कराया तथा उनके समस्यों को दूर करने हेतु आग्रह किया। इस उपलक्ष्य में वैशाली एवं सारण जिला के विभिन्न पैक्सो, व्यापरमंडल, मत्स्यजीवी एवं विभिन्न समितियों के अध्यक्ष एवं किसान उपस्थित थे। अन्त में समरेश कुमार, संयुक्त निबंधक स.स. मुख्यालय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

# दानापुर मंडल रेल मदद पर करता है मिनटों में शिकायत का निपटान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दानापुर।** दानापुर मंडल हमेशा अपने यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखता है एवं इसके लिए विभिन्न प्रकार के तरीके अपनाते हुए उनकी सुविधाओं में वृद्धि के लिए प्रयासरत रहता है। इन्हीं में से एक है रेल मदद ऐप जिसका फुल फॉर्म होता है यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी का रेल मदद ऐप के माध्यम से समाधान किया जाता है। यह एप्लीकेशन एंड्रायड और आईओएस यूजर्स के लिए काफी यूजर फ्रेंडली है। रेल यात्रा के दौरान यात्रियों के अनुभव को और भी बेहतर बनाने के उद्देश्य से इस ऐप को लांच किया गया था। इस ऐप के माध्यम से यात्री अपनी शिकायत अथवा सुझाव को रेलवे को भेज सकते हैं जिसका निपटान रेलवे के द्वारा तुरंत करने का प्रयास किया जाता है। शिकायत दर्ज करते ही एक रेफरेंस नंबर जेनरेट होता है जिसके माध्यम से यात्री अपनी शिकायत अथवा सुझाव की अद्यतन जानकारी भी ले सकते हैं। यह ऐप यात्रियों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है तथा यात्रा के दौरान ऑनलाइन माध्यम से उनका विशेष ध्यान रखता है। दानापुर मंडल के द्वारा रेल मदद के माध्यम से कई शिकायतों का निपटारा चंद मिनटों में हीं कर दिया जाता है। ऐसे कई उदाहरण हैं जिसमें यात्रियों ने रेलवे की त्वरित कार्यवाही पर अपनी संतुष्टि एवं प्रसन्नता जाहिर की है जैसे- 15.11.2025 को गाड़ी संख्या 13245 कैपिटल एक्सप्रेस के ए 1 कोच के एक यात्री ने चार्जिंग सॉकेट के ठीक से नहीं कार्य करने की शिकायत 21:10 बजे दर्ज की थी जिसका समाधान 21:18 पर कर दिया गया और यात्री ने इस पर अपनी संतोषजनक टिप्पणी भी की। इसी प्रकार 16.11.2025 को गाड़ी संख्या 13331 धनबाद पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस के एस 3 कोच से एक यात्री ने उनके बर्थ पर अनाधिकृत व्यक्तियों के बैठने की सूचना दर्ज की जिसकी सूचना दानापुर मंडल को 12:16 मिनट पर मिली और मंडल के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 12:23 पर अनाधिकृत व्यक्तियों को हटाया गया। 16. 11.2025 को ही गाड़ी संख्या 13288 आरा दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस के एक यात्री के द्वारा दरवाजे के सही ढंग से नहीं काम करने की शिकायत 2:09 पर दर्ज की गई जिस पर कार्रवाई करते हुए 2:36 पर दरवाजे को ठीक करवा दिया गया। 17.11.2025 को गाड़ी संख्या 20802 मगध एक्सप्रेस के यात्री के द्वारा वॉश बेसिन ओवरफ्लो करने की शिकायत 9:49 पर की इसका निपटारा करते हुए 9:59 पर सफाई कर्मियों ने समाधान कर दिया।

# रिश्वत लेने के जुर्म में उपसरपंच को सजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना स्थित एक विशेष अदालत ने रिश्वत लेने के जुर्म में आज एक उपसरपंच को एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा के साथ 20000 का जुर्माना भी किया। निगरानी के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने मामले में सुनवाई के बाद बिहार के नालंदा जिला स्थित पचौरी पंचायत के उप सरपंच गणेश साव को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को एक माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। मामले के विशेष लोक अभियोजक विजय भानू ने बताया कि निगरानी के अधिकारियों ने बिहारशरीफ में 22 जनवरी 2011 को एक महिला न्याय मित्र का चेक हस्ताक्षर करने के एवज में 3000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। अभियोजन ने आरोप साबित करने के लिए इस मामले में नौ गवाहों का बयान अदालत में कलम बंद करवाया था।

# विजय पासवान कांग्रेस पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ने विजय पासवान, रामनगर, पश्चिमी चंपारण को पार्टी विरोधी आचरण को देखते हुए उन्हें कांग्रेस पार्टी के प्राथमिक सदस्य से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव ने बताया कि विजय पासवान का आचरण पिछले कुछ दिनों से पार्टी विरोधी रहा है इसलिए पार्टी संविधान के अनुसार उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्य से 6 वर्षों के निष्कासित कर दिया गया है।

# पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर 43 कांग्रेस नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान पार्टी-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने के कारण कांग्रेस पार्टी अनुशासन समिति ने कई नेताओं को कारण-पत्र (शोकॉज नोटिस) जारी किया है। चुनावी अवधि में इन व्यक्तियों द्वारा मीडिया सहित अन्य सार्वजनिक मंचों पर पार्टी की आधिकारिक लाइन से हटकर बयान दिए गए थे जिससे पार्टी की छवि, प्रतिष्ठा तथा चुनावी प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव के अनुसार संबंधित सभी व्यक्तियों को निर्देशित किया गया है कि वे 21 नवंबर 2025 को दोपहर 12 बजे तक अपना लिखित स्पष्टीकरण समिति के समक्ष प्रस्तुत करें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय-सीमा में उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में अनुशासन समिति विवश होकर कठोर कार्रवाई करेगी जिसमें कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासन भी सम्मिलित है। प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ने कहा है कि पार्टी अनुशासन और एकता सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा पार्टी को क्षति पहुंचाने वाले किसी भी प्रकार के कृत्य को गंभीरता से लिया जाएगा।

शोकॉज नोटिस जिन्हें जारी किया है उनमें - अफाक आलम, पूर्व मंत्री, आनन्द माधव, पूर्व प्रवक्ता, प्रदेश कांग्रेस, छत्रपति यादव, पूर्व विधायक, वीणा शाही, पूर्व मंत्री, डा0 अजय कुमार सिंह, पूर्व विधान पार्षद, गजानन्द शाही उर्फ मुन्ना शाही, पूर्व विधायक, सुधीर कुमार उर्फ बंटी चैधरी, पूर्व विधायक, कंचना कुमारी, अध्यक्ष, बांका जिला कांग्रेस कमिटी, बच्चू कुमार बीरू, अध्यक्ष, सारण जिला कांग्रेस कमिटी, राज कुमार राजन, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष, नागेन्द्र पासवान विकल, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष, मधुरेन्द्र कुमार सिंह, सदस्य, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी, प्रदुमन यादव, अध्यक्ष, प्रदेश खेल प्रकोष्ठ, सकीलुर रहमान, पूर्व उपाध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस, अशोक गगन, पूर्व प्रवक्ता, सूरज सिन्हा, प्रवक्ता, प्रदेश कांग्रेस, उर्मिला सिंह नीलू, महिला कांग्रेस, सुधा मिश्रा, महिला कांग्रेस, अब्दुल बाकी सज्जन, वसी अख्तर, रमेश सिंह, कैशर खान, पूर्व महासचिव, प्रदेश कांग्रेस, कुन्दन गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, राज कुमार शर्मा, पूर्व अध्यक्ष, किसान कांग्रेस, आशुतोष शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष, पटना ग्रामीण-1, कुमार संजीत, नीरज कुमार, राणा अजय कुमार सिंह, पूर्व प्रत्याशी, रेखा पटेल, पूर्व सदस्य, अ.भा.कां.क., रीना देवी, नालन्दा जिला महिला अध्यक्ष, अजय प्रताप सिंह, शिवनीती सिंह, खगड़िया, सुदय शर्मा, पटना महानगर, सुनीता कुमारी, आदित्य पासवान, पूर्व उपाध्यक्ष, सेवादल, राहुल मिश्रा, सोशल मीडिया, अरविन्द पासवान, खुशबू कुमारी, सदस्य, प्रदेश चुनाव समिति, रवि गोल्डेन, नालन्दा, निधि पाण्डेय, राजीव मेहता, धीरेन्द्र कुमार सिंह, औरंगाबाद, रवि सिंह राजपूत, औरंगाबाद।

# बी. डी. कॉलेज, पटना में विश्व दर्शन दिवस उत्साह के साथ मना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना में आज विश्व दर्शन दिवस बड़े उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। यह आयोजन कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के सशक्त नेतृत्व में तथा दर्शनशास्त्र विभाग के तत्वावधान में आयोजित हुआ। प्राचार्या ने स्वागत भाषण में बताया कि विश्व दर्शन दिवस यूनेस्को की पहल पर हर वर्ष मनाया जाता है जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर तर्कशीलता, संवाद और आलोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में दो प्रमुख विद्वानों ने विचार-विमर्श को समृद्ध किया। प्रो. आर. एस. आर्य, पूर्व विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग,

पटना विश्वविद्यालय ने 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में सामाजिक न्याय का पुनरावलोकन' विषय पर अपनी गहन अंतर्दृष्टियां प्रस्तुत कीं। वहीं प्रो. शैलेश कुमार सिंह, प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, ए. एन. कॉलेज, पटना, ने 'हम विश्व दर्शन दिवस क्यों मनाते हैं' विषय पर प्रभावी व्याख्यान दिया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के शिक्षकों और छात्रों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को अत्यंत सफल और जीवंत बनाया। दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में दार्शनिक दृष्टिकोण और रचनात्मक चिंतन को प्रोत्साहित करना था। डॉ. सिकन्दर जमील, डॉ. दिवाकर कुमार पांडेय, डॉ. बीरेन्द्र मंडल, डॉ. विजय कुमार मीना, डॉ. राजीव कुमार एवं डॉ. मोहद. अली (पीजी दर्शनशास्त्र विभाग) की उपस्थिति और सक्रिय सहयोग से समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बी. डी. कॉलेज, पटना में आयोजित यह समारोह बौद्धिक रूप से अत्यंत समृद्धिकारक रहा और विश्व दर्शन दिवस के उद्देश्य को सार्थक रूप से प्रतिबिंबित करता है।

# जल संरक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूर्वी चंपारण को राष्ट्रीय सम्मान

## विज्ञान भवन में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने प्राप्त किया 25 लाख रुपये का पुरस्कार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/मोतिहारी।** जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय जल मिशन अंतर्गत 'जल संचयन जन भागीदारी (जेएसजेबी) 1.0' श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य के लिए पूर्वी चंपारण जिले को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। 18 नवंबर 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में भारत के राष्ट्रपति और जल शक्ति मंत्रालय की ओर से जिले को प्रशस्ति पत्र तथा 25 लाख रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी और उप

विकास आयुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुरस्कार ग्रहण किया। यह उपलब्धि जिले में जल संरक्षण, जल संचयन और पर्यावरण अनुकूल पहलों के तहत किए गए व्यापक कार्यों के परिणामस्वरूप प्राप्त हुई है। पूर्वी चंपारण में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कुल 6374 संरचनाओं का निर्माण और मरम्मतिकरण किया गया। इनमें मनरेगा के तहत 6277, लघु जल संसाधन विभाग द्वारा 30 और पंचायती राज विभाग द्वारा 67 संरचनाएं शामिल हैं। इन कार्यों में आहर, पइन, सार्वजनिक व निजी तालाबों का जीर्णोद्धार, छत वर्षा जल संचयन तथा चापाकल और कुओं के किनारे सोख्ता निर्माण जैसी महत्वपूर्ण पहलें शामिल रहीं। यह पूरा अभियान मिशन मोड में संचालित किया गया जिसमें जिलाधिकारी के मार्गदर्शन और उप विकास आयुक्त के नेतृत्व में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पूर्वी चंपारण ने केंद्रीय भूमिका निभाई। इस प्रक्रिया में डॉ. कुंदन (निदेशक), प्रियंका भारती (जिला मिशन प्रबंधक, जल-जीवन-हरियाली मिशन) और राजेश कुमार (जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा) की सक्रिय भूमिका रही। इनके समन्वित प्रयासों ने जिले को राष्ट्रीय पटल पर विशिष्ट पहचान दिलाई। सम्मान प्राप्त करने के बाद जिलाधिकारी और उप विकास आयुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों, कर्मियों और समस्त जिलेवासियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और इसे सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पिस्का स्टेशन का पुनर्विकास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय रेल द्वारा अपनी अवसंरचना को आधुनिक बनाने और लाखों यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर करने के लिए किए जा रहे संगठित प्रयास का प्रतीक है। यह एक दीर्घकालिक योजना है जिसका उद्देश्य पूरे भारत में रेलवे स्टेशनों को चरणबद्ध तरीके से विकसित करना है। दक्षिण पूर्व रेलवे के कुल 72 स्टेशनों का विकास इस योजना के तहत किया जा रहा है। प्रत्येक स्टेशन के लिए

विस्तृत योजनाएं तैयार की गई हैं और वहां की आवश्यकता के अनुसार कार्य चरणों में किए जा रहे हैं। इस योजना का मुख्य लक्ष्य स्टेशनों को अधिक स्वच्छ, सुविधाजनक और यात्री-हितैषी बनाना है। रांची मंडल के अंतर्गत झारखंड के रांची जिले में स्थित पिस्का रेलवे स्टेशन भी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किए जाने वाले स्टेशनों में शामिल है। पुनर्विकास का उद्देश्य इस साधारण स्टेशन को अधिक यात्री-केंद्रित सुविधाओं से सुसज्जित करते हुए आधुनिक रूप देना है। पिस्का रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास रांची तथा आसपास के क्षेत्रों के हजारों दैनिक यात्रियों को लाभान्वित करेगा। उन्नत सुविधाएं और बेहतर संपर्क व्यवस्था क्षेत्र में आर्थिक विकास को गति देंगी, निवेश को आकर्षित करेंगी तथा झारखंड में पर्यटन को भी प्रोत्साहित करेंगी। पिस्का स्टेशन में पुनर्विकास के दौरान जो सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं, वे इस प्रकार हैं- नया स्टेशन भवन, नया सर्कुलेटिंग एरिया, नया पार्किंग एरिया, नए लिफ्ट, 12 मीटर चौड़ा नया फुट ओवरब्रिज, बेहतर एप्रोच रोड, वेलकम गेट, दिव्यांगजन सुविधाएं- रैम्प, बुकिंग काउंटर, वाटर बूथ, पार्किंग एरिया, शौचालय, टैक्टाइल टाइल आदि। नया प्लेटफॉर्म शेल्टर, प्लेटफॉर्म सर्फेसिंग, वाटर बूथ, नया बुकिंग काउंटर, प्रतीक्षालय (वेटिंग रूम), स्थानीय कला एवं संस्कृति थीम से सुसज्जित स्टेशन परिसर, बैठने की बेहतर व्यवस्था।

# बिहार पुलिस चालक सिपाही भर्ती परीक्षा 10 दिसंबर को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार पुलिस में चालक सिपाही के 4361 पदों पर बहुप्रतीक्षित लिखित परीक्षा 10 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने आधिकारिक सूचना जारी कर सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। साथ ही सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई है। पर्षद के अनुसार इस बार परीक्षा का आयोजन राज्य के कुल 15 जिलों में किया जा रहा है जिनमें 315 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। बड़ी संख्या में आवेदकों को देखते हुए सुरक्षा, अनुशासन और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए केंद्रों पर विशेष प्रबंध किए गए हैं। जिला स्तर पर पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों की टीम को भी तैनात किया जाएगा ताकि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह सुचारू रहे। अभ्यर्थियों के लिए ई-प्रवेश पत्र ऑनलाइन जारी कर दिए गए हैं जिन्हें पर्षद की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करते समय किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्प सेक्शन की सहायता ले सकते हैं। वहीं जिन अभ्यर्थियों का ई-प्रवेश पत्र किसी कारणवश डाउनलोड नहीं हो पा रहा है उनके लिए डुप्लीकेट प्रवेश पत्र जारी करने की व्यवस्था भी पर्षद ने किया है। डुप्लीकेट प्रवेश पत्र से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश भी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे पाठ्यक्रम को ध्यानपूर्वक पढ़कर परीक्षा की तैयारी करें और निर्धारित समय से पहले अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचे। चालक सिपाही के इस चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा केवल प्राथमिक चरण है। परीक्षा का पाठ्यक्रम, परीक्षा पैटर्न, अंक विभाजन और महत्वपूर्ण नियम भी वेबसाइट पर विस्तार से प्रकाशित किए गए हैं।

# पटना वीमेंस कॉलेज में छात्राओं को दी गयी स्टार्टअप से जुड़ी जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना वीमेंस कॉलेज के मदर वेरोनिका एक्सीलेंस एंड इनोवेशन सेंटर (एमवीइआइसी) के एंटरप्रेन्योरशिप क्लब की ओर से ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसका विषय इग्नाइटिंग यंग माइंड्स थ्रू एंटरप्रेन्योरियल पाथवेज था। इसकी शुरुआत एमवीइआइसी के निदेशक आलोक जॉन (डीन एनआइसीसीएस) ने की, जिन्होंने छात्रों में नवाचार और उद्यमशीलता की क्षमताओं को पोषित करने के सेंटर के मिशन पर प्रकाश डाला। सत्र की मुख्य वक्ता ज्योति कुमारी सहायक निदेशक उद्योग विभाग बिहार सरकार थीं। उन्होंने स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में उभरते अवसरों और बिहार सरकार की विभिन्न योजनाओं, जैसे स्टार्टअप को बढ़ावा देने और वित्तीय सहायता तंत्रों की विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, स्टार्टअप बिहार, उद्योग विभाग से कुणाल प्रकाश और शिवेंद्र कुमार ने छात्राओं को मेंटरिंग, फंडिंग सहायता, इनक्यूबेशन जैसी विभिन्न गतिविधियों और समर्थन तंत्रों के बारे में बताया।

# पर्यावरण से छेड़छाड़ का गहरा प्रभाव जैवविविधता पर : वी. एम. सतीश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय प्राणि सर्वेक्षण, गंगा समभूमि प्रादेशिक केंद्र, पटना में आयोजित कार्यक्रम में वैज्ञानिक वी. एम. सतीश कुमार ने जैवविविधता पर पर्यावरणीय हस्तक्षेप के गंभीर प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के असंतुलन का सबसे बुरा असर जैवविविधता पर पड़ता है और कई प्रजातियां तेजी से विलुप्त होती जा रही हैं। गौरैया, गिद्ध, चील और कौआ की संख्या में भारी गिरावट चिंता का विषय है। सतीश कुमार ने जैवविविधता को सुरक्षित रखने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर

दिया। कार्यक्रम में प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक प्रेम ने कहा कि भारतीय धार्मिक ग्रंथों में चौरासी करोड़ प्राणियों का उल्लेख मिलता है, लेकिन वर्तमान समय में उनकी संख्या घटकर लगभग पंद्रह लाख रह गई है। उन्होंने बताया कि भारतीय परंपराओं में अनेक प्रतीक-जैसे नाग को शंकर के गले का आभूषण, शेर को दुर्गा का वाहन, चूहे को गणेश का वाहन-जीव संरक्षण के संदेश के रूप में स्थापित किए गए थे। उन्होंने यह भी बताया कि पहली बिल्ली को बचाने के लिए यह मान्यता फैली कि इसके रास्ता पार करने पर गाड़ी रोक देनी चाहिए, ताकि बिल्ली को नुकसान न हो। यह सब जैव संरक्षण के पारंपरिक प्रयासों का हिस्सा रहा है। फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर रवि प्रकाश ने कहा कि जैवविविधता की रक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है और इसके लिए जन-जागरूकता आवश्यक है। कार्यक्रम में बीएन कॉलेज पटना, साइंस कॉलेज पटना, श्री अरविंद महिला कॉलेज और गंगा देवी महिला महाविद्यालय के छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर जे एस आई के मनीष चंद्र पटेल, सुनीता पात्रा, रजनीश रंजन, राहुल कुमार, इंटर्न आयुषी रानी, अमृतांशु, ज्योति, नेहा, अंजू, अंकिता, सपना, आरती, श्यामली और आयुष मौजूद रहे।

# बंपर वोटिंग के साथ डीबीए पटना का मतदान संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना स्थित जिला स्तर पर सबसे बड़ी वकीलों के संस्था पटना जिला अधिवक्ता संघ का द्विवार्षिक चुनाव का मतदान आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बंपर वोटिंग के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। बिहार स्टेट बार काउंसिल के तीन पर्यवेक्षकों की निगरानी में इस मतदान में लगभग 74% वोटिंग हुई। मतदान के लिए कुल 1963 वैध मतदाता थे जिनमें से 1461 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान के बाद संध्या 7:30 बजे से तीन महत्वपूर्ण पदों अध्यक्ष, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष के मतों की गिनती की पूर्व सूचना है जिसका परिणाम देर रात आने की संभावना है। गौरतलब है कि वकीलों के संघ के चुनावों में पटना जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव एक महत्वपूर्ण चुनाव होता है। हर 2 वर्ष पर होने वाले इस चुनाव में अच्छी खासी गहमा गहमी होती है। राज्य बार काउंसिल के निरीक्षण में पूरे मतदान की प्रक्रिया पूरी की जाती है। इस बार संघ के अध्यक्ष के एक पद, उपाध्यक्ष के तीन पद, महासचिव के एक पद, संयुक्त सचिव के तीन पद और सहायक सचिव के तीन पदों समेत 32 पदों के लिए वकीलों के 112 प्रतिनिधि अपना-अपना भाग्य आजमा रहे हैं। पुराने और दिग्गज वकीलों के साथ-साथ युवा वकील भी संघ के इस चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

## संपादकीय

# बड़ी चूक की वजह से दिल्ली के बाद कश्मीर में हुआ बम धमाका

हाल ही में दिल्ली में लाल किला के पास हुए बड़े धमाके और उसमें कई लोगों की मौत के सदमे से लोग निकले भी नहीं थे कि जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार की रात अचानक हुए विस्फोट में नौ लोगों की जान चली गई। गौरतलब है कि जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक आतंकी तंत्र के खुलासे के बाद कुछ लोगों की गिरफ्तारी के साथ-साथ भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ भी बरामद किए गए थे। उन्हीं को जम्मू-कश्मीर के नौगाम स्थित एक थाने में ले जाया गया था, ताकि विस्फोटकों का गहन परीक्षण कराया जा सके।इतना संवेदनशील विस्फोटक किसी तरह नौगाम थाने तक तो पहुंच गया, लेकिन उसके बाद शायद जरूरी सावधानी सुनिश्चित नहीं की जा सकी। यह त्रासद विडंबना रही कि थाना परिसर में ही विस्फोटकों की जांच के क्रम में एक बड़ा धमाका हो गया, जिसमें नौ लोगों की जान चली गई और बत्तीस लोग बुरी तरह घायल हो गए। धमाके के असर का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि एक ओर परिसर में थाने को बड़ी क्षति पहुंची, वहीं आसपास के घरों को भी भारी नुकसान हुआ। नौगाम के थाना परिसर में हुए विस्फोट के असर को देखते हुए शुरूआत में इसके कोई आतंकी हमला होने की आशंका जताई गई, लेकिन बाद में जम्मू-कश्मीर पुलिस और फिर गृह मंत्रालय की ओर से भी स्पष्ट किया गया कि यह कोई आतंकी हमले जैसी घटना नहीं थी और महज एक हादसा था। खबरों के मुताबिक, जब्त विस्फोटकों को फोरेंसिक जांच के लिए उसमें से नमूना निकालने की कोशिश तथा अन्य प्रक्रिया चल रही थी कि धोखे से उसमें विस्फोट हो गया। अगर इस विस्फोट का आतंकी हमले से कोई ताल्लुक नहीं था, तो यह एक राहत की बात हो सकती है, लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि इतनी बड़ी तादाद में जो विस्फोटक पदार्थ और रसायनों का जखीरा जमा किया गया था, उन्हें एक आतंकी तंत्र के खुलासे के दौरान ही जब्त किया गया था। थाना परिसर में गलती से हुए धमाके में जितने बड़े पैमाने पर क्षति हुई, लोग हताहत हुए, उसे देखते हुए इसका सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है कि अगर योजनाबद्ध तरीके से आतंकियों ने इन विस्फोटकों के सहारे दिल्ली या अन्य किसी जगह पर वारदात को अंजाम दिया होता, तो जानमाल के नुकसान का दायरा कितना बड़ा हो सकता था। मामूली असावधानी का नतीजा क्या हो सकता है, यह सामने है। संभव है कि यह घटना सिर्फ किसी चूक या फिर अचानक हुए हादसे का नतीजा हो।

**इन चुनावों का एक बड़ा आकर्षण चिराग पासवान का उभार रहा। उन्होंने यह साबित कर दिया कि वे किसी के 'मोहरा' नहीं, बल्कि भविष्य के निर्णायक खिलाड़ी हैं। उनके आक्रामक और आत्मविश्वासी अभियान ने युवा और दलित वर्ग में नई ऊर्जा जगाई। एनडीए के भीतर उनकी भूमिका महज सांकेतिक नहीं थी, बल्कि वास्तविक जनाधार और असर से भरपूर रही। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक एवं अनूठी जीत ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्माई व्यक्तित्व, गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी रणनीति और उनकी जनस्वीकार्यता आज भी भारतीय राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाती है। यह जीत सिर्फ एक गठबंधन की सफलता नहीं, बल्कि बिहार के भविष्य की नई रूपरेखा का संकेत है। नीतीश कुमार के अनुभवी नेतृत्व, भाजपा की संगठनात्मक मजबूती और उभरते हुए युवा सितारे चिराग पासवान के प्रभावी प्रदर्शन ने मिलकर इस चुनाव को एनडीए के पक्ष में एक मिसाल बना दिया।**

# बिहार में बड़बोली राजनीति की हार, सुशासन की नई सुबह

(ललित गर्ग )

एनडीए की जीत के पीछे उनके 10 प्रमुख वादे हैं जिनमें पंचामृत गारंटी, रोजगार सृजन, मुफ्त शिक्षा, महिलाओं के लिए योजनाएं, कृषि सुधार और बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है। इस बार के चुनाव इसलिये भी खास रहे क्योंकि 1951 के बाद बिहार में इस बार सबसे ज्यादा वोट पड़े।

इस बार बिहार में 67.13 प्रतिशत मतदान हुआ जो कि पिछले विधानसभा चुनाव से 9.6 प्रतिशत ज्यादा है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं का मतदान 8.15 प्रतिशत ज्यादा रहा है। इस बार के मतदान में पुरुषों की हिस्सेदारी 62.98 प्रतिशत रही और महिलाओं की 71.78 प्रतिशत। बिहार में 3.51 करोड़ महिला वोटर हैं और 3.93 करोड़ पुरुष वोटर और कुल मतदाताओं की तादाद 7.45 करोड़ है। बिहार विधानसभा चुनाव के ताजा रुझानों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 200 सीटों के आंकड़े को पार कर रहा है, इस जनादेश में महिला मतदाताओं की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसा प्रतीत होता है कि एकतरफा बिहार की महिलाओं का विश्वास जीत गया है, एनडीए विजयी हुआ है, बिहार विजयी हुआ है और महागठबंधन का बड़बोलापन हारा है। महागठबंधन की करारी हार अपने आप में कई सवाल छोड़ती है। चुनावी रैलियों में भीड़ जरूर इकट्ठी हुई, भाषणों में तीखे हमले भी हुए, लेकिन विपक्ष जनता का विश्वास जीतने में विफल रहा। नेतृत्व की अस्पष्टता, रणनीति की कमी, और विकास तथा सुशासन पर ठोस विजन की गैर-हाजिरी ने जनता को यह सोचने पर मजबूर किया कि सत्ता परिवर्तन से स्थिरता नहीं, बल्कि अनिश्चितता बढ़ सकती है। महागठबंधन बार-बार सामाजिक न्याय और पुराने नारों की दुहाई देता रहा, लेकिन आज का बिहार उन नारों से अधिक उम्मीदें रखता है-रोज़गार, सुरक्षा, कानून व्यवस्था और बुनियादी सेवाओं की निरंतरता। इन मुद्दों पर विपक्ष का स्पष्ट और भरोसेमंद खाका सामने नहीं आ सका। यही कारण है कि उसके नेताओं की बड़बोली बयानबाज़ी जनता पर असर नहीं डाल सकी, बल्कि कई जगह उलटा असर दिखा गई। इसके विपरीत एनडीए ने अपने चुनाव अभियान को 'स्थिरता . विकास' के सूत्र में पिरोया। मोदी की राष्ट्रव्यापी स्वीकार्यता, केन्द्र सरकार की

जनकल्याणकारी नीतियां-योजनाएं और नीतीश कुमार की सुशासन-छवि ने बिहार के मतदाता को यह भरोसा दिया कि यह गठबंधन अनुभव, विश्वास, विकास और नीतिगत दृढ़ता का सही मिश्रण है। नीतीश कुमार भले कई राजनीतिक मोड़ों के लिए आलोचित हुए हों, लेकिन जनता के मन में उनकी छवि एक ऐसे प्रशासक की बनी हुई है, जो लंबे समय से बिहार को कानून-व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, सड़क-निर्माण और शिक्षा सुधार जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ाने का प्रयास करता रहा है। इस छवि का लाभ एनडीए को व्यापक रूप से मिला। भाजपा की संगठनात्मक मशीनरी ने बूथ तक प्रभावी और लक्षित पहुंच बनाई, जिससे मतदाताओं में यह भरोसा मजबूत हुआ कि केंद्र व राज्य का समन्वय विकास की गति को और तेज करेगा। इन चुनावों का एक बड़ा आकर्षण चिराग पासवान का उभार रहा। उन्होंने यह साबित कर दिया कि वे किसी के 'मोहरा' नहीं, बल्कि भविष्य के निर्णायक खिलाड़ी हैं। उनके आक्रामक और आत्मविश्वासी अभियान ने युवा और दलित वर्ग में नई ऊर्जा जगाई। एनडीए के भीतर उनकी भूमिका महज सांकेतिक नहीं थी, बल्कि वास्तविक जनाधार और असर से भरपूर रही। सीटों पर उनकी उल्लेखनीय पकड़ ने यह संदेश दिया कि वे आने वाले वर्षों में बिहार की राजनीति को नए सिरे से परिभाषित कर सकते हैं। यह भी सच है कि उनकी बढ़ती लोकप्रियता नीतीश कुमार के लिए संतुलन साधने की चुनौती भी बन सकती है, लेकिन यदि गठबंधन समन्वय बनाए रखता है, तो बिहार को इससे मजबूत नेतृत्व का लाभ मिल सकता है। अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि इस ऐतिहासिक जीत के बाद बिहार किस दिशा में आगे बढ़ेगा। जनता की अपेक्षाएँ बहुत ऊँची हैं-सुरक्षित समाज, संवेदनशील प्रशासन, भ्रष्टाचार पर अंकुश और विकास की तेज रफ्तार। कानून-व्यवस्था बिहार की राजनीति का सबसे संवेदनशील मुद्दा रहा है। लोग चाहते हैं कि अपराध-नियंत्रण में सुधार हो, पुलिस प्रशासन आधुनिक और जवाबदेह बने, और न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी आए। एनडीए के पास केंद्र और राज्य दोनों के संसाधन और राजनीतिक सामर्थ्य है, इसलिए उससे उम्मीद यह है कि वह 'सुशासन का दूसरा अध्याय' लिखने की दिशा में ठोस कदम उठाएगा। भाजपा न सिर्फ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, बल्कि जेडीयू के बगैर भी वह एनडीए के अन्य सहयोगियों के साथ जादुई आंकड़े को पार करती नजर आ रही है। ऐसे में नीतीश कुमार के लिए भाजपा के साथ किसी तरह का बिहार में बार्गेनिंग करना आसान नहीं रह गया है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर से यह बार-बार दोहराया गया है कि चुनाव के बाद भी परिणाम चाहे जो भी आएं, गठबंधन के चेहरे नीतीश कुमार ही बने रहेंगे। जेडीयू की ओर से भी यह बात दोहराई गई है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे। फिलहाल इस पूरे चुनाव में महिला वोटर्स गेम चेंजर बताई जा रही हैं और ऐसा हुआ बिहार चुनाव से पहले महिला रोजगार योजना के तहत बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये भेजे जाने से। वहीं चुनाव में महागठबंधन को बड़ा झटका लगा है। निश्चित ही इन चुनाव परिणामों में बिहार का मतदाता अधिक सजग एवं विवेकशील दिखाई दिया हैं। वह जानता है कि सत्ता परिवर्तन से अधिक जरूरी है संस्कृति परिवर्तन, राजनीतिक शुचिता, विकास, कानून व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही। इस चुनाव ने केवल विधानसभा की सीटें तय नहीं की है, बल्कि यह तय किया है कि अब बिहार की जनता अपनी पुरानी परछाइयों से निकलकर प्रकाश की ओर बढ़ेगी। क्योंकि बिहार में पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार, अराजकता की चर्चा तो होती रही है, लेकिन इन जटिल से जटिलतर होती समस्याओं से बाहर निकलने के रास्ते दिखाई नहीं दिये। बिहार की जनता का मोदी के प्रति एक नये तरह का विश्वास जागा है। बिदहाली के दौर से काफी निकल चुका है और विगत दो दशक में यहां की स्थितियां काफी बदली है। इस बार बिहार चुनाव के परिणाम चौंकाने वाले इसलिये भी बने हैं कि इसकी आहट उन घोषणाओं से भी मिलती है, जो नीतीश सरकार ने की हैं। महिलाओं, दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए पहली बार इस पैमाने पर ऐलान किए गए हैं। इस चुनावी जनादेश को केवल राजनीतिक वर्चस्व के चश्मे से नहीं, बल्कि जनविश्वास की कसौटी से देखना जरूरी है। यह जीत भाजपा, जेडीयू और एलजेपी (रामविलास) के लिए अवसर भी है और चुनौती भी। अब उन्हें यह साबित करना होगा कि चुनावी नारों की चमक शासन की रोशनी में भी कायम रह सकती है। बिहार की जनता ने महागठबंधन की ऊँची-ऊँची बातों, वंशवादी दावों और बड़बोले नेताओं की कटुता को नकारकर यह संदेश दिया है कि उन्हें स्थिरता, ईमानदार नेतृत्व और विकास का भरोसा चाहिए। इन चुनाव परिणामों ने एक बार फिर कांग्रेस को करारी हार दी है, जो पार्टी के लिये आत्ममंथन का बड़ा कारण है। एनडीए की यह जीत केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि बिहार के नए भाग्य का उदय है। अब देखते हैं कि यह उदय सच्चे अर्थों में उजाला बिखेरता है या सिर्फ राजनीतिक रोशनी भर साबित होता है। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## नैरेटिव का विकल्प खोजे बिना कैसे हो उद्धार

(उमेश चतुर्वेदी )

पिछली बार के चुनावों में महागठबंधन को सबसे ज्यादा ताकत अंग प्रदेश और भोजपुर से मिली थी। शाहाबाद क्षेत्र में कांग्रेस और माले के साथ महागठबंधन ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। 22 सीटों में से पिछली बार एनडीए को सिर्फ दो सीटें मिली थीं। लेकिन इस बार उसका प्रदर्शन करीब सात गुना बेहतर हुआ है।

चाणक्य की धरती के मतदाताओं ने आधुनिक राजनीति के कौटिल्यों को भी हैरत में डाल दिया है। एनडीए की जीत की उम्मीद एक्जिट पोल कर तो रहे थे, लेकिन उन्हें भी इतनी बड़ी जीत की उम्मीद नहीं थी। एनडीए की भारी जीत और तेजस्वी की अगुआई वाले महागठबंधन की करारी हार ने कई राजनीतिक संदेश दिए।

समाजवादी गठबंधन के लिए कांग्रेस का साथ पत्थर बांध कर तैरने जैसा हो गया है। जिस भी समाजवादी गठबंधन ने कांग्रेस का हाथ थामा, वह राजनीति के समंदर में डूब गया। इसके पहले उदाहरण बिहार के पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के अखिलेश यादव हैं। 2017 के विधानसभा चुनावों में यूपी के लड़के के नारे के साथ राहुल गांधी का साथ लेकर अखिलेश चुनावी वैतरणी पार करने उतरे थे, लेकिन भाजपा की लहर में वे डूब गए। 2022 में भी कांग्रेस उनके लिए पतवार नहीं बन सकी। इस बार तेजस्वी के लिए कांग्रेस सहारा नहीं बन पाई। चुनाव नतीजों कुछ वैसे ही हैं, जैसे हम तो डूबे ही सनम, तुझे भी ले डूबेंगे। विपक्षी गठबंधन को अब सोचना होगा कि कांग्रेस का हाथ वह कब और कितना पकड़े कि उसकी सियासी नैया पार लग सके, डूबे नहीं।

इसी तरह लालू के गढ़ सारण में भी एनडीए ने महागठबंधन को भारी शिकस्त दी है। पिछली बार यानी 2020 के विधानसभा चुनाव में जिले की दस विधानसभा सीटों में से छह पर राजद का कब्जा था। लेकिन इस बार नौ सीटों पर एनडीए को जीत मिल रही है। सिर्फ मढ़ौरा से राजद समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार को जीत मिली है। सारण प्रमंडल के सीवान जिले में भी महागठबंधन का कोई जादू नहीं चल पाया। जिले की सीवान सीट से राजद के कद्दावर उम्मीदवार और विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष अवध बिहारी यादव को बीजेपी के दिग्गज मंगल पांडेय के सामने हार का सामना करना पड़ा है। जिले में आठ विधानसभा सीटें है। जिनमें से पिछली बार यानी 2020 में छह सीटों पर आरजेडी का कब्जा था। लेकिन इस बार यह समीकरण उलट गया है। इस बार राजद के हाथ सिर्फ बड़हरिया और रघुनाथपुर ही लगा है। रघुनाथपुर से बाहुबली रहे शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा सहाब को जीत मिली है। गोपालगंज जिले में ही लालू प्रसाद यादव का पुश्तैनी घर है। लेकिन यहां से भी राष्ट्रीय जनता दल को शिकस्त मिली है। यहां की छह में से सिर्फ दो सीटों पर राष्ट्रीय जनता दल को जीत मिली है, जबकि एक पर भाजपा और तीन पर जनता दल यू को जीत मिली है। दिलचस्प यह है कि जिन 21 सीटों पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रचार किया, वहां एनडीए को जीत मिली है। इसके बाद बीजेपी को यह कहने का मौका मिल सकता है कि उसके पास कहीं ज्यादा विश्वसनीय यादव नेतृत्व है।

मौजूदा विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को मिली पराजय के बाद इसमें शामिल दलों को अपनी रणनीति और अपने नेतृत्व को लेकर विचार करना होगा। यह पराजय विपक्षी गठबंधन में राहुल गांधी के नेतृत्व पर भी सवाल उठाती है। विपक्षी गठबंधन को सोचना होगा कि राहुल की अगुआई कहीं उसकी राह की बाधा तो नहीं बन रही है। उसे यह भी सोचना होगा कि महज नैरेटिव के हथियार और कुछ बौद्धिकों की सोच के सहारे मोदी के हरावल दस्ते को नहीं हराया जा सकता। विपक्षी गठबंधन को राजनीतिक पैंतरेबाजी के साथ ही सांप्रदायिकता के डर वाले नैरेटिव के बरक्स जमीनी हकीकत से जुड़ा कोई दूसरा नैरेटिव अपनाना होगा, लोगों से सीधा संपर्क करना होगा, अपनी पुरानी दबंग छवियों से बाहर निकलने की तरकीब खोजनी होगी। लेकिन सवाल यह है कि क्या महागठबंधन और उसका नेतृत्व ऐसा सोचने को भी तैयार है? लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# अब पश्चिम बंगाल में गूंजेगा जंगलराज का मुद्दा

(डॉ. आशीष वशिष्ठ)

बिहार में 1990-2005 के दौरान लालू यादव-राबड़ी देवी का शासन था। उनके ही शासन को जंगल राज कहा गया। दरअसल 5 अगस्त 1997 को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान पटना हाईकोर्ट ने पहली बार बिहार में जंगलराज कहा था। पटना हाईकोर्ट ने तब कहा था- बिहार में सरकार नहीं है, बिहार में जंगलराज कायम हो गया है। उस दौर में अपराध के बढ़ते ग्राफ और बाहुबलियों के दबदबे के कारण हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी की थी। तब से समय-समय पर बिहार में यह गूंजता रहता है। बिहार में तो जंगल राज अब तकिया कलाम बन गया है। बात-बात में लोग जंगल राज का जिक्र करते हैं।

पटना हाईकोर्ट की टिप्पणी के 25 वर्ष बाद वर्ष 2023 में पश्चिम बंगाल के लिए पहली बार इसका प्रयोग हुआ है। संयोगवश बिहार के लिए इसका प्रयोग भी हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने ही किया था और अब बंगाल के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट ने ही इसका प्रयोग किया है। कलकत्ता हाईकोर्ट में 13 जनवरी 2023 को जस्टिस विश्वजीत बोस के सामने एक शिक्षक के तबादले का मामला सुनवाई के लिए आया। जस्टिस ने कहा कि यह जंगलराज ही होगा कि जिसकी जो मर्जी, उसी के मुताबिक काम होने लगे। ऐसा नहीं चलेगा। जिस स्कूल में शिक्षक नहीं हैं, वहीं तबादला होगा। तबादले के बाद हफ्ते भर में शिक्षकों को ज्वाइनिंग देनी होगी।

जंगलराज पर बात करने का ताजा संदर्भ यह है कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली प्रचण्ड जीत के बाद नई दिल्ली में पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने बिहार की ऐतिहासिक जीत को बंगाल में भाजपा की सफलता का मार्ग बताया। उन्होंने

पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनाव में जंगलराज समाप्त करने का संकल्प व्यक्त किया है। पीएम मोदी के इस बयान के बड़े मायने हैं। बिहार विधानसभा चुनाव में भी प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव सभाओं में जंगल राज का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। अब बारी पश्चिम बंगाल की है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव अगले साल मार्च-अप्रैल में प्रस्तावित है।

कांग्रेस से निकलीं ममता बनर्जी ने साल 1998 में तृणमूल कांग्रेस का गठन किया। 13 साल बाद 2011 में ममता बनर्जी ने पहली बार पश्चिम बंगाल की सत्ता हासिल की। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में 34 साल पुराने लेफ्ट के किले को ढहाया था। इस चुनाव में टीएमसी को 184 सीटें मिली थीं। ममता बनर्जी पहली बार राज्य की सीएम बनी। 2016 में फिर से ममता ने जीत हासिल की। तब पार्टी को 211 सीटों के साथ मुख्यमंत्री की कुर्सी पर आसीन हुई। 2021 में लगातार तीसरी बार टीएमसी ने जीत हासिल की थी। टीएमसी ने 215 सीटें जीती थीं। ममता बनर्जी की अगुवाई वाली टीएमसी राज्य में जीत की हैट्रिक जड़ चुकी है। 2026 के चुनावों में टीएमसी का मुकाबला बीजेपी से होगा।

पिछले डेढ दशक के टीएमसी के शासन में चुनावी हिंसा से लेकर, विपक्ष खासकर बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ हिंसा और हत्या, महिला शोषण व अत्याचार के साथ भ्रष्टाचार के गंभीर मामले प्रकाश में आए हैं। ममता सरकार संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार निशाना साधती रही है। ममता सरकार के कई मंत्री भ्रष्टाचार के मामलों में घिरे हुए हें। पश्चिम बंगाल में सीबीआई ने शिक्षक नियुक्ति में महा घोटाले को उजागर किया है। इसी मामले में राज्य के शिक्षा मंत्री समेत कई अधिकारी आरोपी हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने तो सैकड़ों नियुक्तियां रद्द भी की हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट भी ममता सरकार के खिलाफ लगातार सख्त रुख अपनाए हुए हैं। संदेशखाली हो या फिर अभी हाल ही में मेडिकल कॉलेज की छात्रा से बलात्कार का मामला प्रदेश सरकार के उदासीन रवैये और बयानबाजी से आमजन अंदर ही अंदर बेहद नाराज है।

एनसीआरबी की उसी रिपोर्ट में कहा गया था कि साल 1999 से 2016 के बीच पश्चिम बंगाल में हर साल औसतन 20 राजनीतिक हत्याएं हुई हैं। इनमें सबसे ज्यादा 50 हत्याएं 2009 में हुईं। जबकि, उस साल अगस्त में सीपीएम ने एक पर्चा जारी कर दावा किया था कि 2 मार्च से 21 जुलाई के बीच तृणमूल कांग्रेस ने 62 काडरों की हत्या कर दी। हिंसा का जहां तक सवाल है, खासकर 2018 पंचायत चुनाव से 2021 के विधानसभा चुनाव तक राज्य में काफी हिंसा देखने को मिलीं। खासकर विधानसभा चुनाव के बाद होने वाली हिंसा और कथित राजनीतिक हत्याओं की घटनाओं ने तो काफी सुर्खियां बटोरी थी। फिलहाल पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी का राज है और विपक्ष की भूमिका में बीजेपी है।

पश्चिम बंगाल में 2018 के पंचायत चुनाव के दौरान 23 राजनीतिक हत्याएं हुई थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़े प्रमाण के तौर पर पेश किए जाते हैं। एनसीआरबी ने अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया था कि साल 2010 से 2019 के बीच राज्य में 161 राजनीतिक हत्याएं हुई और देश में बंगाल इस मामले में पहले स्थान पर था।

2014 के लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल की दो लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करने के बाद बीजेपी ने राज्य में ममता बनर्जी को चुनौती देना शुरू कर दिया। 2016 के चुनाव में हालांकि बीजेपी को महज तीन सीटें मिलीं, लेकिन उसका वोट शेयर 4 फीसदी से बढ़कर 10 फ़ीसदी पर पहुंच गया। बीजेपी को पश्चिम बंगाल में असल कामयाबी 2019 के लोकसभा चुनाव में मिली जब वो राज्य की 42 में 18 सीटों पर जीत दर्ज करने में कामयाब रहीं। लेकिन 2021 में ममता बनर्जी ने अपना किला बचाए रखा और राज्य की 294 विधानसभा सीटों में से 215 पर जीत दर्ज की. हालांकि लेफ्ट और कांग्रेस को पछाड़ते हुए बीजेपी 77 सीटें जीतकर राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी बन गई। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में अपनी स्थिति मजबूत की और 42 में से 29 सीटों पर जीत दर्ज की। बीजेपी को 6 सीटों का नुकसान हुआ और वह 12 सीटों पर सिमट गई।

बीजेपी पिछले लंबे समय से पश्चिम बंगाल में जंगलराज का मुद्दा उठाती रही है। पीएम के बयान के बाद ये बात साफ हो गई है कि 2026 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी जंगलराज का मुद्दा जोर शोर से उठाएगी। जिस तरह की गंभीर घटनाएं पिछले डेढ़ दशक में पश्चिम बंगाल में घटी हैं, उसके चलते टीएमसी के लिए पलटवार करना आसान नहीं होगा। 2026 में ममता पश्चिम बंगाल की सत्ता से बेदखल होंगी या बीजेपी सरकार बनाएंगी ये तो आने वाले समय ही बताएगा। फिलहाल पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल चुनाव की टोन सेट कर दी है। (लेखक - स्वतंत्र पत्रकार है)। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र : निर्वाचक नामावली अद्यतन किए जाने की डीएम ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक सूची अद्यतन प्रक्रिया को तेजी देने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अंशुल कुमार ने महानंदा सभागार में सभी अएफ्ह और संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में अधिकारियों ने अवगत कराया कि प्रपत्र-6 के ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन 6 नवंबर 2025 तक तय समय के भीतर प्राप्त कर लिए गए हैं। अब प्राप्त सभी प्रपत्रों के परीक्षण, सत्यापन और संकलन का कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है।

निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशन 25 नवंबर 2025 को प्रस्तावित है। इस संबंध में जिला पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सूची निर्माण से जुड़े प्रत्येक चरण को समयबद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी प्रक्रिया लंबित न रहे और सभी अद्यतन कार्य निर्धारित तिथि से पहले हर हाल में पूरा कर लिया जाए, ताकि प्रारूप प्रकाशन में कोई बाधा न उत्पन्न हो। अधिकारीगण को आवश्यक तकनीकी सहायता, क्षेत्रीय निरीक्षण और सूचनाओं के सत्यापन में तेजी लाने का निर्देश भी दिया गया।

## कालाजार पर पूर्णिया की निर्णायक बढ़त : उपचार, जागरूकता व जमीनी प्रयासों का संगम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केंद्रीय टीम करेगी सघन सत्यापन, जिले की तैयारी लगभग पूर्ण**

**पूर्णिया।** पूर्णिया जिला अब कालाजार उन्मूलन की लड़ाई के अंतिम पड़ाव पर खड़ा है। वर्षों की कोशिशों, सतत निगरानी और गांव-गांव तक फैले स्वास्थ्य प्रयासों ने जिले को उस मुकाम पर पहुंचा दिया है जहां से कालाजार का नाम भी इतिहास बनने को तैयार है।

जीएमसीएच के आरटी-पीसीआर भवन में आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला ने इस मिशन को एक नई दिशा दी, जिसमें राज्य स्तर के विशेषज्ञों ने जिलास्तर के स्वास्थ्य कर्मियों को अंतिम चरण की रणनीति समझाई। यह वही क्षण है जब आंकड़ों के साथ-साथ भरोसा, दोनों की परीक्षा होनी है—और पूर्णिया इस चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार दिख रहा है। कार्यशाला में अधिकारियों ने स्पष्ट बताया कि अब हर घर, हर गांव और हर पूर्व ग्रसित मरीज की स्थिति दोबारा सत्यापित की जाएगी। किसी भी चूक को जगह नहीं दी जाएगी, क्योंकि इसी पर जिला कालाजार मुक्त घोषित होने का निर्णय निर्भर करेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की टीम जल्द ही जिले के इलाकों में जाकर प्रत्येक मरीज की रिपोर्ट, उपचार इतिहास और संक्रमण दर की स्थिति की पड़ताल करेगी। स्वास्थ्य विभाग की टीमों को निर्देश दिया गया है कि मरीजों की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति, पूर्व में मिले उपचार और फॉलोअप की रिपोर्टें पूरी पारदर्शिता के साथ तैयार रहें। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. आर.पी. मंडल ने बताया कि देश को वर्ष 2027 तक कालाजार मुक्त बनाने के लक्ष्य में पूर्णिया की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि जिले में बीमारी अब सिर्फ चिकित्सा आंकड़ों में दर्ज इतिहास भर रह गई है। वर्ष 2024 में जिले में मात्र 20 कालाजार मरीज पाए गए थे और सभी को समय पर उपचार देकर स्वस्थ कर दिया गया। लगातार बुखार के मरीजों की पहले से अधिक सतर्कता के साथ जांच, पीकेडीएल के संदिग्ध मामलों की पहचान और तत्काल उपचार की सुविधा ने बीमारी को जड़ से कमजोर कर दिया है। स्वास्थ्य टीमों की गांव-स्तरीय सक्रियता का नतीजा यह है कि संक्रमण दर लगभग समाप्ति की ओर है।

## कांग्रेस की पराजय पर पूर्व जिला जिला महासचिव का तीखा वार

### 'नेतृत्व की उदासीनता व टिकट की दलाली ने पार्टी की जड़ें खोखली कर दीं'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी शिकस्त के बाद जिले के पूर्व महासचिव सह मुख्य प्रवक्ता गौतम वर्मा ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर खुलकर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि कांग्रेस की यह हार आकस्मिक नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही अव्यवस्था और नेतृत्व की लापरवाही का स्वाभाविक परिणाम है।

गौतम वर्मा ने दो टूक कहा कि बिहार में कांग्रेस का ढांचा वर्षों से बिखरा पड़ा है, लेकिन राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के नेताओं ने संगठन निर्माण को कभी प्राथमिकता नहीं दी। 'नीतियों से ज्यादा चहेतों को खुश करने में नेतृत्व व्यस्त रहा,'। उन्होंने टिकट वितरण की प्रक्रिया पर भी कड़ी आपत्ति जताई। उनके अनुसार यह प्रक्रिया कार्यकताओं की राय से नहीं, बल्कि कुछ नेताओं की मनमर्जी से संचालित हुई। इस मनमाने रवैये ने कार्यकताओं का मनोबल तोड़ा और पूरे राज्य में नाराजगी की लहर पैदा कर दी। पूर्णिया जिले की स्थिति पर बात करते हुए वर्मा ने कहा कि प्रभारी नेताओं ने संगठन की जरूरतें समझने के बजाय 'चंद कागजी बैठकों और औपचारिकताओं' में चुनाव की तैयारी समेट दी। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में असली मेहनत सिर्फ उम्मीदवार ने की, जबकि पार्टी के भीतर ही विरोध ने उनकी राह मुश्किल कर दी। राजद-कांग्रेस गठबंधन पर भी उन्होंने बेबाक राय रखते हुए कहा कि यह साझेदारी कांग्रेस के लिए लगातार नुकसानदेह साबित हो रही है। 'राजद के साये में कांग्रेस का जनाधार क्षीण होता जा रहा है और नेतृत्व आंखें मूंदे बैठा है,' वर्मा ने तीखे शब्दों में कहा। अंत में उन्होंने मांग की कि पार्टी उन नेताओं और प्रभारियों पर कठोर कार्रवाई करे जिन्होंने टिकट बंटवारे में अनुशासन, नैतिकता और संगठनात्मक गरिमा—तीनों को ताक पर रखकर पार्टी को इस मुकाम तक पहुंचाया। गौतम वर्मा का यह बयान न सिर्फ कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति को उजागर करता है, बल्कि यह भी बताता है कि जमीनी कार्यकर्ता आखिर किन वजहों से नेतृत्व से लगातार दूर होते जा रहे हैं।

## रूपौली पुलिस का त्वरित प्रहार : 8 लीटर देसी शराब जब्त, दो गिरफ्तार, कानून की सख्ती ने तोड़ी अवैध कारोबार की कमर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** अवैध शराब के विरुद्ध रूपौली थाना पुलिस ने कल 17 नवंबर 2025 को जिस फुर्ती और दृढ़ता के साथ कार्रवाई की, उसने इलाके में फैले इस काले व्यापार की रीढ़ तोड़कर रख दी है। पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश डालते हुए कुल 8 लीटर देसी शराब बरामद की और इस धंधे में संलिप्त दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर यह साबित कर दिया कि अब गैरकानूनी शराब कारोबारियों की दाल गलने वाली नहीं।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक युवक—डेविड कुमार सोरेन, उम्र 19 वर्ष, पिता महेश सोरेन, सा0 मैनी संथाल, थाना रूपौली—को पकड़ा। साथ ही एक महिला अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया गया, जिसकी भूमिका पूरे प्रकरण में गंभीर मानी जा रही है। दोनों से पूछताछ के बाद पुलिस आगे की कड़ियों को जोड़ने में जुट गई है, ताकि पूरे नेटवर्क को धराशायी किया जा सके। इलाके में इस छापेमारी की चर्चा पूरे दिन रही, क्योंकि पुलिस ने बिना किसी पूर्व संकेत के अचानक कार्रवाई कर दी, जिससे अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी ने कार्रवाई पर स्पष्ट और कठोर संदेश देते हुए कहा, 'अवैध शराब का धंधा हमारे समाज को भीतर से खोखला करता है। 08 लीटर देसी शराब की बरामदगी और दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी इस बात का प्रमाण है कि पुलिस कोई ढिलाई नहीं बरतेगी। यह अभियान लगातार और कड़े रूप में जारी रहेगा। जो भी इस व्यापार में शामिल पाया जाएगा, कानूनी कार्रवाई से बच नहीं पाएगा।' उनके बयान ने साफ कर दिया कि यह सिर्फ एक दिन की कार्रवाई नहीं, बल्कि क्षेत्र को शराबमुक्त बनाने का दीर्घकालिक संकल्प है। इस छापेमारी के बाद क्षेत्र में राहत और भरोसे का माहौल देखने को मिला। लोगों का कहना है कि पुलिस की इस तत्परता से अवैध शराब की आपूर्ति अचानक थम गई है और उन इलाकों में भी शांत वातावरण महसूस हुआ, जहाँ पहले देर रात तक संदिग्ध गतिविधियाँ दिखाई देती थीं। रूपौली पुलिस ने यह संदेश दृढ़ता के साथ दे दिया है कि कानून की आँखें खुली हैं और उसके कदम तेज—अपराध चाहे कितना छोटा ही क्यों न हो, अब बचने की कोई राह नहीं।

## चोरी के टेम्पो से 240 लीटर विदेशी शराब जब्त, तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद/कटिहार।** अमदाबाद पुलिस ने एक चोरी के टेम्पू से कुल 240.870 लीटर विदेशी शराब बरामद करते हुए एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है।

अमदाबाद थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गोविन्दपुर ढ़ाला के नीचे पुल के पास एक व्यक्ति बंगाल से भारी मात्रा में अवैध शराब की खेप लेकर एक टेम्पू में आ रहा है। सूचना के सत्यापन को लेकर थानाध्यक्ष ने तत्काल अपने पुलिस बल के साथ वाहन जाँच अभियान शुरू किया। जाँच के क्रम में पुलिस टीम ने गोविन्दपुर ढ़ाला के नीचे पुल के पास संदिग्ध टेम्पू को रोककर उसकी गहन तलाशी ली। तलाशी के दौरान टेम्पू के अंदर छिपाकर रखी गई 240.870 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। इसके साथ ही पुलिस ने मौके से तस्कर अमन राय (32) पिता स्व. कुलदीप राय साकिन ड्राइवर टोला, मुनिधार, थाना नगर, जिला कटिहार को विधिवत गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में कांड दर्ज कर लिया है और अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## खोजरहा कामत टोला में जमीन विवाद में खूनी संघर्ष, बुजुर्ग की मौत से गांव में तनाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा कोठी प्रखंड के मुलिकिया पंचायत के वार्ड संख्या 12, खोजरहा कामत टोला में मंगलवार की सुबह एक मामूली दिखने वाला जमीन विवाद अचानक हिंसक रूप ले बैठा और 60 वर्षीय नीरो मंडल की जान ले गया। पूरे गांव में हालात तनावपूर्ण हैं और लोग घटनाक्रम से सदमे में हैं।**

सुबह नीरो मंडल विवादित जमीन पर मेड़ की कटाई कर रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार इसी दौरान उसी जमीन पर दावा करने वाले ज्ञानचंद्र मंडल, केदार मंडल और उनके परिजन अचानक लाठी-डंडों के साथ वहां आ धमके। पहले गाली-गलौज हुई, फिर बात धक्का-मुक्की से होते हुए अचानक हमले तक पहुंच गई। नीरो मंडल पर एक साथ कई लोगों ने वार कर दिए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़े। शोर सुनकर मृतक के पुत्र रविंद्र मंडल और आसपास के लोग दौड़े, किसी तरह हालात काबू में आए, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। ग्रामीण उन्हें घर ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उनकी मौत हो गई। घटना से पूरे टोले में दहशत फैल गई और लोग समूह बनाकर हालात पर नजर बनाए रहे। सूचना मिलते ही बड़हरा थानाध्यक्ष संजय कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और रविंद्र मंडल के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत बच्चों व शिक्षकों ने निकाली प्रभात फेरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमौर।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय बागदर एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय बागदर में नशा मुक्त अभियान के तहत स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने जागरूकता के उद्देश्य से प्रभात फेरी निकाली। कार्यक्रम का नेतृत्व मध्य विद्यालय बागदर के प्रधानाध्यापक मो. अरशद हुसैन ने किया। प्रभात फेरी के दौरान बच्चों ने— 'ज्ञान हमें फैलाना है, नशे को दूर भगाना है', 'नशे में रहोगे चूर, तो परिवार से रहोगे दूर' जैसे प्रभावी नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक पारस कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर पूरे पोषक क्षेत्र में नशा मुक्त अभियान के तहत प्रभात फेरी और जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को न केवल नशे से दूर रखें बल्कि प्रतिदिन विद्यालय भेजें, ताकि वे शिक्षा के साथ-साथ सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानाध्यापक अरशद हुसैन, रुपा कुमारी, मजहर अंसारी, सम्बरी खातून, पारस कुमार, सुम्बुल खान, साक्षी राज, भुवनेश्वर विश्वास, सोनम अनंत, काजल कुमारी, रिफत अमन, प्रवीण कुमार, शीतल सिंह, स्वाति पाल, मुकेश कुमार झा, सुभाष रंजन, विद्यानंद विश्वास, पुष्पा कुमारी, रुपा रानी, फैजान मोअज्जम, इनायतुल्लाह, मिफताउल कादरी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

## गैस गोदाम में खड़े ट्रक में लगी आग बड़ी दुर्घटना टली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बलरामपुर/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के बिहार बंगाल सीमा पर अवस्थित राधा रानी एचपी गैस एजेंसी में विगत रात्रि खड़ी ट्रक में आग लगने से चारों तरफ अफरा तफरी मच गया। बताया जा रहा है कि पूर्णिया से वह ट्रक भरी हुई गैस सिलेंडर को लेकर गोदाम पहुंचा। भरी सिलेंडर को खाली करने के बाद ड्राइवर ने जैसे हो इंजन स्टार्ट किया पूरी गाड़ी में आग फैल गई।

किसी तरह ड्राइवर गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाने में कामयाब रहा। लेकिन देखते ही देखते पूरी ट्रक धुधु कर जलकर राख हो गया। ट्रक ड्राइवर अरुण यादव ने बताया कि इंजन स्टार्ट करने के दौरान शॉट सर्किट से आग लगी है। इसी बीच सुचना पाकर दमकल कि गाड़ी दलबल के साथ पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास में लग गया तथा काफी मुशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। संजोग रहा कि गाड़ी में भरी हुई सिलेंडर था। घटना को लेकर आसपास के लोग काफी सहमे हुए थे। क्योंकि गैस गोदाम से सटा पटसन का गोदाम था जिसमें काफी पटसन भरा था। लोगों का मानना है कि अगर ट्रक में सिलेंडर होता तो आसपास में जान माल की काफी तबाही होता।

## जिले में बीज वितरण का कार्य जारी : डीएओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** जिले के सभी प्रखंडों में रबी फसल की बुआई को लेकर बीज वितरण का कार्य जारी है। जिला कृषि कार्यालय द्वारा 17 नवंबर 2025 को जारी रिपोर्ट के अनुसार, जिले में रबी मौसम के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत बीज वितरण का कार्य चल रहा है।

प्राप्त कुल बीज 5331.36 यूनिट के मुकाबले, अब तक मात्र 3086.00 यूनिट बीज का ही वितरण किया जा सका है, जो कुल लक्ष्य का 57.88 प्रतिशत है। चना और तीसी अलसी के बीज वितरण में प्रगति शून्य है। जबकि मटर और मसूर में बेहतरीन प्रगति देखने को मिला है। विभिन्न घटकों को मिलाकर मटर बीज वितरण में कुल 80.67 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की गई है। राज्य योजना के तहत मटर वितरण लगभग 100 फीसदी 99.59 प्रतिशत तक पहुँच चुका है। जबकि मसूर बीज वितरण में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 81.25 प्रतिशत वितरण पूरा कर लिया गया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत मसूर वितरण 92.96 प्रतिशत के स्तर को छू चुका है।साथ ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत सरसों का वितरण भी संतोषजनक रहा है, जहाँ 76.90 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की गई है। जिले में सबसे प्रमुख रबी फसल गेहूं के बीज वितरण की गति भी धीमी दिख रही है। राज्य योजना के तहत गेहूं वितरण मात्र 27.17 प्रतिशत पर ही रुका हुआ है।

## जाली वंशावली से जमीन हड़पने की साजिश का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कानून का शिकंजा अब बाकी नामजदों पर भी कसना तय**

**के नगर/ चम्पानगर/ पूर्णिया।** जमीन कब्जे की साज़िशों में जाली कागजात नई बात नहीं, लेकिन इस बार चम्पानगर पुलिस ने एक ऐसा फजीर्वाड़ा पकड़ा है जिसने पूरे इलाके में चर्चा छेड़ दी है। प्राणपट्टी गाँव की जमीन को हड़पने के लिए तैयार की गई जाली वंशावली का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी दिनेश मेहता को दबोच लिया। थानाध्यक्ष अनुपम राज ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में पूर्णिया भेज दिया गया है।

यह मामला सिर्फ एक जमीन विवाद नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से दूसरों की पुश्तैनी सम्पत्ति पर कब्जा जमाने के लिए रची गई एक बड़ी चाल का हिस्सा बताया जा रहा है। फरीयादी हरिनारायण मेहता की शिकायत पर दर्ज कांड संख्या 125/2025 में कुल सात लोगों को नामजद किया गया था—जिनमें स्थानीय उपमुख्य पार्षद सतीश मेहता तक का नाम शामिल है। आरोप है कि पूरे गिरोह ने वादी के दादा की जमीन को अपने नाम चढ़वाने के लिए फर्जी वंशावली तैयार कराई और इसे अंचल कार्यालय में प्रस्तुत भी कर दिया।

सदर-II अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा की गई स्थलीय जांच ने पूरे मामले की परतें खोल दीं। रिपोर्ट में साफ कहा गया कि प्रस्तुत वंशावली दस्तावेज पूरी तरह फर्जी है और यह जमीन हड़पने की सीधी कोशिश है। जैसे ही रिपोर्ट सामने आई, पुलिस के स्तर पर त्वरित कार्रवाई का आदेश जारी हुआ और पहला शिकंजा दिनेश मेहता पर कस गया। अब सवाल यह है कि क्या बाकी नामजद आरोपी भी जल्द गिरफ्त में आएंगे? स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे मामलों में अक्सर कार्रवाई आधी-अधूरी रह जाती है, लेकिन इस बार प्रशासन की तत्परता इस बात का संकेत देती है कि पूरा गिरोह कानून की पकड़ से बचने वाला नहीं। एक बात साफ है—वंशावली के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वालों के लिए यह गिरफ्तारी चेतावनी है कि कानून की निगरानी भले देर से दिखे, पर उसकी पकड़ बेहद कड़ी होती है।

## कटिहार रेल मंडल ने चलाया सघन टिकट जांच अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**साढ़े तीन लाख की राशि बेटिकट यात्री से वसूली**

**कटिहार।** कटिहार मंडल के डीआरएम के निदेशानुसार रेल मंडल में लगातार सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा सहायक वाणिज्य प्रबंधक कुमार जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टिकट जांच अभियान संचालित किया गया।

इस स्पेशल अभियान में स्क्वाड-ए स्क्वाड-बी और स्क्वाड-सी की संयुक्त टीम शामिल रही। एसीएम कुमार जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस अभियान में दो कमर्शियल इंस्पेक्टर, चार मुख्य टिकट जांच परीक्षक,11 टिकट जांच परीक्षक तथा दो आरपीएफ जवानों की टीम ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान ट्रेन संख्या 15228, 75755, 12487 सहित कई महत्वपूर्ण ट्रेनों में सघन जांच की गई। जांच अभियान के दौरान 326 बिना टिकट यात्रियों से जुमार्ना वसूला गया।190 अनियमित यात्रियों पर दंड अधिरोपित किया गया। कुल मिलाकर रेलवे को 3,40,339 तीन लाख चालीस हजार तीन सौ उनचालीस रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। इस संदर्भ में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि कटिहार रेल मंडल में लगातार चल रहे ऐसे टिकट चेकिंग अभियानों से यात्रियों में टिकट लेकर यात्रा करने की जागरूकता बढ़ी है। यह अभियान रेलवे की राजस्व वृद्धि के साथ-साथ यात्री सुविधाओं एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## ईवीएम वज्र ग्रह में पूर्णिया में मशीनों की अंतिम मुहर के साथ चुनावी सफर सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पूर्णिया।** जिले में विधान सभा आम निर्वाचन 2025 की मतदान प्रक्रिया के बाद ईवीएम और पर्ची पथ प्रदर्शक यंत्रों की सुरक्षा को लेकर मंगलवार का दिन निर्णायक रहा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देशन में सभी मशीनों को क्रमांक मिलान, अभिलेख सत्यापन और निर्धारित प्रक्रियाओं से गुजरते हुए सुदृढ़ कक्ष में अंतिम रूप से सुरक्षित कर दिया गया।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में यह पूरा कार्य इस तरह सम्पन्न हुआ मानो पारदर्शिता की एक सधी हुई कव्वाली बज उठी हो। मतगणना के उपरांत जिलाधिकारी ने स्वयं गोदाम और सुदृढ़ कक्ष का सूक्ष्म निरीक्षण किया। एक-एक मशीन के क्रमांक का मिलान कराया गया, टैग और मुहरों की पुष्टि की गई तथा मॉक परीक्षण से जुड़े अभिलेखों को भी देखा। इसके साथ ही उन्होंने कक्ष के भीतर और बाहर की साफ-सफाई, चौबीस घंटे संचालित दृश्यांकन उपकरणों की कार्यस्थिति, विद्युत बैकअप की उपलब्धता और निगरानी व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की। सुरक्षा कर्मियों की तैनाती को और सुदृढ़ करने का निर्देश देते हुए उन्होंने पूरी प्रक्रिया को मानक के अनुरूप अंतिम रूप दिलवाया। अंतिम मुहर के बाद जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक मशीन आयोग की प्रक्रिया के तहत सुरक्षित कर दी गई है और पूरी कार्यवाही एकदम पारदर्शी रही। उन्होंने बताया कि मशीन कक्ष पर निरंतर निगरानी जारी है तथा तीन स्तरों पर सुरक्षा व्यवस्था तैनात है। नियंत्रण कक्ष से दृश्यांकन उपकरणों की सीधी निगरानी की जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की चूक की गुंजाइश समाप्त हो जाती है। उनका कहना था कि चुनावी सामग्री की सुरक्षा और विश्वसनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता पर है और इसमें किसी प्रकार का समझौता संभव नहीं। मतदान मशीन नोडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि मतगणना के बाद सभी मशीनों का दोबारा भौतिक सत्यापन किया गया और अभिलेख तैयार कर सुरक्षित रखा गया। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया आयोग के निदेशों के अनुसार की गई है तथा राजनीतिक दलों की उपस्थिति ने पारदर्शिता को और मजबूती दी है। उनके अनुसार सुरक्षित भंडारण के बाद अब सभी मशीनें निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सुदृढ़ कक्ष में सुरक्षित हैं। सुदृढ़ कक्ष की रक्षा के लिए तीन परतों में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। बाहर से लेकर भीतर तक हर स्तर पर सुरक्षा कर्मी मुस्तैद हैं। दृश्यांकन उपकरणों की सीधी प्रसारण प्रणाली जिलाधिकारी कार्यालय और नियंत्रण कक्ष में लगातार देखी जा रही है। प्रवेश द्वार पर आगंतुक पंजीकरण, सुरक्षा जांच और चौबीस घंटे की पहरेदारी लागू है। मशीन कक्ष की चाबियाँ अलग-अलग अधिकारियों के पास सुरक्षित प्रोटोकॉल के अनुसार रखी गई हैं। पूर्णिया जिले में ईवीएम और पर्ची पथ प्रदर्शक यंत्रों की यह अंतिम मुहर केवल एक औपचारिक प्रक्रिया भर नहीं, बल्कि यह भरोसे का वह सुर है जो चुनावी पारदर्शिता और सुरक्षा की कव्वाली को पूरा करता है।

## रेकॉर्ड कीमत के बावजूद सोने का आयात 200 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी टैरिफ के बीच भारत से तमाम चीजों का निर्यात अक्टूबर में सालभर पहले के मुकाबले 11.8 प्रतिशत घटकर 34.38 बिलियन डॉलर रहा। कॉमर्स मिनिस्ट्री से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, आयात 16.63 प्रतिशत बढ़कर 76.06 बिलियन डॉलर का रहा और इसके चलते व्यापार घाटा 41.68 बिलियन डॉलर के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इंपोर्ट का आंकड़ा बढ़ाने में गोल्ड और सिल्वर का बड़ा योगदान रहा अक्टूबर में सोने का आयात करीब 200 प्रतिशत बढ़कर 14.72 बिलियन डॉलर रहा। वहीं, 2.71 बिलियन डॉलर की चांदी आयात की गई, जो सालभर पहले से 528.71 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं, अमेरिका को एक्सपोर्ट अक्टूबर में सालभर पहले के 6.9 बिलियन डॉलर से घटकर 6.31 बिलियन डॉलर पर आ गया। हालांकि यह सितंबर के 5.47 बिलियन डॉलर से ज्यादा रहा। कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने पिछले साल के अप्रैल से अक्टूबर तक में 47.32 बिलियन डॉलर के मुकाबले इस बार 52.12 बिलियन डॉलर के एक्सपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, ओवरऑल पॉजिटिव ट्रेड है। मासिक आधार पर भी बढ़त है। एफआईईओ के प्रेसिडेंट एस सी रल्हन ने कहा, निर्यात पर दबाव से वैश्विक आर्थिक मंदी का पता चल रहा है। कई प्रमुख बाजारों में कम मांग और कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव की स्थिति है। नियत को सपोर्ट देने वाले उपाय बढ़ाने के साथ तमाम योजनाओं के तहत लाभों को निर्यातकों के लिए जल्द जारी किया जाना चाहिए। सरकार ने सोमवार को कुछ खास तरह की प्लैटिनम जूलरी के आयात पर अगले साल अप्रैल तक के लिए पाबंदी लगा दी है। इस कदम का मकसद मुक्त व्यापार समझौतो के गलत इस्तेमाल को रोकना है।

## सरकार ने इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीरो कर दिया जीएसटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीएसटी2.0 के तहत सरकार ने सभी पर्सनल लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर लगने वाले 18 प्रतिशत गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स को खत्म कर दिया है। इस सुधार का मकसद बीमा को आम लोगों के लिए ज्यादा सस्ता और सुलभ बनाना है। हालांकि, ग्रुप इंश्योरेंस पॉलिसियों जैसे कि कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को दी जाने वाली पॉलिसी पर 18 प्रतिशत जीएसटीपहले की तरह लगता रहेगा। सरकार की यह पहल बीमा खरीदने वालों, खासकर पहली बार पॉलिसी लेने वालों और मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर की गई है। सरकार के इस कदम के बावजूद सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स पर कई ग्राहकों ने शिकायत की है कि जब उन्होंने अपनी लाइफ या हेल्थ पॉलिसी को रिन्यू कराने या नई पॉलिसी खरीदने की कोशिश की, तो उन्हें जीएसटीकटौती का फायदा नहीं मिला। सर्वे में शामिल 43 प्रतिशत लोगों का कहना है कि 22 सितंबर, 2025 के बाद पॉलिसी खरीदने या रिन्यू कराने पर उन्हें जीएसटीछूट का फायदा नहीं मिला।

# वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय विमानन उद्योग में सुधार के संकेत, आईसीआरए ने लगाया अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेटिंग एजेंसी आईसीआरए ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारतीय नागरिक उड्डयन उद्योग पर अपना आउटलुक स्थिर बनाए रखा है। एजेंसी का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में घरेलू हवाई यात्री यातायात में चार से छह प्रतिशत की मामूली वृद्धि देखने को मिल सकती है। जहां तक भारतीय विमानन कम्पनियों के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात वृद्धि का प्रश्न है, आईसीआरए का अनुमान है कि यह वृद्धि 2025-26 में 13 से 15 प्रतिशत के बीच रहेगी। वहीं अप्रैल-अक्तूबर 2025 के दौरान घरेलू यात्री यातायात 944.5 लाख रहा। यह सालाना आधार पर 1.6 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। आईसीआरए के अनुसार, इस वर्ष विमानन उद्योग की वृद्धि इससे अधिक हो सकती थी, लेकिन सीमापार तनाव के कारण उड़ान रद्द होने और व्यवधानों के साथ-साथ जून 2025 में हुई दुखद एआई171 दुर्घटना ने यात्रियों में अस्थायी झिझक पैदा की, जिससे मांग पर असर पड़ा।

**आगामी तिमाहियों में कमजोरी की आशंका:** एजेंसी ने कहा कि ये कारक, अमेरिकी टैरिफ

से उत्पन्न व्यापार बाधाओं के साथ मिलकर, आगामी तिमाहियों में व्यापारिक भावनाओं को कमजोर करेंगे। इसी प्रकार, आईसीआरए ने कहा है कि नवंबर 2025 में वायु यातायात नियंत्रण (एटीसी) से संबंधित व्यवधान, जिसके कारण उड़ानें रद्द होंगी, वृद्धि में एक अतिरिक्त (हालांकि कम) बाधा उत्पन्न करेगा।

**एटीएफ और भारतीय रुपये से डॉलर की विनिमय दर:** आईसीआरए ने कहा कि एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों और भारतीय रुपये से डॉलर की विनिमय दर के साथ इसके जुड़ाव के कारण प्रतिफल की गति पर नजर रखी जा सकेगी, क्योंकि दोनों का एयरलाइनों की लागत संरचना पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024-25 में एटीएफ की औसत कीमतें 95,181 रुपये प्रति किलोलीटर रहीं, जो साल-दर-साल आधार पर 8.0 प्रतिशत कम है। इसके अलावा, 1 अप्रैल, 2025 से 1 नवंबर, 2025 तक एटीएफ की कीमतों में साल-दर-साल 6.5 प्रतिशत की कमी आई है। ईंधन लागत एयरलाइनों के परिचालन व्यय का 30-40 प्रतिशत है, जिसमें विमान पट्टे का भुगतान भी शामिल है। आईसीआरए को उम्मीद है कि भारतीय विमानन उद्योग को 2025-26 में 95-105 अरब रुपये का शुद्ध घाटा होगा।

# आधी कीमत पर माल बेचेगी रिलायंस

### नेस्ले, गोदरेज, इमामी... बड़े उलटफेर की तैयारी में मुकेश अंबानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का पेट फूड्स यानी पालतू जानवरों के खाने का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। अब इस मार्केट में रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स भी उतरने की तैयारी में है। रिलायंस अपने पेट फूड्स को बाजार में मौजूद बड़े नामों जैसे नेस्ले, मार्स, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और इमामी की तुलना में आधे दाम पर बेचने की योजना बना रही है। ईटी की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि रिलायंस ने अपने वितरकों और व्यापारिक साझेदारों को बताया है कि वे अपने ब्रांड वैगीज़ को मौजूदा कंपनियों के मुकाबले 20-50त्न सस्ता बेचेगी। यह वैसी ही रणनीति है जैसी रिलायंस ने कोला बाजार में अपनाई थी।

### 60 करोड़ ग्राहकों पर नजर

रिलायंस के कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिवीजन के डायरेक्टर टी. कृष्णकुमार ने जून में एक इंटरव्यू में कहा था कि कंपनी मार्च 2027 तक अपने कंज्यूमर पोर्टफोलियो को पूरे देश में उपलब्ध कराना चाहती है। कृष्णकुमार कोका-कोला के प्रमुख रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि [illegible] की रणनीति 60 करोड़ आम ग्राहकों पर ध्यान केंद्रित करने की है। कंपनी परचून की दुकानों के साथ मिलकर काम कर रही है और उन्हें आज के हिसाब से मार्जिन दे रही है।

एक अधिकारी ने बताया कि ये पेट फूड्स सामान्य दुकानों और छोटे शहरों में भी आसानी से उपलब्ध होंगे। इस बारे में आरसीपीएल ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। रिलायंस सॉफ्ट ड्रिंक्स, जूस, एनर्जी ड्रिंक्स, पानी और रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजों को मौजूदा कंपनियों के मुकाबले 20-40त्न कम दाम पर बेच रही है। इस वजह से कई कंपनियां अपने ग्राहकों के लिए खास ऑफर ला रही हैं, अपने डीलरों को ज्यादा मार्जिन दे रही हैं या फिर छोटे और सस्ते पैक बाजार में उतार रही हैं। हालांकि रिलायंस का कोई भी ब्रांड अभी तक पूरे देश में नहीं फैला है। रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार भारत का पेट केयर बाजार 2028 तक दोगुना होकर 7 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो अभी 3.5 अरब डॉलर है। साल 2019 में जहां भारत में पेट्स की संख्या 2.6 करोड़ थी, वहीं 2024 में यह बढ़कर 3.2 करोड़ हो गई। पेट-केयर कैटेगरी में बड़े ब्रांड्स में पेडिग्री, पुरीना, सुपरटेल्स और रॉयल कैनिन शामिल हैं। वहीं, हेड्स अप फॉर टेल्स एंड ड्रोल्स जैसे स्टार्टअप्स भी इस सेक्टर में सक्रिय हैं।

# दूसरी तिमाही में जीडीपी दर 7.5 प्रतिशत के आसपास रहने की उम्मीद

### = एसबीआई की रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एसबीआई ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर लगभग 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट के अनुसार निवेश गतिविधियों में तेजी, ग्रामीण खपत में सुधार और जीएसटी सुधार के प्रभाव से अर्थव्यवस्था को सहारा मिलेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि सेवा और विनिर्माण दोनों क्षेत्रों में तेजी के साथ-साथ संरचनात्मक सुधारों से भी विकास को बल मिल रहा है।

### इन क्षेत्रों में दिखी उल्लेखनीय तेजी

रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि कृषि, उद्योग और सेवाओं के संकेतकों में उल्लेखनीय तेजी देखी गई है। उपभोग और मांग में वृद्धि दर्शाने वाले प्रमुख संकेतकों की हिस्सेदारी दूसरी तिमाही में बढ़कर 83 प्रतिशत हो गई। वहीं पहली तिमाही में यह 70 प्रतिशत थी, व्यापक सुधार का संकेत है।

### उम्मीद: सीबीडीटी चेयरमैन बोले- प्रत्यक्ष कर संग्रह 6.99 प्रतिशत बढ़ा

# 25.20 लाख करोड़ का कर लक्ष्य हासिल करना संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा, चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट में निर्धारित 25.20 लाख करोड़ रुपये के आयकर संग्रह लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। अग्रवाल ने सोमवार को भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में करदाताओं के लाउंज के उद्घाटन के अवसर पर कहा, प्रत्यक्ष कर संग्रह पिछले वर्ष की तुलना में 6.99 फीसदी की दर से बढ़ रहा है।?यह उत्साहजनक रुझान है और करदाताओं की प्रतिक्रिया भी अच्छी रही है। हमें उम्मीद है कि साल के अंत तक हम 25.20 लाख करोड़ का कर संग्रह लक्ष्य हासिल कर लेंगे।

चालू वित्त वर्ष 2025-26 में एक अप्रैल से 10 नवंबर के बीच शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 6.99 फीसदी बढ़कर 12.92 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। कॉरपोरेट कर संग्रह और धीमी रिफंड दर मुख्य वजह रही। 10 नवंबर तक 2.42 लाख करोड़ का रिफंड जारी किया गया, जो 18 फीसदी कम है।

एक अप्रैल से लागू होने वाले नए आयकर नियमों पर सीबीडीटी चेयरमैन ने कहा, नए नियमों और फॉर्म

को साल के अंत या जनवरी, 2026 तक अधिसूचित किए जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, आईटीआर फॉर्म प्रासंगिक और कारोबारी सुगमता के सिद्धांत पर आधारित होने चाहिए, ताकि करदाताओं पर अनावश्यक बोझ न पड़े। इसलिए, हम इसे जनवरी तक लागू करने की दिशा में काम कर रहे हैं। अग्रवाल ने कहा, हमारा उद्देश्य करदाताओं के लिए नए?आयकर फॉर्म को सरल और सुगम बनाना है, क्योंकि यही पहला जरिया है, जिसके माध्यम से अनुपालन करना सुनिश्चित होता है।? रिफंड जारी करने में देरी के बारे में अग्रवाल ने कहा, जांच में पाया गया कि कुछ गलत रिफंड या कटौतियों का दावा किया जा रहा था। विभाग कुछ रिफंड दावों का विश्लेषण कर रहा है, जो उच्च राशि के थे या जिन्हें प्रणाली ने लाल झंडी दिखा दी थी। यह एक सतत प्रक्रिया है। करदाताओं से भी कहा गया है कि अगर वे कुछ भूल गए हैं तो संशोधित रिटर्न दाखिल करें। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि शेष रिफंड इस महीने या दिसंबर तक जारी कर दिए जाएंगे। हालांकि, कम राशि के रिफंड जारी किए जा रहे हैं।

## डीमर्जर होते ही टाटा मोटर्स पर मंडराया बाहर होने का खतरा, इंडिगो को मिल सकती है जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स पर एक बार फिर सेंसेक्स से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। हाल में कंपनी का डीमर्जर हुआ है और कमर्शियल वीकल बिजनेस अलग होने से कंपनी का मार्केट कैप बंट गया है। टाटा मोटर्स के कमर्शियल वीकल डिवीजन का मार्केट कैप 1.19 लाख करोड़ रुपये है जबकि पैसेंजर वीकल यूनिट का बाजार मूल्य 1.37 लाख करोड़ रुपये है। टाटा मोटर्स 30 शेयरों वाले सेंसेक्स के मूल घटकों में शामिल है। हालांकि कंपनी पहले भी सेंसेक्स से बाहर हो चुकी है। बिजनेस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट के मुताबिक अगले महीने टाटा मोटर्स को सेंसेक्स से बाहर होना पड़ सकता है जबकि देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की पेरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन को इंडेक्स में जगह मिल सकती है। इसका मार्केट कैप 2.27 लाख करोड़ रुपये है। दिसंबर रिव्यू की घोषणा अगले कुछ दिनों में हो सकती है। टाटा मोटर्स इससे पहले दिसंबर 2019 में भी सेंसेक्स से बाहर हुई थी और दिसंबर 2022 में इसे फिर से इंडेक्स में जगह मिली थी। सेंसेक्स 1 जनवरी, 1986 को लॉन्च हुआ था। इसके 30 स्टॉक्स में से केवल 3 स्टॉक ही लगातार इसमें बने हुए हैं। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी शामिल हैं। साथ ही लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा भी बने हुए हैं। हालांकि ये कई बार अंदर-बाहर हुए हैं। नेस्ले को जून में बाहर होना पड़ा था।

# गिरते-गिरते 90,000 डॉलर से नीचे आई बिटकॉइन की कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे पुरानी, सबसे लोकप्रिय और सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन में गिरावट का दौर जारी है। सात महीने में पहली बार इसकी कीमत 90,000 डॉलर से नीचे गिर आ गई है। इसके साथ ही बिटकॉइन ने इस साल की अपनी सारी बढ़त गंवा दी है। अक्टूबर में यह 126,000 डॉलर से भी ऊपर थी, लेकिन उसके बाद इसमें लगभग 30त्न की गिरावट आई है। एशियाई बाजार में यह 2त्न गिरकर 89,953 डॉलर पर कारोबार कर रही थी। जानकारों का कहना है कि अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती को लेकर अनिश्चितता और शेयर बाजारों में आई नरमी क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों को नीचे खींच रही है।

दुनिया की दूसरी बड़ी क्रिप्टोकरेंसी ईथर भी महीनों से दबाव में है। अगस्त में यह 4,955 डॉलर से ऊपर थी, लेकिन अब इसमें लगभग 40त्न की गिरावट आई है। मंगलवार को यह 1त्न गिरकर 2,997 डॉलर पर कारोबार कर रही थी। जानकारों का कहना है कि लिस्टेड कंपनियों और बड़े निवेशकों के अपनी पोजीशन से निकलने के कारण यह बिकवाली और बढ़ रही है। उन्होंने तेजी के दौरान खूब निवेश

किया था। माना जा रहा है कि क्रिप्टोकरेंसी में आई यह गिरावट एक शुरुआती संकेत हो सकती है जो आगे चलकर अन्य बाजारों को भी प्रभावित कर सकती है।

### कहां तक गिरेगी कीमत

रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक इनवेस्टमेंट ऑफिसर मैथ्यू डिब ने कहा कि कुल मिलाकर रिप्टो में भावनाएं काफी कमजोर हैं और यह अक्टूबर में हुए बड़े कर्ज की सफाई के बाद से ऐसा ही है। अगला सपोर्ट लेवल 75,000 डॉलर है। साफ है कि जब बड़े निवेशक डर जाते हैं और अपना पैसा निकालना शुरू कर देते हैं, तो छोटी क्रिप्टोकरेंसी की कीमतें भी तेजी से गिर सकती हैं।

# बेटे की बीमारी के बाद खुद की आंखों की भी गई रोशनी

## हार नहीं मानी और आज हर महीने 14 लाख का बिजनेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केरल के थोडुपुझा की जैस्मिन की कहानी हिम्मत देने वाली है। यह साबित करती है कि जब जिंदगी सबसे बड़ी चुनौतियां लाती है तो इंसान अपनी अदम्य इच्छशक्ति से उन्हें पार कर सकता है। अपने बेटे की मस्तिष्क संबंधी बीमारी (सेरेब्रल पाल्सी) के बाद 10 साल में उनकी अपनी आंखों की भी रोशनी पूरी तरह चली गई। इसके बावजूद जैस्मिन ने हार नहीं मानी। उन्होंने अपनी निराशा को ताकत में बदला। अप्पूज फूड्स की स्थापना की। यह आज हाथ से बने नेयप्पम (मीठे चावल का पकवान) का सफल कारोबार बन चुका है। आंखों की रोशनी न होने के बावजूद वह न केवल अपनी कंपनी के फाइनेंस और प्रोडक?शन को संभालती हैं, बल्कि अपने जज्बे से कई लोगों को प्रेरित भी करती हैं। आइए, यहां

जैस्मिन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

जैस्मिन का जीवन चुनौतियों से भरा रहा। 1998 में शादी के बाद उनके बेटे अखिल को सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क संबंधी बीमारी) का पता चला। इसने परिवार को सालों तक इलाज के लिए कई शहरों की यात्रा करने के लिए मजबूर किया। लेकिन, मुश्किलें यहीं खत्म नहीं हुईं। 2001 में जैस्मिन को एक तंत्रिका संबंधी समस्या विकसित हुई। अगले 10 वर्षों के भीतर उन्होंने अपनी आंखों की रोशनी पूरी तरह से खो दी। एक संघर्षरत बेटे और बिगड़ते स्वास्थ्य के बीच उन्होंने असहाय महसूस किया। लेकिन, वह जानती थीं कि उन्हें अपने परिवार खासकर अपने बेटे के लिए चलते रहना है। इसी दौरान वेलंकन्नी चर्च की एक यात्रा उनके जीवन में एक बड़ा मोड़ लेकर आई।

### ऐसे मिला पहला बड़ा ऑर्डर

जैस्मिन की दृढ़ता का सबसे बड़ा प्रमाण 2009 में मिला। तब कोट्टायम में अल्फोंसो चर्च महोत्सव के लिए 1,200 किलो नेयप्पम का पहला बड़ा ऑर्डर उनके हाथ लगा। केवल चार कर्मचारियों के बावजूद उन्होंने टेंट लगाकर और अतिरिक्त लोगों को काम पर रखकर दस दिनों में सफलतापूर्वक ऑर्डर पूरा किया। यह वेंचर के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ था। 2010 तक उन्होंने चर्चों, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को सप?लाई करने के लिए अपने घर के पास एक छोटी मिल स्थापित की। 2011 तक उनकी दृष्टि पूरी तरह जा चुकी थी। लेकिन, तब तक उन्होंने सब कुछ अपने दम पर करना सीख लिया था। आज, वह छूकर नेयप्पम के आकार और बनावट का निरीक्षण कर सकती हैं। वह फाइनेंस, सैलरी और यहां तक कि बैटर को मिलाने जैसे महत्वपूर्ण कामों को भी संभालती हैं। महामारी के दौरान मांग में गिरावट आने पर उन्होंने चावल, रागी और पुट्टु आटा जैसे नए उत्पाद पेश करके अपने व्यवसाय में विविधता लाई। इससे उनके कर्मचारियों की नौकरी सुरक्षित रही। आज जैस्मिन का वेंचर हर महीने औसतन 1,500 किलो नेयप्पम का उत्पादन करता है। पीक सीजन, खासकर जुलाई में अल्फोंसो चर्च उत्सव के दौरान उत्पादन 10 दिनों में 7,000 किलो से अधिक हो जाता है। इससे मासिक राजस्व 14 लाख रुपये तक पहुंच जाता है। जैस्मिन का थोक मूल्य 220 रुपये प्रति किलो है। वह न केवल सफल उद्यमी हैं, बल्कि एक कम?युनिटी लीडर भी हैं जो अपने कर्मचारियों को पोस्ट ऑफिस बचत खातों के जरिये बचत करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

# क्लीनिकल स्टेब्लिशमेंट एक्ट से संबंधित बैठक

## अवैध रूप से संचालित क्लिनिकों की जांच का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट एवं क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित समिति के सदस्य एवं चिकित्सक उपस्थित थे। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सदस्यों को एक्ट एवं क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि जिले में एक्ट के तहत कुल 7 अल्ट्रासाउंड क्लीनिक संचालित है, 2 नए अल्ट्रासाउंड क्लीनिक के संचालन हेतु आवेदन प्राप्त हुए है एवं क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत कुल 58 क्लीनिक संचालित है।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि एक्ट के तहत सभी गाइडलाइंस का अनुपालन सुनिश्चित करना समिति के सदस्यों का उत्तरदायित है। सभी सदस्यों को उनके भूमिका एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। उपायुक्त ने कहा कि अल्ट्रासाउंड क्लीनिक एवं क्लीनिक के संचालन हेतु सभी अधिनियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है, ताकि भ्रूण लिंग परीक्षण जैसी कुप्रथाओं पर अंकुश लगाया जा सके एवं निजी चिकित्सा संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित हो सके। क्लीनिक में चिकित्सक होना अनिवार्य है, साथ हीं लैब रेट चार्ट डिसप्ले भी किया जाए। जिससे मरीजों को समस्या न हो। एक्ट के सम्पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने को लेकर सभी सदस्यों से सक्रिय भूमिका निभाने, जनजागरूकता बढ़ाने एवं आवश्यकता अनुसार ससमय छापेमारी करने पर बल दिया गया। बैठक में सदस्यों के रूप में जन प्रतिनिधि, सिविल सर्जन, चिकित्सक, अधिवक्ता, आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बकायेदारों को मिला अल्टीमेटम

**रांची।** होल्डिंग टैक्स के बड़े बकायेदारों ने एक सप्ताह के अंदर बकाया होल्डिंग टैक्स की राशि का भुगतान नहीं किया तो रांची नगर निगम की ओर से दी जा रही नागरिक सुविधाएं स्थायी/अस्थाई रूप से बंद कर दी जाएगी।

नगर निगम की ओर से वैसे 100 होल्डिंग धारकों की सूची जारी की गई, जिन्होंने नोटिस दिए जाने के बाद भी होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं किया। संबंधित होल्डिंग धारकों ने वित्तीय वर्ष 2016-17 से वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के चतुर्थ तिमाही तक होल्डिंग टैक्स के बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है।

संबंधित होल्डिंग धारकों को निर्देश दिया गया है कि सात दिनों के अंदर रांची नगर निगम के कार्यालय स्थित जन सुविधा केंद्र, टैक्स कलेक्टर के माध्यम से या ऑनलाइन माध्यम से बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान करें, अन्यथा झारखंड नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम के तहत निकाय की ओर से दी जा रही नागरिक सुविधाओं को स्थायी/अस्थाई रूप से बंद कर दी जाएगी।

# बाइक सवार अपराधियों ने राहगीर को मारी गोली

- क्षेत्र में दहशत का माहौल
- सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस
- विधायक कार्यालय के पास घटी घटना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** झरिया थाना क्षेत्र के कतरास मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के पास मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे उस समय अफराझतफरी मच गई जब बाइक सवार दो अपराधियों ने सड़क पर पैदल चल रहे एक युवक को नजदीक से गोली मार दी। मौक पर ही युवक की मौत हो गई।

घटना स्थल झरिया की विधायक रागिनी सिंह के कार्यालय से थोड़ी दूरी पर है। गोलीबारी की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और युवक को सड़क पर गिरा हुआ पाया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना झरिया थाने की पुलिस को दी। खबर मिलते ही झरिया थाना पुलिस दलबल के साथ पहुंची और आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली।

युवक को स्थानीय लोगों की मदद से सड़क से उठाकर धनबाद अस्पताल भेजा गया। पाटलिपुत्र अस्पताल के डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान नहीं हो सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अपराधियों ने दो राउंड फायरिंग की और वारदात को अंजाम देने के बाद बाइक से धनबाद की ओर फरार हो गए।

पुलिस ने हमलावरों की पहचान के लिए आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। सिंदरी डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम ने बताया कि मृतक की पहचान और हमलावरों के उद्देश्यों को लेकर अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। मामले की जांच जारी है और पुलिस ने जल्द अपराधियों को पकड़ने का दावा किया है।

घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोपहर के समय यहां भीड़भाड़ रहती है, ऐसे में बीच सड़क पर गोली चलना चिंताजनक है।

# धान खरीद पर किसानों को सरकार देगी बोनस

## समर्थन मूल्य के साथ ही जुड़ा मिलेगा बोनस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड के किसानों को धान बिक्री पर एकमुश्त भुगतान राज्य सरकार करेगी। किसानों को अब किस्त में भुगतान नहीं किया जाएगा। खाद्य आपूर्ति मंत्री इरफान अंसारी ने झारखंड की रजत जयंती के अवसर पर इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इससे किसानों को बिचौलियों से मुक्ति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि किसानों को भुगतान के लिए कतार में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने जामताड़ा में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि किसान मजबूत होंगे तभी समाज मजबूत होगा। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2,369 रुपये प्रति क्विंटल के साथ किसानों को 100 रुपये बोनस भी जोड़कर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इससे संबंधित प्रस्ताव तैयार है, जिसपर जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी ली जाएगी। उन्होंने सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि धान बाहर गया तो कड़ी कार्रवाई होगी। मंत्री ने कहा कि इस बार धान खरीद प्रक्रिया 15 दिसंबर से पहले शुरू कर दी जाएगी। राज्य में अगले 10-15 दिनों में धान की कटनी पूरी होने जा रही है। इसे देखते हुए ही सरकार ने धान खरीद प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया है। राज्य सरकार ने दूसरे राज्यों के बिचौलियों को रोकने के लिए विशेष निगरानी तंत्र को भी सक्रिय कर दिया है।

# औचक निरीक्षण से रिम्स में हड़कम्प

## मरीजों की परेशानी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं: डॉ. इरफान अंसारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी अचानक मेडिसिन ओपीडी पहुंच गए। सुबह करीब 11 बजे मंत्री बिना किसी पूर्व सूचना के सीधे आउटडोर विभाग में पहुंचे।

वहां मरीजों की लंबी लाइन देखकर उन्होंने तुरंत खुद ही मरीजों को बुलाना शुरू किया और एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं। करीब आधे घंटे तक मंत्री ने डॉक्टर की तरह मरीजों की जांच की, बीमारियों के बारे में पूछा और दवाएं लिखकर देने लगे।

इसी दौरान एक मरीज ने बताया कि मंत्री द्वारा लिखी गई एक महत्वपूर्ण दवा अस्पताल की फामेर्सी में उपलब्ध नहीं है। मंत्री ने तुरंत इसकी पुष्टि करने के लिए अपने स्टाफ को भेजा। कुछ ही मिनटों में जानकारी मिली कि जो दवा उन्होंने लिखी है, वह अस्पताल के स्टॉक में कई दिनों से नहीं है।

यह सुनते ही मंत्री का मिजाज बिगड़ गया। मौके पर मौजूद रिम्स डायरेक्टर डॉ. राजकुमार और अधीक्षक डॉ. हिरेंद्र विरुआ को उन्होंने कड़े शब्दों में फटकार लगाई।

मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि ये सब क्या चल रहा है। मरीजों को दवा नहीं मिलेगी तो वे कहां जाएंगे। हमारी सरकार की छवि खराब हो रही है। आपकी जिम्मेदारी है कि जरूरत की सभी दवाएं स्टॉक में रहें। मरीजों को परेशानी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि फामेर्सी में रोजाना दवाओं की

उपलब्धता की जांच की जाए और किसी भी दवा के स्टॉक खत्म होते ही तुरंत खरीद प्रक्रिया शुरू हो।

मंत्री ने ओपीडी परिसर, प्रतीक्षालय और दवा काउंटरों का निरीक्षण भी किया। जगह-जगह गंदगी देखकर उन्होंने असंतोष जताया और सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि रिम्स जैसे सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं की कमी किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है। औचक निरीक्षण के दौरान कई मरीजों ने मंत्री से अपनी समस्याएं भी बताईं कहीं परामर्श में देरी, तो कहीं दवा न मिलने की शिकायतें। मंत्री ने सभी शिकायतों को नोट किया और अधिकारियों को तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इससे पहले मंत्री पूरे उत्साह के साथ अस्पताल परिसर पहुंचे थे। लेकिन दवा उपलब्धता की खामी सामने आने के बाद उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया और कहा कि आने वाले दिनों में रिम्स में और भी कड़े निरीक्षण होंगे।

अस्पताल की सेवाओं को बेहतर बनाना सरकार की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्रवाई तय है। स्वास्थ्य मंत्री के इस औचक निरीक्षण के बाद रिम्स प्रबंधन में खलबली मच गई है। निदेशों के बाद फामेर्सी और ओपीडी प्रबंधन से जुड़े विभागों को तुरंत रिपोर्ट तैयार करने का आदेश दिया गया है।

# घर में लगी आग, मची अफरातफरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र के रोड नंबर 21 स्थित स्वर्गीय विमल पंडित के घर में सोमवार सुबह अचानक आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गई। यह घटना तब हुई जब घर के सभी सदस्य गहरी नींद में थे।

स्थानीय लोगों ने खिड़की से धुआं निकलते हुए देखा और शोर मचाकर घर के वर्तमान निवासी सूरज प्रजापति सहित परिवार के सदस्यों को जगाया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन अंदर से लगातार धुआं उठता रहा।

राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों ने तत्काल आदित्यपुर थाना और झारखंड अग्निशमन विभाग को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते फायर ब्रिगेड की टीम के पहुँचने से एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

जानकारी के अनुसार, यह घर आकाशवाणी चौक से महज सौ मीटर की दूरी पर स्थित है। घर के बाहर कुछ दुकानें भी हैं, जो किराए पर दी गई हैं। आग लगने का स्थान घर का पूजा कक्ष बताया जा रहा है। आग किस कारण लगी, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि, स्थानीय लोगों का अनुमान है कि यह घटना शॉर्ट सर्किट या पूजा स्थल पर जलाई गई दीया के कारण हो सकती है। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। हालांकि, आग से घर के पूजा रूम में रखे सामान को नुकसान पहुंचा है। फिलहाल, फायर ब्रिगेड की टीम घटना की जांच कर रही है।

# काला बिल्ला लगाकर सड़क पर उतरे व्यापारी, जताया विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** कृषि बाजार समिति धनबाद में हुई छिनतई की घटना और व्यापारी श्याम भीमसारिया पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में धनबाद का व्यापारिक समुदाय एकजुट होकर सड़कों पर उतर आया।

मंगलवार को बाजार समिति चैंबर सहित जिले के 55 विभिन्न चैंबरों के सदस्य अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर काला बिल्ला लगाकर पुलिस-प्रशासन के प्रति नाराजगी जता रहे हैं। विरोध प्रदर्शन तब और तेज हो गया जब बरवाअड्डा चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी और स्थानीय दुकानदार टुंडी रोड, लोहारबरवा में एकत्र हुए। उन्होंने काला बिल्ला लगाकर जोरदार नारेबाजी की और बढ़ते अपराध पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

चेंबर के अध्यक्ष कंचन मंडल ने आरोप लगाया कि पुलिस अपराधियों को पकड़ने में लापरवाही बरत रही है। उन्होंने कहा कि संगठन का यह चरणबद्ध आंदोलन अब और आगे बढ़ाया जाएगा।

चेंबर के सचिव पप्पू सिंह ने पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि घटना को लगभग दस दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक किसी अपराधी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, जबकि जिले में तीन आईपीएस अधिकारी तैनात हैं।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि चरणबद्ध आंदोलन के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो जिला चैंबर धनबाद बंद का आह्वान करेगा।

इस प्रदर्शन में पिंटू स्वर्णकार, टेकलाल महतो, मिथलेश साव, अब्दुल रशीद, डब्लू बरनवाल सहित कई प्रमुख व्यापारी उपस्थित थे।

# कई प्रमुख ट्रेनें रहेंगी रद्द

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सारण।** उत्तर भारत में सर्दियों के दौरान घने कोहरे की आशंका को देखते हुए रेलवे ने बड़ा निर्णय लेते हुए 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के परिचालन में व्यापक बदलाव कर दिया है।

अधिकारियों के अनुसार, कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम होने की संभावना रहती है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में सुरक्षित संचालन को प्राथमिकता देते हुए अनेक लंबी दूरी की गाड़ियां अस्थायी रूप से रद की गई हैं।

इस अवधि में यात्रियों की सुविधा के लिए चलने वाली कई महत्वपूर्ण सेवाएं पूरी तरह बंद रहेंगी। बरौनीझअम्बाला हरिहर एक्सप्रेस और पूर्णिया कोर्टझअमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनें भी इस सूची में शामिल हैं। रेलवे का कहना है कि अनेक रूट ऐसे हैं जहां कोहरे की तीव्रता रोजाना बहुत अधिक रहती है, जिसके कारण ट्रेनों को निर्धारित समय पर चलाना मुश्किल होता है।

इसी वजह से उपासना एक्सप्रेस, वीरांगना लक्ष्मीबाई-कोलकाता एक्सप्रेस, मालदाझनई दिल्ली एक्सप्रेस, हटियाझआनंद विहार, संतरागाछी-आनंद विहार एक्सप्रेस सहित कुल 24 जोड़ी ट्रेनों को इस अवधि में पूर्णतः रद कर दिया गया है। इन ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों को समय रहते वैकल्पिक प्रबंध करने की सलाह दी गई है।

रद की गई गाड़ियों के अलावा, कई प्रमुख सेवाओं की फ्रीक्वेंसी भी घटा दी गई है।

ग्वालियर-बरौनी, अजमेर-सियालदह, हावड़ा-काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस, कोलकाताझअमृतसर, गरीबरथ, नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस, सिक्किम महानंदा, अवध आसाम, पाटलिपुत्र-लखनऊ/गोरखपुर जैसी कई ट्रेनें अब सप्ताह के निश्चित दिनों में ही चलेंगी। इससे यात्रियों को अपनी यात्रा योजनाओं में आवश्यक संशोधन करना होगा। कोहरे की सर्वाधिक मार झेलने वाले आगराझमथुरा खंड पर चंबल एक्सप्रेस (12177/12178) को भी आंशिक रूप से रद किया गया है।

# प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति की अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति लाभान्वित किए जाने के संबंध में आवश्यक निर्णय लिए गए।

समिति को जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा सूचित किया गया कि प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए कुल 11099 विद्यार्थियों के नए आवेदन ई-कल्याण पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं। इन आवेदनों को संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों द्वारा भौतिक सत्यापन उपरांत अनुमोदित किया गया है, जिसके आलोक में समिति द्वारा सभी प्राप्त आवेदनों को अनुमोदित किया गया।

पूर्व में समिति द्वारा 14298 विद्यार्थियों के आवेदनों को भी अनुमोदित किया गया है, इस प्रकार से अब तक कुल विद्यार्थियों के आवेदनों को अनुमोदित किया जा चुका है, जिन्हें छात्रवृत्ति का लाभ दिया जा रहा है।बैठक में उपायुक्त द्वारा सभी पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की राशि शीघ्र ही उनके बैंक खातों में स्थानांतरित किए जाने के निर्देश दिए गए। इस प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में परियोजना निदेशक , जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पप्पू यादव ने नीतीश कुमार को किया सतर्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सहरसा।** न्यायालय में एक मामले में पेशी के दौरान मंगलवार को सहरसा पहुंचे पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कई कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए बिहार चुनाव में महागठबंधन की हार पर कहा कि हम हारे नहीं हराए गए हैं। पूरी दुनिया बिहार के चुनाव को देख रही थी, लेकिन बीजेपी ने गहरी साजिश रच यह चुनाव जीत लिया।

पप्पू यादव ने कहा कि एक तीर में दो शिकार वाला खेल बीजेपी ने खेला। वहीं, उन्होंने एसआईआर का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उस वक्त ही हम लोगों ने कहा था कि बगैर एसआईआर निर्णय के चुनाव प्रक्रिया नहीं हो।

पप्पू यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में अंतिम बहस थी, इससे पहले बीजेपी को जिताने की सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई। 49 हजार से लेकर 19 हजार तक सभी विधानसभा में इंडी गठबंधन के वोटर का नाम काटने का काम किया गया। इंडी गठबंधन के 80 प्रतिशत सीट पर बैलेट पेपर से जो वोट मिला उसमें इंडी गठबंधन आगे रहा। ऐसे में ईवीएम में पीछे कैसे रह गए।

पप्पू यादव ने कहा कि जीविका को चुनाव प्रबंधन में लगाया गया और छह नवंबर को जीविका के खाते में पैसा दिया जाता है। जिस दिन एसआईआर पूरा हुआ और कहा गया कि 7 करोड़ 42 लाख वोटर बचे हैं फिर चुनाव के दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 7 करोड़ 45 लाख वोटर के बारे में बताया गया। इस तरह से वोट की चोरी की गई। पूरा सिस्टम हैक किया गया।

इस दौरान नीतीश कुमार पर हमला करते हुए कहा कि आपको भी बीजेपी नहीं छोड़ेगा। बंगाल चुनाव के बाद आपकी पार्टी को भी तोड़ा जाएगा। बिना किसी शर्त के नीतीश कुमार इधर आएं और इस देश को बचाएं। चिराग को भी मौका है साथ आएं।

# कार भीड़ में घुसी, कई को रौंदा

- आक्रोशित लोगों ने चुटिया थाना घेरा
- आधा दर्जन से अधिक लोग घायल
- नशे में धुत्त था चालक, लोगों ने धुना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** रांची के चुटिया थाना के पास स्थित सब्जी बाजार में सोमवार रात नशे में धुत एक कार चालक ने अचानक वाहन पर अपना नियंत्रण खो दिया। कार भीड़ भाड़ वाला क्षेत्र में तेज रफ्तार में कई लोगों को रौंदते हुए आगे बढ़ गई।

कार चालक ने पहले एक बाइक सवार को धक्का मारा। लोगों ने जब उसे पकड़ने का प्रयास किया तो कार भागने के क्रम में उसने आधा दर्जन से अधिक लोगों को रौंद दिया। घटना के वक्त बाजार में रोज की तरह खरीदारी के लिए भारी भीड़ मौजूद थी। इसी बीच कार भीड़ को चीरती हुई और ठेले-खोमचों को टक्कर मारते हुए व लोगों को रौंदते हुए आगे बढ़ गई। हादसे में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को इलाज के लिए रिम्स पहुंचाया।

डाक्टरों के अनुसार घायलों के सिर, पैर और रीढ़ में गंभीर चोट आई है। उनका इलाज जारी है। उधर, घटना से आक्रोशित लोगों ने कार्रवाई की मांग को लेकर रात में चुटिया थाने का घेराव कर दिया। थाने में थाना प्रभारी नहीं मिले तो लोग उग्र होकर नारेबाजी करने लगे।

लोगों का आरोप था रात में कई वरीय अधिकारियों को सूचना दी गई, लेकिन किसी ने इस घटना को गंभीरता से नहीं लिया। बताया जाता है कि बेकाबू कार द्वारा अंधाधुंध तरीके से लोगों को रौंदने व दुकानों को टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त करते हुए घुसने से बाजार में भगदड़ मच गई और लोग चीखते चिल्लाते हुए इधर-उधर भागने लगे।

इस बीच, वहां मौजूद कुछ लोगों ने वाहन चालक को कार से बाहर खींच लिया। आसपास के लोगों के अनुसार, चालक नशे में धुत था और उसे ठीक तरह से खड़े होने में भी मुश्किल हो रही थी। लोगों ने आरोप लगाया कि चालक तेज रफ्तार में गाड़ी चलाते हुए फोन पर भी बात कर रहा था।

घटना से आक्रोशित लोगों ने मौके पर उसकी काफी पिटाई भी की। सूचना पाकर चुटिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित चालक को भीड़ से छुड़ाकर थाना ले गई। पुलिस का कहना है कि चालक के खिलाफ लापरवाह ड्राइविंग, नशे में वाहन चलाने और जान को जोखिम में डालने की धाराओं में मामला दर्ज किया जा रहा है। वाहन को जब्त कर लिया गया है। इधर शहर में आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाने के लिए एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस की सक्रियता के चलते रांची की सड़कों पर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है।

इस अभियान के तहत कांके, चांदनी चौक और कटहल मोड़ के आसपास विशेष चेकिंग की गई। पुलिस ने वाहन चालकों और उनके वाहनों की गहन जांच की, जिसमें कई चालक शराब या नशे की हालत में पाए गए। इन पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला गया।

उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की गई। इसके अतिरिक्त, पुलिस ने उन व्यक्तियों पर भी कार्रवाई की जो कोर्ट के निदेर्शों का उल्लंघन करते हुए अपनी गाड़ियों के शीशों पर काली फिल्म चढ़ाकर घूम रहे थे। मौके पर ही कई वाहनों से ब्लैक फिल्म हटवाई गई और जुमार्ना वसूल किया गया।

पुलिस ने इस कार्रवाई को सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के लिए आवश्यक बताया। एसएसपी राकेश रंजन ने कहा कि शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा।

# बनारस-कोलकाता एक्सप्रेस वे निर्माण प्रक्रिया हुई तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चतरा।** बनारस-कोलकाता एक्सप्रेस वे के निर्माण को लेकर चतरा जिले में प्रक्रियाएं तेजी पकड़ चुकी हैं। परियोजना के लिए जरूरी वन स्वीकृति में बड़ा कदम तब मिला, जब उत्तरी वन प्रमंडल से स्टेज-1 की मंजूरी प्राप्त हो गई। वहीं दक्षिणी वन प्रमंडल में संबंधित औपचारिकताएं अंतिम चरण में हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य जल्द ही प्रारंभ हो सकता है।

एक्सप्रेसवे के लिए 342 हेक्टेयर वन भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सक्रिय रूप से काम कर रहा है और प्रभावित भूझस्वामियों के बीच मुआवजे का करीब-करीब वितरण हो गया है। प्रभावितों के बीच दो सौ चार करोड़ रुपये का मुआवजा वितरण होना है। जबकि अब तक दो सौ डेढ़ करोड़ रुपये की राशि वितरित हो चुकी है।

इधर उत्तरी वन प्रमंडल ने क्षतिपूर्ति राशि के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से डिमांड किया है। उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल कुमार मीणा ने बताया कि करीब 43 करोड़ रुपये का डिमांड किया गया है। जिसमें वन क्षतिपूर्ति के एवज में 29 करोड़ तथा वन भूमि के लिए 14 करोड़ की राशि शामिल है।

यह परियोजना चतरा सहित पूरे क्षेत्र में यातायात सुविधा, व्यापारिक गतिविधियों और औद्योगिक संभावनाओं को नया आयाम देगी। तेज रफ्तार सड़क संपर्क से लोगों का सफर आसान होगा और क्षेत्रीय विकास को गति मिलने की उम्मीद है।

बनारस-कोलकाता ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के लिए दक्षिणी एवं उत्तरी वन प्रमंडल की 342.9921 हेक्टेयर भूमि परियोजना के लिए अधिग्रहित होगी। जिसमें दक्षिणी वन प्रमंडल का 240.1553 तथा उत्तरी वन प्रमंडल का 102.8368 हेक्टेयर भूमि शामिल है।

## जर्मनी और नीदरलैंड ने फीफा विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्लोवाकिया को 6-0 से शिकस्त देकर जर्मनी ने फीफा विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यूरोपीय दिग्गजों के साथ नीदरलैंड्स भी विश्व कप में जगह पक्की कर चुका है, जिसने लिथुआनिया को 4-0 से हराते हुए ग्रुप जी में पहला स्थान हासिल किया। लेरॉय साने जर्मनी की जीत के हीरो रहे, जिन्होंने स्लोवाकिया के खिलाफ दो गोल दागते हुए जर्मनी को लगातार 19वें विश्व कप में जगह दिलाई। निक वोल्टेमाडे ने इस मुकाबले का खाता खोला। 18वें मिनट उन्होंने हेडर से गोल दागा, जिसके बाद सर्ज ग्नब्री ने 29वें मिनट गोल करते हुए जर्मनी की बढ़त को दोगुना कर दिया।यहां से फ्लोरियन विर्ट्ज ने लेरॉय साने को 5 मिनट में दो बार गोल करने का मौका दिया और हाफ टाइम से पहले मैच को सुरक्षित बना दिया। लेरॉय ने बखूबी इन मौकों को भुनाते हुए 36वें और 41वें मिनट में दो गोल करते हुए जर्मनी को 4-0 से बढ़त दिला दी।ब्रेक के बाद रिडल बाकू ने 67वें मिनट में गोल किया। मुकाबले के 79वें मिनट असन ओउएड्रागो ने साने के शानदार शॉट के बाद गोल दागकर टीम को 6-0 से आगे कर दिया। मुकाबला इसी स्कोर के साथ खत्म हुआ। दूसरी ओर, ग्रुप-जी के मुकाबले में नीदरलैंड्स ने लिथुआनिया पर 4-0 से जीत दर्ज करते हुए विश्व कप के लिए अपनी जगह पक्की कर ली। मुकाबले के 16वें मिनट तिजानी रेइंडर्स ने दाहिने पैर से गोल करते हुए नीदरलैंड्स का खाता खोला। इसके बाद 58वें मिनट कोडी गाकपो ने पेनाल्टी स्पॉट से बढ़त दोगुनी कर दी। जावी सिमंस ने 60वें मिनट गोल दागा, जिसके 2 मिनट बाद डोनियल मालेन के गोल ने नीदरलैंड्स को 4-0 से आगे कर दिया। इस हार के बावजूद, स्लोवाकिया 16 टीमों की यूईएफए प्ले-ऑफ प्रतियोगिता में जगह बनाने के लिए तालिका में दूसरे स्थान पर रहने के बाद विश्व कप में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है।

## आउट होने के बाद स्टंप्स तोड़ने चले बाबर आजम, आईसीसी ने लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज बाबर आजम एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार कारण उनका खेल नहीं बल्कि अनुशासनात्मक मामला है। रावलपिंडी में श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान बाबर पर आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 उल्लंघन का आरोप लगा, जिसके बाद उन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट पॉइंट जोड़ा गया। आउट होने के बाद स्टंप्स की ओर बल्ले से गेंद मारना उनके खिलाफ कार्रवाई का आधार बना। हालांकि बाबर ने तुरंत गलती स्वीकार कर ली, लेकिन यह घटना पाकिस्तान की क्लीन स्वीप जीत के बीच चर्चा का विषय बन गई। पारी के 21वें ओवर में आउट होने के बाद बाबर आजम ने गुस्से में अपने बल्ले से स्टंप्स की ओर गेंद मार दी। यह व्यवहार आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का स्पष्ट उल्लंघन है, जो मैदान पर उपकरणों के दुरुपयोग से संबंधित होता है। मैदानी अंपायर एलेक्स व्हार्फ और राशिद रियाज, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर फैसल अफरीदी ने तत्काल इस पर रिपोर्ट दर्ज की। आईसीसी मैच रेफरी अली नकवी ने जुर्माने की अनुशंसा की, जिसे बाबर ने बिना किसी आपत्ति के स्वीकार कर लिया। इसलिए किसी औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं पड़ी। आईसीसी ने बताया कि यह बाबर आज़म का पिछले 24 महीनों में पहला अपराध है, इसलिए उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट जोड़ा गया है।

# बांग्लादेश में तनाव, स्थगित हो सकता है महिला क्रिकेट टीम का भारत दौरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी फ्यूचर टूर प्रोग्राम के तहत दिसंबर में बांग्लादेश के खिलाफ भारत की आगामी घरेलू सीरीज कथित तौर पर बांग्लादेश में महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण स्थगित हो सकती है। भारत और बांग्लादेश की महिला टीमों के बीच इस सीरीज में 3 वनडे और 3 टी20 मैच शामिल हैं। दोनों देशों के बीच इन मुकाबलों के लिए विशिष्ट तिथियों और स्थानों की घोषणा नहीं की गई थी, लेकिन इस सप्ताह बांग्लादेश में हुए राजनीतिक घटनाक्रम से पहले ही दौरे का कार्यक्रम अनिश्चित था। 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' के अनुसार, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से एक पत्र मिला है, जिसमें कहा गया है कि सीमित ओवरों की सीरीज को बाद की तारीख के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। भले ही इसके पीछे का कोई विशेष कारण नहीं बताया गया, लेकिन माना जा रहा है कि भारत और बांग्लादेश के बीच जारी राजनीतिक तनाव ने सीरीज के स्थगित होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दोनों देशों के बीच इस सीरीज के मुकाबले कोलकाता और कटक में होने वाले थे। वनडे मुकाबले दोनों टीमों के लिए महिला वनडे चैंपियनशिप के नए चरण की शुरुआत का प्रतीक थे। इससे पहले, भारतीय पुरुष टीम का बांग्लादेश में सीमित ओवरों की सीरीज के लिए दौरा अगस्त 2025 में होना था, लेकिन इसे सितंबर 2026 तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

बता दें कि बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने 'मानवता के खिलाफ अपराध' मामले में बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को फांसी की सजा सुनाई है। 78 वर्षीय शेख हसीना को पिछले साल छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा और मौतों के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई है।

यह सजा शेख हसीना की अनुपस्थिति में सुनाई गई और संयुक्त राष्ट्र ने भी इस सजा का विरोध किया है। फिलहाल शेख हसीना भारत में हैं और बांग्लादेश उनकी वापसी पर अड़ा हुआ है। पिछले कुछ समय से दोनों पड़ोसी देशों के बीच राजनयिक संबंध प्रभावित हुए हैं।

# विकेट को दोष देना आसान, लेकिन अपने गिरेबान में झांकना होगा:अमित मिश्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए टेस्ट सीरीज के पहले मैच को 30 रन के करीबी अंतर से गंवा बैठी। पूर्व भारतीय स्पिनर अमित मिश्रा का मानना है कि इसके लिए विकेट को दोष देना आसान है, लेकिन खिलाड़ियों को अपने गिरेबान में झांकना होगा। भारत-साउथ अफ्रीका के बीच ईडन गार्डन्स में खेले गए इस टेस्ट मैच में टेंबा बावुमा ऐसे इकलौते बल्लेबाज रहे, जिन्होंने अर्धशतकीय पारी खेली। भारत को दूसरी पारी में जीत के लिए सिर्फ 124 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन टीम इंडिया 93 रन पर सिमट गई। इसके बाद कुछ दिग्गजों ने इस शर्मनाक हार के लिए पिच को दोषी ठहराया। अमित मिश्रा ने कहा, 'ऐसा पहली बार नहीं है कि इस तरह की विकेट मिली हो। मुझे लगता है कि खिलाड़ियों को अपनी स्किल्स निखारनी होगी। अपनी स्किल्स को सुधारने की जरूरत है। विकेट को दोष देना आसान है, लेकिन इससे पहले अपने गिरेबान में झांकना होगा। जब हम इंग्लैंड जैसे देशों का दौरा करते हैं, तो वहां स्विंग का सामना करना पड़ता है। हम उस हिसाब से अपनी स्किल्स को सुधारते हैं। आपको समझना होगा कि किस तरह की पिच पर किस तरह से बल्लेबाजी करनी होगी। 'उन्होंने कहा, 'यह एक युवा टीम है। इसमें काफी युवा खिलाड़ी हैं, जिनमें अनुभव की कमी है। सीनियर खिलाड़ियों और कोच को उनसे बात करनी होगी। इस तरह की पिच पर फुट मूवमेंट बेहद अहम है। आपको यह समझना होगा कि किन गेंदबाजों के खिलाफ शॉट खेल सकते हैं, किन गेंदबाजों के खिलाफ शॉट नहीं खेलने। यह सभी टैलेंटेड खिलाड़ी हैं। भविष्य में यह टीम बेहतरीन हो जाएगी। साउथ अफ्रीका ने मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए पहली पारी में 159 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने 189 रन बनाकर 30 रन की मामूली बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में भी साउथ अफ्रीकी टीम की हालत खराब रही, लेकिन कप्तान टेंबा बावुमा की नाबाद 55 रन की पारी के दम पर टीम ने किसी तरह 153 रन बनाकर भारत को जीत के लिए 124 रन का लक्ष्य दिया। आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम 93 के स्कोर तक अपने 9 विकेट गंवा चुकी थी। चोटिल कप्तान शुभमन गिल इस पारी में बल्लेबाजी के लिए नहीं उतर सके। इसी के साथ टीम इंडिया को सीरीज के पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा।

## कबड्डी स्टार नरवाल बोले- केसीएल युवाओं को दे रहा सुनहरा मौका, वर्ल्ड टेनिस लीग पहली बार भारत में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 12 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और वर्ल्ड टेनिस लीग के सह-संस्थापक महेश भूपति ने कहा, 'भारत और टेनिस का रिश्ता बहुत पुराना है। डब्ल्यूटीएल के भारत आने से यह रिश्ता और मजबूत होगा। वैश्विक सितारों और भारतीय खिलाड़ियों का साथ में खेलना युवाओं के साथ परिवार वालों को बड़ी प्रेरणा देगा। भारत के जाने-माने कबड्डी खिलाड़ी राजेश नरवाल ने एक खास बातचीत में बताया कि कबड्डी चैंपियंस लीग हरियाणा के युवाओं के लिए एक बड़ा बदलाव ला रही है। उनके मुताबिक केसीएल ने लड़कों को ट्रेनिंग, मौके और करियर, तीनों ही स्तरों पर नई ऊर्जा दी है।

राजेश नरवाल ने बताया कि केसीएल ने हरियाणा के हर इलाके, छोटे गांव से लेकर बड़े शहर तक में कबड्डी को नई जिंदगी दी है। लीग बेहतरीन ट्रेनिंग, राष्ट्रीय स्तर का माहौल, प्रोफेशनल खेलने का अनुभव जैसी सुविधाएं दे रही है। उनके अनुसार इससे युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और करियर बनाने का बड़ा रास्ता मिल रहा है। नरवाल ने कहा कि हरियाणा को पहले से ही रेसलिंग का गढ़ माना जाता है। लेकिन केसीएल जैसी पहलें अब राज्य को कबड्डी और बाकी खेलों का हब बना रही हैं। उन्होंने कहा, 'हरियाणा खेलों की धरती है। कुश्ती और कबड्डी में हमारे खिलाड़ी हमेशा छाए रहे हैं। साथ मुझे यकीन है कि हरियाणा जल्द ही देश की स्पोर्ट्स कैपिटल कहलाएगा।'

## मिनर्वा की प्रोडक्शन लाइन फिर चमकी, पांच प्लेयर्स भारत की सीनियर टीम में शामिल

**चंडीगढ़, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल विकास की कहानी को एक और बड़ी मजबूती देते हुए मिनर्वा एकेडमी ने एक बार फिर राष्ट्रीय मंच पर अपनी अद्वितीय भूमिका साबित की है। उसके पांच ग्रेजुएट्स– बिकाश, अनवर, संदेश, विक्रम प्रताप और प्रमवीर –को एएफसी अभियान के लिए भारतीय सीनियर राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है। यह चयन भारतीय फुटबॉल हलकों में लंबे समय से स्वीकार की जा रही सच्चाई को दोहराता है: मिनर्वा की टैलेंट पाइपलाइन देश की सबसे निरंतर और भरोसेमंद प्रतिभा देने वाली प्रणालियों में से एक है। एक ऐसी एकेडमी के लिए जिसने भारत के फुटबॉल इकोसिस्टम को बदलने के साहसिक लक्ष्य के साथ शुरुआत की थी, यह उपलब्धि उसकी ग्रासरूट-फर्स्ट फिलॉसफी की एक और पुख्ता पुष्टि है। साल दर साल, मिनर्वा ने कच्ची प्रतिभा को पहचानने, संरचित मार्ग प्रदान करने और विभिन्न आयु वर्गों में राष्ट्रीय सेटअप को लगातार खिलाड़ियों की आपूर्ति करने की प्रतिष्ठा बनाई है। यह नवीनतम उपलब्धि मिनर्वा के उस बढ़ते हुए सूची में एक और अध्याय जोड़ती है, जिसमें उसके विकसित खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व उच्चतम स्तर पर कर चुके हैं। साथ ही यह दिखाती है कि एकेडमी-ड्रिवन मॉडल राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी पूल को मजबूत करने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

जैसे ही सीनियर स्क्वाड अपने एएफसी अभियान की तैयारी कर रहा है, भारतीय फुटबॉल पर मिनर्वा की छाप एक बार फिर स्पष्ट है–यह याद दिलाते हुए कि एकेडमी की मिट्टी से राष्ट्रीय जर्सी तक का सफर न सिर्फ संभव है, बल्कि उसके सिस्टम में निखरने वाले खिलाड़ियों के लिए अब बेहद आम होता जा रहा है।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में, त्रीसा और गोपीचंद को मिली हार

**आस्ट्रेलियन ओपन**

**सिडनी, एजेंसी।** विश्व की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी सात्विक-चिराग ने को-ची और पो ली-वेई के खिलाफ 48 मिनट तक चले पहले दौर के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-23, 21-16 से जीत हासिल की। सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली है। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने पहले दौर में चीनी ताइपे के चांग को-ची और पो ली-वेई पर सीधे गेम में जीत दर्ज की। विश्व की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने को-ची और पो ली-वेई के खिलाफ 48 मिनट तक चले पहले दौर के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-23, 21-16 से जीत हासिल की।

सात्विक और चिराग की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी शुरुआती गेम में एक समय 2-6 से पीछे चल रही थी। इसके बाद भी कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन चीनी ताइपे की जोड़ी ने 16-14 तक मामूली बढ़त बनाए रखी। भारतीयों ने पलटवार करते हुए 19-17 की बढ़त बना ली, लेकिन इसके बाद मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया। इसके बाद दोनों टीमों को गेम प्वाइंट मिले लेकिन आखिर में भारतीय जोड़ी अपने तीसरे गेम प्वाइंट को भुनाने में सफल रही। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम की शुरुआत में 7-4 की बढ़त बना ली, लेकिन नेट पर दो गलतियों और ताइवानी जोड़ी के एक ज़ोरदार स्मैश ने उन्हें बराबरी पर ला दिया। भारतीय जोड़ी इंटरवल तक एक अंक से आगे थी।

## भारत में 17 दिसंबर से होगी विश्व टेनिस लीग

बेंगलुरु एजेंसी। पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन दानिल मेदवेदेव और 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रयबाकिना सहित कई शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी यहां 17 दिसंबर से होने वाले विश्व टेनिस लीग में भारतीय प्रशंसकों के सामने अपना जलवा दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता की शुरुआत 2022 में की गई थी और पहली बार भारत में इसका आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले इस चार दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में किया जाता रहा है। मेदवेदेव और रयबाकिना के अलावा आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी निक किर्गियोस, फ्रांसीसी स्टार गेल मोनफिल्स और पाउला बडोसा भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। हाल ही में शीर्ष स्तर के टेनिस से संन्यास लेने वाले रोहन बोपन्ना, सुमित नागल, युकी भांबरी, अंकिता रैना, श्रीवल्ली भामिदीपती और माया रेवती लीग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। रयबाकिना ने कहा, 'मैंने भारत में टेनिस संस्कृति के बारे में बहुत कुछ सुना है और मैं डब्ल्यूटीएल के साथ यहां अपनी शुरुआत करने के लिए रोमांचित हूं।

# अब बॉक्सिंग में होगा एआई का इस्तेमाल, जूरी की हो सकती है छुट्टी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व मुक्केबाजी संगठन के निवर्तमान अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने दावा किया कि विश्व मुक्केबाजी मुकाबलों की समीक्षा के लिए आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल की संभावना का मूल्यांकन कर रहा है। इससे जूरी की छुट्टी हो सकती है। विश्व मुक्केबाजी प्रमुख ने स्वीकार किया कि खेल की विवादास्पद स्कोरिंग प्रणाली से उत्पन्न चुनौतियों से निपटना, 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में इस खेल का आयोजन करने वाले नए संगठन के लिए मुख्य चुनौती होगी। वैन डेर वोर्स्ट ने चल रहे विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल के दौरान संवाददाताओं से कहा, 'मुख्य चुनौती यह है कि हर मुकाबले के अंत में सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज का हाथ उठाया जाता है। प्रतियोगिता की निष्ठा एक ऐसे खेल के लिए मुख्य चुनौती बनी हुई है, जिसमें जूरी शामिल होती है। '

### एआई के इस्तेमाल का मूल्यांकन

एआई के इस्तेमाल के बारे में बात करते हुए वोर्स्ट ने आगे कहा, 'हम मुकाबलों की समीक्षा के लिए एआई जैसी आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल की जुगत में लगे हुए हैं ताकि हम प्रशंसकों और मुक्केबाजों का सिस्टम में विश्वास बहाल कर सकें। इस पर अभी काम चल रहा है और मैं बस इतना कह सकता हूं कि हम इस समय इसका मूल्यांकन कर रहे हैं।

### 'स्कोरिंग दिक्कत का विषय

चाहे पिछला संगठन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) हो या वर्तमान संस्था मुक्केबाजी के लिए स्कोरिंग दिक्कत का विषय बना हुआ है। ऐसा माना जा रहा है कि विश्व मुक्केबाजी को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से पूर्ण मान्यता दिलाने के लिए इसे सुलझाना एक प्रमुख मुद्दा है।प्रतिस्पर्धा के स्तर को और भी बेहतर बनाने के लिए विश्व मुक्केबाजी ने हाल ही में एक रैंकिंग प्रणाली शुरू की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज किसी बड़ी प्रतियोगिता के शुरुआती दौर की बजाय, अंत में एक-दूसरे से भिड़ें। वान डेर वोर्स्ट ने कहा, 'रैंकिंग अंक रखने का उद्देश्य मुक्केबाजों को बड़े टूर्नामेंटों से पहले वरीयता देना और रैंकिंग देना है

### रैंकिंग से वरीयता तय होगी

भारत की दिग्गज मुक्केबाज निखत जरीन को ओलंपिक में वरीयता न मिलने का खामियाजा भुगतना पड़ा क्योंकि दो विश्व खिताब जीतने के बावजूद वह गैर-वरीयता प्राप्त थी और पेरिस ओलंपिक के दूसरे दौर में उनका सामना स्वर्ण पदक विजेता चीन की वू यू से हुआ। विश्व मुक्केबाजी द्वारा शुरू की गई वर्तमान रैंकिंग प्रणाली के तहत, एक सत्र में सभी टूर्नामेंटों में मुक्केबाजों के प्रदर्शन के आधार पर उनकी रैंकिंग की जाएगी और इसी से उनकी वरीयता तय होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या रैंकिंग अंकों का उपयोग क्वालीफिकेशन के लिए किया जाएगा, वैन डेर वोर्स्ट ने कहा, 'सबसे पहले, लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन प्रक्रिया अभी तक अंतिम रूप से तय नहीं हुई है।

## भारत निर्वाचन आयोग की निदेशक श्रीमती सक्सेना और सचिव श्री विनोद कुमार ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ की बैठक

**सीहोर (निप्र)।** भारत निर्वाचन आयोग की निदेशक श्रीमती शुभ्रा सक्सेना एवं सचिव श्री विनोद कुमार ने रविवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों और अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बने नगर निगम के कमिश्नर के साथ वर्चुअल बैठक की। इस दौरान प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के प्रगति की जिलेवार समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीहोर कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बालगुरू के., अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह एवं तहसीलदार एवं एईआरओ डॉ अमित सिंह सहित संबंधित अधिकारी वीसी में शामिल हुए। आयोग की निदेशक श्रीमती शुभ्रा सक्सेना ने कहा कि एसआईआर के कार्य को सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गंभीरता से लें।

# एसआईआर के कार्य को गंभीरता के साथ चुनावी मोड पर करें: आयोग निदेशक श्रीमती सक्सेना

### जल्द से जल्द डिजिटलाइजेशन का कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

### सीहोर कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष से वीसी में शामिल हुए कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी

चुनावी मोड पर कार्य करें। लापरवाही न करें। बैठक के दौरान आयोग की निदेशक श्रीमती सक्सेना ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं को बांटे जा रहे गणना पत्रक, मैपिंग और डिजिटलाइजेशन के कार्य की समीक्षा की और बेहतर कार्य करने वाले जिलों की प्रशंसा की। सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी कमिश्नर नगर पालिक निगम को जल्द से जल्द डिजिटलाइजेशन का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सभी जिले कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। प्रत्येक दिन बीएलओ के कार्य की समीक्षा करें और बीएलओ से स्वयं संवाद करें एवं कार्य में आ रही कठिनाइयों का त्वरित निदान करें। सहयोग के लिए वालेंटियर्स को लगाएं।

कलेक्टर मैदानी स्तर पर जाकर एसआईआर कार्य की प्रगति देखें। आयोग द्वारा प्रतिदिन आपके कार्य की निगरानी और समीक्षा की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री संजीव कुमार झा ने सभी कलेक्टर्स को जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर प्रतिदिन समीक्षा और मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 10% से अधिक गणना पत्रक के डिजिटलाइजेशन के कार्य का लक्ष्य तय करें। एक सप्ताह के अंदर सभी कार्य पूरा करें। बैठक के दौरान संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री रामप्रताप सिंह जादौन, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री संजय श्रीवास्तव, श्रीमती सुरभि तिवारी, श्री राजेश यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## योजना की राशि बढ़ने से लाड़ली बहनों में दौड़ उठी खुशी की लहर

**सीहोर (निप्र)।** प्रदेश की लाड़ली बहनों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक ऐसा फैसला लिया है, जिसने प्रदेशभर की लाड़ली बहनों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ा दी है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि को 1250 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। यह निर्णय न केवल आर्थिक सहयोग का प्रतीक है, बल्कि यह बहनों के प्रति मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संवेदनशील दृष्टिकोण और उनके अपनत्व को भी दर्शाता है। इस फैसले से प्रदेश की लाखों महिलाएं खुद को और अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर महसूस कर रही हैं। सीहोर की निवासी श्रीमती सपना रैकवार बताती हैं कि लाड़ली बहना योजना से मिलने वाली राशि उनके जीवन में बहुत मददगार साबित हुई है। पहले छोटी-छोटी जरूरतों के लिए उन्हें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन इस योजना से उन्हें आत्मनिर्भरता मिली है। वे कहती हैं कि इस योजना के पैसे से वे अपने परिवार की आवश्यक जरूरतें पूरी कर पा रही हैं और बच्चों की पढ़ाई में भी सहयोग कर रही हैं। श्रीमती सपना ने बताया कि जब उन्हें पता चला कि अब से लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपये मिलेंगे, तो उन्हें बेहद खुशी हुई। श्रीमती सपना कहती हैं कि यह केवल राशि बढ़ने की बात नहीं है, यह अपनी लाड़ली बहनों के प्रति मुख्यमंत्री डॉ यादव के स्नेह और विश्वास की अभिव्यक्ति है। श्रीमती किरण जैन कहती हैं कि यह योजना वास्तव में महिलाओं को मजबूत बना रही है, और मुख्यमंत्री द्वारा राशि बढ़ाने से यह सहयोग और भी प्रभावी हो जाएगा। महिलाओं का कहना है कि यह कदम उन्हें आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाएगा तथा उनके जीवन में स्थिरता और आत्मविश्वास लेकर आएगा। लाड़ली बहना योजना ने अब तक प्रदेश की लाखों महिलाओं के जीवन में परिवर्तन लाया है और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा राशि बढ़ाने के निर्णय ने इस योजना को और अधिक सार्थक बना दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान सिलवानी क्षेत्र के ग्राम चन्दन पिपलिया में सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल

**रायसेन (निप्र)।** केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जिले की सिलवानी तहसील के चन्दन पिपलिया में सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्व केबीनेट मंत्री श्री रामपाल सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा श्री राकेश शर्मा भी उपस्थित रहे। केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल प्रभावी माध्यम होते हैं। व्यक्तित्व विकास और फिट रहने के लिए खेल जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत गांव-गांव में खेल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक वर्ग के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने अक्सर बहनों और बेटियों की ज़िंदगी में खेल आता ही नहीं है। चूल्हा-चौका, खेत, घर-गृहस्थी और राशन में ही ज़िंदगी कट जाती है। मैंने सोचा कि अगर बहनों के लिए भी खेल हो जाएँ, तो उनके चेहरे पर मुस्कुराहट और खुशी आएगी और उनका जीवन भी उत्साह के रंग से भर उठेगा। इसीलिए पूरे संसदीय क्षेत्र में हमारी बहनें और बेटियाँ भी इन खेल प्रतियोगिताओं में भाग ले रही हैं। हारना-जीतना अलग बात है। दो टीमों में से एक टीम जीतती है और एक हारती है। लेकिन खेलों से खुशी मिल रही है। घर से निकलकर हमारी बहनें और बेटियाँ भी मुस्कुराएँ, उनका उत्साह बढ़े, इसी उद्देश्य से बच्चों के लिए भी और बहन-बेटियों के लिए यह सांसद खेल महोत्सव आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में पूर्व केबीनेट मंत्री श्री रामपाल सिंह ने भी संबोधित किया।

### प्रसूता के इलाज में लापरवाही पर प्रभारी मंत्री श्री पटेल सख्त

**बैतूल (निप्र)।** बैतूल के ग्राम इमलीखेड़ी निवासी प्रसूता समोती पति अमन की इलाज में हुई लापरवाही के आरोप पर स्टेट लेवल से निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। दोषी पाएं जाने पर संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही होगी। यह बात लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने मृतक समोती के परिजनों से कहीं। प्रभारी मंत्री श्री पटेल शनिवार को घटना की जानकारी प्राप्त होने पर जिला अस्पताल पहुंचे और यहां मृतक समोती के पति एवं अन्य परिजनों से भेंट की और अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने परिजनों से आत्मीय चर्चा पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और उन्हें आश्वस्त किया कि पूरी गंभीरता ओर निष्पक्षता से जांच कराई जाएगी। दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा। इसके बाद उन्होंने इस संबंध में जिला अस्पताल में सिविल सर्जन सहित अन्य अधिकारियों की बैठक भी लीं। बैठक में बताया गया कि पूर्व में भी इलाज करने वाले चिकित्सक के लापरवाही के प्रकरण और प्रभावित परिजनों की शिकायतें सामने आई हैं। जिस पर प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर पूरे प्रकरण की जांच के लिए स्टेट से टीम गठित करने और वर्तमान तथा पहले की सभी शिकायतों पर जांच कर संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, विधायक मुलताई श्री चंद्रशेखर देशमुख, विधायक भैंसदेही श्री महेंद्र सिंह चौहान, विधायक घोड़ाडोंगरी श्रीमती गंगाबाई उईके, श्री सुधाकर पवार तथा प्रभारी कलेक्टर श्री अक्षत जैन, सिविल सर्जन डॉ जगदीश घोरे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

### हार्टिकल्चर क्लस्टर विकास कार्यक्रम के तहत पात्र संस्थाओं से प्रविष्टियां आमंत्रित

**सीहोर (निप्र)।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा हॉर्टिकल्चर क्लस्टर विकास कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य बागवानी उत्पादों के उत्पादन, गुणवत्ता. मूल्य संवर्धन एवं विपणन को प्रोत्साहित कर किसानों की आय में वृद्धि करना है। इसके अंतर्गत मल्टी, कमोडिटी हाई वैल्यू क्लस्टर एवं पैरी अर्बन क्लस्टर की पहचान एवं विकास किए जाने का प्रावधान किया गया है। योजनान्तर्गत मुख्य उद्यानिकी फसलो जैसे टमाटर, प्याज, आलू, फसलें एवं पत्तागोभी, फूलगोभी, भिण्डी, बैंगन, केप्सीकम, ककड़ी, कड़ूवर्गीय फसले, धनिया, नीबू, अदरक, हरि मिर्च, लहसुन आदि तथा वैकल्पिक फसले जैसे स्क्वैश, कटहल, बीनस, सूरजना, चुकदर आदि को चयनित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत क्लस्टर निर्माण की कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए पात्र उत्पादक सगठनों (एफपीओ/एफपीसी) के साथ उनके संघ, सहकारी समितियां, पार्टनरशिप फर्म, संगठन आदि सस्थाएँ पात्र होंगे।

## सशक्त वाहनी की बालिकाओं को एमपी पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए मार्गदर्शन दिया

### सफलता प्राप्त करने के लिए समय प्रबंधन, कठोर परिश्रम और अपना टाइम टेबल सेट करें

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमति विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पुलिस कण्ट्रोल रूम विदिशा मे संचालित सशक्त वाहनी की क्लास में बालिकाओं को पुलिस भर्ती एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रहीं है। सशक्त वाहनी की कक्षा में आज सिटी कोतवाली टीआई श्री आंनद राज द्वारा बालिकाओं को पुलिस भर्ती एवं अन्य परीक्षाओं से सम्बंधित आवश्यक जानकारी दी गई। उनके द्वारा बालिकाओं को बताया गया कि सफलता प्राप्त करने के लिए समय प्रबंधन, कठोर परिश्रम एवं अपना टाइम टेबल सेट करें, आप जो चाहते है वो बनें, जिस काम में आपकी रुचि है वहीं करें, जो भी करें उसमें अपना 100 प्रतिशत दें।

अगर आप गिरते हो तो उठो वापिस ट्राई करो और बार बार ट्राई करो, आप ये मत देखो कि कितनी पोस्ट निकली है आप तो सिर्फ अपनी एक पोस्ट पर ध्यान दो बाकी सब छोड़ दो, अपने दिमाग में सिर्फ अपना लक्ष्य रखें। उन्होंने कहा कि आपमें इमोशन एवं फिलिंग है तो आप किसी भी पद पर पहुंच सकते हो।

मिल्खा सिंह या महेंद्र सिंह धोनी पर जो फिल्म बनती हैं ये हमें मोटिवेट करने के लिए बनती है। अगर आपके पास 10 रुपए हैं और आपमें टशन करोड़ का है तो आप अमीर बन सकते हैं और अगर आपमें टशन नहीं तो आप कुछ नहीं कर सकते। आप परीक्षा डर कर नहीं उत्साह से दें अपने आप पर भरोसा रखें, सफलता अवश्य मिलेगी।

## योजना की राशि बढ़ने से लाड़ली बहनों में दौड़ उठी खुशी की लहर

**सीहोर (निप्र)।** प्रदेश की लाड़ली बहनों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक ऐसा फैसला लिया है, जिसने प्रदेशभर की लाड़ली बहनों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ा दी है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री ने 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' की राशि को 1250 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। यह निर्णय न केवल आर्थिक सहयोग का प्रतीक है, बल्कि यह बहनों के प्रति मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संवेदनशील दृष्टिकोण और उनके अपनत्व को भी दर्शाता है।

इस फैसले से प्रदेश की लाखों महिलाएं खुद को और अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर महसूस कर रही हैं। सीहोर की निवासी श्रीमती किरण जैन बताती हैं कि लाड़ली बहना योजना से मिलने वाली राशि उनके जीवन में बहुत मददगार साबित हुई है। पहले छोटी-छोटी जरूरतों के लिए उन्हें

दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन इस योजना से उन्हें आत्मनिर्भरता मिली है। वे कहती हैं कि इस योजना के पैसे से वे अपने परिवार की आवश्यक जरूरतें पूरी कर पा रही हैं और बच्चों की पढ़ाई में भी सहयोग कर रही हैं।

श्रीमती किरण जैन ने बताया कि जब उन्हें पता चला कि अब से लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपये मिलेंगे, तो उन्हें बेहद खुशी हुई। श्रीमती किरण जैन कहती हैं कि यह केवल राशि बढ़ने की बात नहीं है, यह अपनी लाड़ली बहनों के प्रति मुख्यमंत्री डॉ यादव के स्नेह और विश्वास की अभिव्यक्ति है। श्रीमती किरण जैन कहती हैं कि यह योजना वास्तव में महिलाओं को मजबूत बना रही है, और मुख्यमंत्री द्वारा राशि बढ़ाने से यह सहयोग और भी प्रभावी हो जाएगा। महिलाओं का कहना है कि यह कदम उन्हें आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाएगा तथा उनके जीवन में स्थिरता और आत्मविश्वास लेकर आएगा। लाड़ली बहना योजना ने अब तक प्रदेश की लाखों महिलाओं के जीवन में परिवर्तन लाया है और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा राशि बढ़ाने के निर्णय ने इस योजना को और अधिक सार्थक बना दिया है। आज प्रदेश की हर गली, हर गांव और हर परिवार में मुख्यमंत्री के इस निर्णय की चर्चा हो रही है। बहनों के चेहरों पर मुस्कान और दिलों में आभार है। यह निर्णय वास्तव में महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया एक प्रभावी कदम होगा।

### भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वीसी के माध्यम से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों की एसआईआर के संबंध में बैठक आयोजित

**सीहोर (निप्र)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कलेक्टर्स एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक आयोजित कर निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की गई। सीहोर कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बालगुरू के., अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह एवं तहसीलदार एवं एईआरओ डॉ अमित सिंह सहित संबंधित अधिकारी वीसी में शामिल हुए।

## लाड़ली बहना योजना ने बढ़ाया महिलाओं का संबल

### मुख्यमंत्री द्वारा राशि बढ़ाए जाने पर श्रीमती अर्चिता केवट ने व्यक्त किया आभार

**नर्मदापुरम (निप्र)।** लाड़ली बहना योजना राज्य सरकार की एक प्रमुख महिला सशक्तिकरण पहल है, जो महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने, परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने तथा बच्चों की शिक्षा और समर्थन देने में अहम योगदान दे रही है। योजना के माध्यम से मिल रही आर्थिक सहायता महिलाओं को स्वावलंबन, आर्थिक सुरक्षा, तथा परिवारिक निर्णयों में सहभागिता बढ़ाने में सहायक है। लाड़ली बहना योजना ने प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नर्मदापुरम निवासी एवं योजना की लाभार्थी श्रीमती अर्चिता केवट ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना महिलाओं को आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता प्रदान करने में अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। श्रीमती केवट ने बताया कि योजना के अंतर्गत

मिलने वाली राशि का उपयोग वे दैनिक जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति तथा बच्चों की पढ़ाई में करती हैं, जिससे उनके परिवार को महत्वपूर्ण आर्थिक सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा लाड़ली बहना योजना की राशि को बढ़ाकर 1500 रुपये प्रतिमाह कर दिया जाना महिलाओं के लिए एक बड़ा सहयोग है, जिससे अब उन्हें और अधिक संबल प्राप्त होगा। श्रीमती अर्चिता केवट ने कहा कि सरकार द्वारा उठाए गए इस कदम से महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिल रही है।

### इटारसी वन परिक्षेत्र में रेस्क्यू हेतु लगाए पिंजरे में आया तेंदुआ

**नर्मदापुरम (निप्र)।** वन परिक्षेत्र इटारसी के ऑर्डिनेंस फैक्ट्री क्षेत्र में विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में एक तेंदुआ आ गया है। सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला सक्रिय हुआ। घटना की जानकारी तुरंत मुख्य वन संरक्षक नर्मदापुरम, क्षेत्र संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, एवं वनमंडलाधिकारी नर्मदापुरम को दी गई, जिनके मार्गदर्शन में तथा उपवनमण्डल अधिकारी नर्मदापुरम के निर्देशन में रेस्क्यू की कार्यवाही प्रारंभ की गई। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से रेस्क्यू व्हीकल मंगाकर तेंदुए को पिंजरे सहित सुरक्षित रूप से शिफ्ट किया गया।

### विशेष गहन पुनरीक्षण की बैठक में अनुपस्थित रहने पर 12 सुपरवाइजर्स को नोटिस जारी

**हरदा (निप्र)।** विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 की बैठक में अनुपस्थित रहने एवं कार्य मे लापरवाही बरतने वाले कुल 12 सुपरवाइसर्स को उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पुरूषोत्तम कुमार ने कारण बताओ नोटिस जारी किये है। उन्होने विधानसभा क्षेत्र 134 टिमरनी में पशु चिकित्सा अधिकारी टिमरनी डॉ नागेन्द्र पाटिल, सहायक यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा हरदा श्री विश्वजित पाटीदार, उपवन क्षेत्रपाल हरदा सामान्य वनमंडल हरदा श्री रामलाल मरापे, कार्यवाहक उप वनक्षेत्रपाल हरदा श्री बेलसिंह मेहता, उप वनक्षेत्रपाल हरदा सामान्य वन मंडल श्री बोरे लाल धुर्वे व श्री पूनम चन्द्र दमाडे कार्यवाहक उप वनक्षेत्रपाल हरदा तथा विधानसभा क्षेत्र 135 हरदा में अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग हरदा श्री आर.एल. कुम्हार, सहायक संचालक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण हरदा श्री विजय सिंह, सहायक यंत्री लोक निर्माण विभाग हरदा सुश्री सरिता इवने, सहायक श्रम पदाधिकारी श्रम विभाग हरदा श्री आशीष चौरसिया, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास हरदा श्री राजा रंगारे व प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र हरदा श्री सचिन रोमडे को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये हैं।

## नगरीय प्रशासन विभाग ने निकायों को पौध-रोपण की कार्य-योजना बनाने के दिये निर्देश

सीहोर (निप्र)। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को वर्ष 2026 में किये जाने वाले व्यापक पौध-रोपण अभियान की तैयारी और इससे जुड़ी कार्य-योजना बनाने के निर्देश दिये हैं। इस संबंध में आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास ने निकायों से कार्य-योजना दिसम्बर-2025 तक पूर्ण करने के लिये भी कहा है। प्रदेश में वर्ष 2025 में प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में नगरीय निकायों द्वारा करीब 36 लाख पौधों का रोपण किया गया है। निकायों को लगाये गये पौधों की सुरक्षा में सजगता बरतने को भी कहा गया है। नगरीय प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि नगरीय निकाय अपने क्षेत्रों में हितधारकों की बैठक और कार्यशाला आयोजित कर वर्ष 2026 के पौध-रोपण लक्ष्यों का पहले आकलन करें और उसके अनुसार रणनीति बनायें। निकायों को यह भी सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है कि कुल लक्ष्य में से शेष पौध-रोपण का कार्य निकायों द्वारा अपने संसाधनों से करना होगा। निकाय सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, वाटर ट्रीटमेंट प्लान, ओवरहेड टैंक के आसपास की भूमि, सड़कों के दोनों ओर, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल एवं शासकीय परिसरों की बाउण्ड्रीयुक्त भूमि, नदियों, नालों, तालाबों, डैम एवं नहरों के किनारों के साथ मुक्तिधाम और खेल मैदानों के आसपास का क्षेत्र चिन्हित करने के लिये कहा गया है। शहरी क्षेत्र में पौधों की उपलब्धता के लिये उद्यानिकी एवं वन विभाग की नजदीकी नर्सरियों से अभी से सम्पर्क किया जाये। पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और पौधों के क्रय के लिये बजट के इंतजाम का प्रस्ताव जल्द तैयार किया जाये। नगरीय क्षेत्र में अधिकतम हरियाली बढ़ाने के लिये जामुन, अर्जुन, देशी बबूल, बड़े वृक्षों जैसे पीपल, बरगद, आम, महुआ, इमली आदि प्रजातियों के पौधे को प्राथमिकता दी जाये। बीज छिड़काव के लिये उत्तम व्यवस्था की जाये। संचालनालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि वर्ष 2026 के पौध-रोपण कार्य की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवम्बर माह से ही साप्ताहिक समीक्षा की जायेगी। निर्देश में यह भी कहा गया है कि शहरी क्षेत्र के कुछ भवनों में बाउण्ड्री-वॉल नहीं होती है, वहाँ मेहंदी की बाउण्ड्री-वॉल सुरक्षा के हिसाब से लगाने के प्रस्ताव भी तैयार किये जायें। इससे परिसर में सुरक्षा के साथ हरियाली का भी विस्तार होगा।

### जल संरक्षण को बढ़ावा देना

नगरीय निकायों से कहा गया है कि शहरी क्षेत्रों में वर्ष 2026 के पौध-रोपण के साथ जल संरक्षण से संबंधित प्रस्ताव भी तैयार किये जायें। इन दोनों उपायों से शहरी क्षेत्रों में जल संरक्षण के साथ पर्यावरण सुधार में बेहतर कार्य हो सकेगा।

## कलेक्टर ने गणना प्रपत्र डिजिटाइजेशन एवं SIR कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए

### समस्त आवश्यक संसाधनों का उपयोग कर ह्यद्वह प्रक्रिया का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करे सभी ईआरओः कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना

**नर्मदापुरम (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रगति की समीक्षा करते हुए समस्त एसडीएम को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि गणना प्रपत्रों के वितरण के बाद बीएलओ को डिजिटाइजेशन हेतु अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि विधानसभा क्षेत्रों में डिजिटाइजेशन प्रक्रिया में गति लाई जा सके। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि डिजिटाइजेशन कार्य को गति देने के लिए जमीनी स्तर पर SIR में संलग्न समस्त अमले को कार्योन्मुख किया जाए। उन्होंने संपूर्ण गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी एसडीएम एवं संबंधित

अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रक्रिया पूर्ण होने तक राउंड द क्लॉक सक्रिय रहें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक एसडीएम को ईएफ प्रपत्रों के डिजिटलीकरण हेतु एक सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार करनी होगी। कलेक्टर ने शासकीय संसाधनों के आकलन तथा आवश्यकता अनुसार मानव संसाधन एवं अन्य संसाधनों की व्यवस्था जुटाने के निर्देश दिए, ताकि निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण किया जा सके। कलेक्टर ने SIR के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ नियमित बैठकें कर उन्हें प्रक्रिया से अवगत कराते रहें। उन्होंने निर्देश दिए कि डिजिटलाइजेशन के साथ-साथ मैपिंग आदि अन्य कार्य भी समानांतर रूप से किए जाएं, और प्रक्रिया पूर्ण होने तक कोई भी अधिकारी अपना मुख्यालय न छोड़े। कलेक्टर ने यह भी कहा कि SIR के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों के लिए भी पूर्व योजना तैयार कर ली जाए। कलेक्टर ने आगामी धान उपार्जन कार्य को ध्यान में रखते हुए सहकारी समिति प्रबंधकों एवं जेएसओ/सहकारी निरीक्षकों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपार्जन केंद्रों तथा केंद्र प्रभारियों के दायित्व तय करने हेतु कुशल कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### अनक्लेम्ड डिपॉजिट पर विशेष शिविर 21 नवंबर को

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस), भारत सरकार के निदेशानुसार धनबाद जिले में अनक्लेम्ड डिपॉजिट से संबंधित जागरूकता और निस्तारण को जिला स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन आगामी 21 नवंबर 2025 को किया जाएगा। शिविर प्रातः 11:00 बजे से उत्सव भवन, लुबी सर्कुलर रोड में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। वे लोगों को अपने बैंकों में पड़े निष्क्रिय या अनुपयोगी खातों, सावधि जमा, पीपीएफ और अन्य जमा योजनाओं की स्थिति के बारे में जानकारी देंगे तथा इन खातों से जुड़ी धनराशि की प्राप्ति के लिए आवश्यक प्रक्रिया से अवगत कराएंगे। इस संबंध में अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य आम लोगों को उन जमा राशियों के बारे में जागरूक करना है जो लंबे समय से उनके या उनके परिजनों के बैंक खातों में निष्क्रिय पड़ी हैं। उन्होंने जिले के सभी लोगों से आग्रह किया कि वे अपने पुराने खातों, जमा योजनाओं या मृतक परिजनों के खातों से संबंधित जानकारी लेकर इस शिविर में पहुँचें और योजना का लाभ उठाएँ। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविरों के माध्यम से बैंकिंग क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ेगी और जनता की पूंजी पुनः सक्रिय वित्तीय प्रणाली में लौट सकेगी।

### जगन्नाथ मंदिर में 26 नवंबर को स्थापना दिवस मनाया जाएगा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनसार स्थित श्रीश्री जगन्नाथ मंदिर में 26 नवंबर को स्थापना दिवस समारोह मनाया जाएगा। इस अवसर पर ओडिशा के पुजारी भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलराम का आकर्षक श्रृंगार कर विधिवत पूजन कार्यक्रम, हवन और महाआरती का आयोजन करेंगे। मंदिर समिति के सचिव महेश्वर रावत ने बताया कि सुबह भजन कीर्तन के साथ पूजन प्रारंभ होगा और दोपहर में हवन के साथ समापन होगा। भगवान को विभिन्न प्रकार के फल, लड्डू आदि का प्रसाद अर्पित किया जाएगा। पूजा संपन्न होने के बाद भक्तों के बीच महा प्रसाद वितरण किया जाएगा। सचिव महेश्वर राउ त ने सभी भक्तों को स्थापना दिवस पर विशेष रूप से सपरिवार मंदिर में पधारने हेतु आमंत्रित किया है। इस अवसर पर मंदिर को फलों, आर्टिफिशियल फूलों और लाइटों से सजाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर की प्रेसिडेंट शकुंतला मिश्रा, वाइस प्रेसिडेंट इंदु महापात्रा, सचिव महेश्वर राउत सलाहकार डा. सरोजा हाजरा, संघ सचिव मनोरंजन बारिक, कोषाध्यक्ष तारकांत जेना तपन श्यामल, बलराम नायक आदि सक्रिय हैं।

### झरिया में दिनदहाड़े युवक को मारी गोली, मौत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झरिया थाना क्षेत्र के रतजी पेट्रोल पंप के पास मंगलवार दोपहर हुए गोलीकांड में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। घटना उस समय हुई जब एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने बेहद नजदीक से युवक के सिर में गोली मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हमलावर अचानक पहुंचे और गोली दागकर मौके से फरार हो गए। गोली लगते ही युवक सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद झरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को

अपनी गाड़ी से अस्पताल भेजा, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए तीन थानों की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहीं सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम के साथ साथ लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम भी पहुंचे और अपनी टीम के साथ जांच में जुट गए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है, ताकि अपराधियों की पहचान जल्द से जल्द हो सके। पुलिस ने घटनास्थल से युवक का मोबाइल, चप्पल और एक खोखा बरामद कर जब्त किया है। सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम के अनुसार मृत युवक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है और न ही हमले के कारणों का पता चल पाया है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में पूरी घटना कैद है और उसके आधार पर पुलिस तेजी से कार्रवाई कर रही है। जल्द ही अपराधियों की पहचान कर मामले का उद्भेदन कर दिया जाएगा।

# क्षेत्रीय पदाधिकारी गंभीरता से पूरी जवाबदेही एवं निष्ठा के साथ अपने क्षेत्र में कार्य करें : डीसी

अपने कार्यालय कार्यों को पूरी जवाबदेही के साथ एवं गंभीरता से करें-

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त -सह- जिला दंडाधिकारी अजय नाथ झा के द्वारा आज नियमित जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त के समक्ष आमजन अनेकों मामले एवं शिकायतों को लेकर पहुंचे थे। लगभग 60 से ज्यादा मामले जनता दरबार में पहुंचे, जिसे त्वरित कार्रवाई करते हुए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के यहां आवेदन को निष्पादन हेतु अग्रसारित किया गया। उक्त जनता दरबार में ज्यादातर शिकायतें सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड के साथ-साथ भूमि विवाद से संबंधित था। उपायुक्त अजय नाथ झा ने एक-एक कर सभी के आवेदन एवं शिकायतों को सुना।

उपायुक्त अजय नाथ झा ने संबंधित अधिकारियों को मामले की त्वरित जांच करते हुए इसके निष्पादन के लिए निर्देशित किया। उन्होंने क्षेत्रीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्यालय कार्यों को पूरी जवाबदेही के साथ एवं गंभीरता से करें ताकि जनता की शिकायतें जिला स्तर तक न पहुंचे। उन्होंने संवेदनशीलता के साथ आम जनता के साथ व्यवहार करने का निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष सहित अन्य उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायतें, समाधान का दिया भरोसा

**जनता दरबार में विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की शिकायत सुनी**

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की शिकायत सुनी। उन्होंने आमजनों को उनकी शिकायत का शीघ्र समाधान करने का भरोसा दिया। जनता दरबार में गोविंदपुर,थापर नगर, टुंडी, बरवाअड्डा, बलियापुर, कलियासोल, पाथरडीह, निरसा, जोरापोखर, झरिया, महुदा सहित अन्य क्षेत्रों से आमजन पहुंचे थे। जनता दरबार में गोविंदपुर की सखीना बीवी ने पति के उपचार, तेलीपाड़ा के भवानी ओझा ने अपने पुत्र के इलाज, निरसा के भक्त गोराई ने उनके बच्चे के इलाज तथा धनसार के सुमित कुमार ने बीमारी के इलाज के लिए सहायता प्रदान करने की गुहार लगाई। वहीं बरवाअड्डा के दुबे हाजरा ने ऑनलाइन पंजी टू में नाम दर्ज कराने, बलियापुर के कमली महताईन ने आम रास्ता बंद कर देने, कलियासोल के प्रतीक कुमार चंद्रा ने मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने का आवेदन दिया। जबकि बेकारबांध की किशोर कुमार रजक ने उनकी जमीन के ऊपर से हाई टेंशन तार हटाने, झरिया के रंजीत यादव ने भौंरा आठ नंबर के दलित परिवारों को पुनर्वास कराने, पीठाकियारी के बुलू पांडेय ने अबुआ आवास निर्माण में स्थानीय लोगों द्वारा बाधा पहुंचाने की शिकायत की। उपायुक्त ने आमजनों के आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दरबार में प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग नियाज अहमद मौजूद थे।

# मरीज की मौत के बाद असर्फी अस्पताल में तोड़फोड़ करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के असर्फी अस्पताल में उपद्रव मचाने व पुलिस बल पर पथराव करने के आरोप में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पिछले माह 24 अक्टूबर की रात नंदू राय नामक युवक सड़क दुर्घटना का शिकार हुआ था। इलाज के लिए उसे असर्फी अस्पताल लाया गया था,इसी क्रम में नन्दु राय को चिकित्सक के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया था। .बाद में मृतक के परिजनों एवं सहयोगियों के द्वारा असर्फी अस्पताल में जमकर उपद्रव मचाते हुए चिकित्सकों के साथ गाली गलौज एवं मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। साथ ही अस्पताल का करीब 40 से 50 लाख की सम्पति का नुकसान कर दिया गया था। कांड के आलोक में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया. टीम ने विभिन्न जगहों पर छापामारी कर कांड में संलिप्त छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. डीएसपी ने बताया कि इस कांड में 40

से 50 अन्य लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज है और उनसभी की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापामारी की जा रही है.डीएसपी ने लोगों से यह भी अपील की है कि कभी लोग आक्रोशित होकर इस तरह से अस्पतालों में तोड़फोड़ न करें विधि व्यवस्था बिगाड़ने वालों से पुलिस सख़्ती से निपटेगी।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सप्तशक्ति संगम का हुआ आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9डी में मंगलवार को सप्तशक्ति संगम (मातृशक्ति सम्मान एवं संगम समारोह) का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रणविजय महिला स्मारक महाविद्यालय की निदेशक डॉ परिंदा सिंह.,सीनीडीह की आचार्या प्रियंका बागची,बाघमारा की आचार्या अनीता कुमारी साल और कार्यक्रम की अध्यक्षा स्नेहा कुमारी ने ओम,मां सरस्वती तथा भारत माता के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए परिंदा सिंह ने कहा कि मातृ संगठन के 100 वर्ष पूर्ण हुए हैं, इसमें समाज में परिवर्तन का कार्य अपने परिवार से शुरू करना है और इसकी इकाई मां है। प्रियंका बागची द्वारा कुटुम्ब प्रबोधन विषय पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि कुटुम्ब मजबूत होगा तो हमारा समाज मजबूत होगा और समाज मजबूत होगा तो हमारा राष्ट्र मजबूत बनेगा, इस कुटुंब की जड़े माताएं होती हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण,भारतीय संस्कृति द्वारा जन्मदिन मनाना और मातृशक्ति जैसे विषयों को प्रमुखता से बताया। उसके बाद अनीता कुमारी साव द्वारा सप्तशक्ति संगम पर प्रकाश डाला और कहा कि प्रत्येक नारियों में सात शक्तियां विद्यमान है, इसी के कारण वे सर्वश्रेष्ठ है, उन्हें मातृशक्ति कहा गया है। उन्होंने मातृशक्ति के सात गुणों कृति, श्री, वाक, स्मृति, मेधा, धैर्य तथा क्षमा का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सप्तशक्ति के गुण माता में स्वतः आ जाते हैं, इसके लिए उन्हें कोई विशेष प्रयास की आवश्यकता नहीं है। अध्यक्षीय उद्बोधन समाज सेविका साध्वी झा के द्वारा दिया गया । जिसमें उन्होंने कहा कि माता के गुणों में ममता, सहनशीलता, सेवाभाव, त्याग, करुणा संस्कार, पालनकर्ता, परिवार रक्षक आदि विशेष रूप से देखे जाते हैं। माताओं के बीच से श्रीमती विद्या भारती ने भी मातृशक्ति के ऊपर अपने विचार व्यक्त किया। मौके पर दो विशिष्ट माताओं लालमोती देवी तथा उषा सिन्हा जी को तुलसी पौधा और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी, अनुभव कथन, प्रेरणादायी महिलाओं का संदेश( पारंपरिक वेशभूषा के साथ), सामूहिक गीत आदि प्रस्तुत किए गए। संकल्प रूमा सिंह द्वारा करवाया गया। कार्यक्रम का संचालन नीलिमा पाण्डेय और अमृता दुबे ने किया।धन्यवाद ज्ञापन पूनम कुमारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह, प्राचार्य राजेंद्र कामत, नेहा कुमारी सभी आचार्य दीदी जी के साथ - साथ 251 माताएं उपस्थित रहीं।

# संगीत समारोह में शास्त्रीय व सुगम संगीत की सुमधुर प्रस्तुतियों से कलाकारों ने बांधा समां

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वरिष्ठ संगीतज्ञ पं. बच्चनजी महाराज के संयोजन में सेक्टर 5 बोकारो क्लब के बैडमिंटन हॉल में ध्रुपद सम्राट पं रामवृक्ष पाठक अखिल भारतीय संगीत समारोह का आयोजन किया गया। आईडी शाह कॉलेज ऑफ म्यूजिक, डांस एंड फाइन आर्ट्स के तत्वावधान में आयोजित इस संगीत समारोह में बोकारो व बाहर से आये ख्याति प्राप्त कलाकारों के साथ ही कुछ उदीयमान कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से संगीत प्रेमियों को आनंदित किया। संगीत समारोह का उद्घाटन बीएसएल के डीजीएम संजय कुमार शर्मा व उनकी धर्मपत्नी सरिता शर्मा, दूरर्शन व आकाशवाणी के गायक पं. कृष्ण मोहन पाठक, देश-विदेश में कार्यक्रम प्रस्तुत कर चुके पं. शैलेन्द्र कुमार पाठक, बोकारो की संगीतज्ञ उषा रानी पाठक ने किया। कार्यक्रम संयोजक पं. बच्चन महाराज ने आगंतुकों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। उन्होंने कहा कि संगीत व कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन बीच बीच में संस्था द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम में एक ओर जहां ख्याति प्राप्त कलाकारों को सुनने का अवसर संगीत प्रेमियों को मिलता है, वहीं नवोदित कलाकारों को भी मंच प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाता है। कार्यक्रम की शुरूआत कृष्णा तुलसी द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई। तबले पर राजू गोस्वामी ने संगति की। तत्पश्चात आराध्या, कनक आनंद, आरोही मिश्रा, अद्रिका मिश्रा ने राग यमन में गायन प्रस्तुत किया। तबले पर रुद्र आनंद ने साथ दिया। हिमांशु राज ने राग पटदीप सुनाया इनके साथ तबले पर पीयूष अनुराग ने संगति की। अथर्व श्रेष्ठ ने एकल तबला वादन व आदित्य राज ने एकल गिटार वादन प्रस्तुत किया। शंकर कुमार के ख्याल गायन में तबले पर आदित्य दुबे ने संगति की। सूरज गोस्वामी, पंडित श्याम गोस्वामी, शंकर कुमार, सूरज ठाकुर ने भजन प्रस्तुत किया। इनके साथ तबले राजू गोस्वामी, शंकर कुमार, दीप नारायण गोस्वामी व हरेकनाथ गोस्वामी ने संगति की। पं. बच्चन महाराज के शिष्य धीरज तिवारी व हिमांशु शेखर मिश्रा ने एकल तबला वादन प्रस्तुत किया। चंद्रकांत शर्मा ने राग श्याम कल्याण एवं नंद, मिलन गोस्वामी राग बाग्रेश्री में ख्याल गायन, प्रभा मोहनन नायर ने कर्णाटक शैली में राग भीमपलासी में गायन, हरेकनाथ गोस्वामी ने राग बिहाग, पं. शैलेन्द्र कुमार पाठक ने राग भूपकल्याण, पं अभिराम पाठक ने राग बिहाग में ध्रुपद, पं कृष्ण मोहन पाठक ने राग अड़ाना, ध्रुपद व धमार सुनाकर शास्त्रीय संगीत के कद्रदानों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनके साथ पखावज पर पं. राम वचन पाठक उर्फ बच्चनजी महाराज ने संगति की। इस अवसर वरिष्ठ संगीतज्ञ डॉ राकेश रंजन, अरुण पाठक, सुमन उपाध्याय, श्रुति रंजन, अरुण कुमार, कमलेश मिश्र, शैलेश कुमार हिमांशु आदि संगीत प्रेमी श्रोता उपस्थित थे।

### 28 नवंबर तक विभिन्न ब्लॉक में लगेगा रक्तदान शिविर, हुआ उद्घाटन

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 12 से 28 नवंबर तक पूरे जिले के अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है. 12 नवंबर से चल रहे इस शिविर का सोमवार को खासमहल स्थित सदर अस्पताल परिसर में चल रहे ब्लड बैंक में विधिवत उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राज कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल, डॉ बिमलेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया. इस दौरान रवींद्र ठाकुर, सुमन कुमार, मनीष सिंह, निशांत कुमार, मनोज कुमार सहित ब्लड बैंक के कई कर्मचारी व पदाधिकारी मौजूद थे. सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल ने कहा कि जिले के सरकारी अस्पतालों में ब्लड की कमी न हो, इसको लेकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है.

**कब कहां लगेगा शिविर**

**सदर अस्पताल ब्लड बैंक-** 12 व 15 नवंबर 2025सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चाकुलिया- 19 नवंबर 2025

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जुगसलाई-** 19 नवंबर 2025एसएसपी ऑफिस- 20 नवंबर 2025

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, धालभूमगढ़-** 22 नवंबर 2025सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुसाबनी- 25 नवंबर 2025

# पेटरवार गर्ल्स हाई स्कूल में चाइल्ड ट्रैफिकिंग के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार प्रखंड के प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल पेटरवार में सहयोगिनी संस्था द्वारा सुरक्षित गांव कार्यक्रम के तहत गर्ल्स चाइल्ड ट्रैफिकिंग के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं, शिक्षकों के साथ ही समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कई गतिविधियाँ की गई। इस दौरान प्रधानाध्यापिका भूमिका कुमारी ने छात्राओं को सचेत करते हुए कहा कि यदि गांव में कोई अनजान व्यक्ति आकर नौकरी का लालच देता है, तो तुरंत सतर्क हो जाएँ और कॉमिक बुक में दिए गए टोल-फ्री नंबर पर सूचित करें। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है।18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के की शादी होने पर तुरंत 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर कॉल करें। सहयोगिनी संस्था के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि सुरक्षित गांव कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा या बच्ची तस्करी का शिकार न हो। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध स्थिति पर तुरंत टोल-फ्री नंबर पर कॉल कर सूचना दें, जिससे आरोपी को पकड़ा जा सके। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की छात्राएँ ललिता कुमारी, हिना प्रवीण, खुशनुमा प्रवीण, प्रिया कुमारी, माया कुमारी और आरती कुमारी ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल तस्करी रोकथाम का सशक्त संदेश दिया। स्कूल की शिक्षिका मंजू लकड़ा ने कहा कि पंचायत और गांव स्तर पर लगातार जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता है, ताकि हर परिवार और समुदाय इस गंभीर मुद्दे के प्रति संवेदनशील बने। सहयोगिनी संस्था की कार्यक्रम समन्वयक कुमारी किरण ने कहा कि मानव तस्करी, बाल विवाह और बाल मजदूरी को रोकने के लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यदि कोई बच्चा स्कूल छोड़कर होटल, प्रतिष्ठान, खदान, गैरेज या अन्य स्थानों पर मजदूरी करता पाया जाए, तो तुरंत भारत सरकार के टोल फ्री नंबर 1098 पर कॉल करें। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षक सूरज कुमार साहू, मंजू लकड़ा, प्रियंका कुमारी, ललिता कुमारी, हिना प्रवीण, खुशनुमा प्रवीण, प्रिया कुमारी, माया कुमारी, आरती कुमारी, आकृति कुमारी, अकांक्षा कुमारी, परी कुमारी, मुस्कान कुमारी, रौनक प्रवीण, साना प्रवीण, रोशनी प्रवीण, सूफियाना परवीन, माहे नूर, सिफत, राहत, शहजादी, खुशी कुमारी, शिखा कुमारी, गीता कुमारी, जुली कुमारी, पायल सिंहा, रानी सेठी सहित बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# रीहीटिंग फर्नेस कैम्पेन लाइफ बढ़ाने पर कार्यशाला का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रीहीटिंग फर्नेस कैम्पेन लाइफ को बढ़ाने तथा फर्नेस में स्केल फॉर्मेशन को कम करने के महत्वपूर्ण विषय पर बोकारो स्टील प्लांट के एचआर-एलएंडडी विभाग एवं हॉट स्ट्रिप मिल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एलईओ कार्यशाला का आयोजन 18 नवम्बर किया गया. इस कार्यक्रम में सेल की विभिन्न इकाइयों के साथ-साथ अन्य स्टील प्लांट तथा औद्योगिक साझेदार संगठनों से आए इंजीनियरों, मेंटेनेंस प्रोफेशनल्स एवं फर्नेस विशेषज्ञों ने सक्रिय भागीदारी की. कार्यशाला में सेल की भिलाई, राउरकेला, बोकारो, इस्को बर्नपुर और दुगार्पुर स्टील प्लांट,आरडीसीआईएस सहित जेएसडब्ल्यू विजयनगर वर्क्स तथा जिंदल स्टील प्लांट, ओडिशा एवं औद्योगिक साझेदार जैसे डेनिएली इंडिया, फाइव्स स्टीन इंडिया, के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. यह आयोजन तकनीकी नवाचार, उन्नत तकनीक एवं परिचालन दक्षता से संबंधित ज्ञान के आदानझप्रदान हेतु एक उत्कृष्ट सहयोगात्मक मंच सिद्ध हुआ. कार्यशाला के विधिवत उद्घाटन में अधिशासी निदेशक (वर्क्स) प्रिय रंजन एवं अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन) ए. के. दत्त , मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (सर्विसेज) अरविंद कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (एफ&ए) निर्मल कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) पी. के. वर्मा एवं मुख्य महाप्रबंधक (एचआर-एल&डी) सुश्री नीता बा उपस्थित थे. स्वागत संबोधन में मुख्य महाप्रबंधक (एचएसएम) पी. के. वर्मा ने कार्यशाला के उद्देश्य को फर्नेस मेंटेनेंस, परफॉर्मेंस ऑप्टिमाइजेशन एवं कैम्पेन लाइफ इम्प्रूवमेंट के क्षेत्र में तकनीकी उत्कृष्टता और सहयोग को बढ़ावा देने वाला बताया. अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री प्रिय रंजन ने सभी को सुरक्षा शपथ दिलाने के उपरांत अपने

विचार साझा करते हुए रीहीटिंग फर्नेस की नियमित एवं प्रिवेंटिव मेंटेनेंस के महत्व पर जोर दिया. उन्होंने स्केल एवं रस्ट फॉर्मेशन को नियंत्रित करने की आवश्यकता पर विशेष बल देते हुए कहा कि इससे न केवल फर्नेस की आयु बढ़ती है, बल्कि उत्पाद की गुणवत्ता और परिचालन लागत में भी उल्लेखनीय सुधार होता है. अन्य गणमान्य अधिकारियों ने भी एलईओ पहल के

महत्व को रेखांकित किया और इसे तकनीकी ज्ञान को मजबूत करने तथा अंतःइकाई सहयोग स्थापित करने का उत्कृष्ट माध्यम बताया. कार्यशाला के मुख्य उद्देश्यों में कैम्पेन लाइफ बढ़ाने की तकनीकों एवं स्केल/रस्ट फॉर्मेशन को कम करने के उपायों की समझ विकसित करना तथा विभिन्न इकाइयों के बीच बेस्ट प्रैक्टिसेज का आदानझप्रदान शामिल था. तकनीकी सत्रों के दौरान स्केल फॉर्मेशन की प्रक्रिया एवं मूल कारण, एडवांस्ड प्रिवेंटिव मेंटेनेंस, रेफ्रेक्ट्री रणनीतियाँ, टेंपरेचर कंट्रोल एवं ऑटोमेशन जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई. साथ ही, ओईएम पार्टनर्स द्वारा फर्नेस लाइफ एन्हांसमेंट संबंधी अनुशंसाओं तथा डिजिटल मॉनिटरिंग एवं कंडीशन-बेस्ड मेंटेनेंस पर भी ध्यान केंद्रित किया गया. इस आयोजन के परिणामस्वरूप फर्नेस लाइफ एन्हांसमेंट एवं स्केल रिडक्शन की बेहतर समझ विकसित हुई तथा सेल इकाइयों एवं औद्योगिक साझेदारों के बीच तकनीकी सहयोग मजबूत हुआ। यह कार्यशाला स्वस्थ, तकनीकी रूप से जागरूक एवं सशक्त औद्योगिक परिवेश के निर्माण की दिशा में बीएसएल की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित करता है.

**बीएसएल के मन्नान अली ने राष्ट्रीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में जीता रजत पदक**

बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में इंजीनियरिंग एसोसिएट के रूप में कार्यरत श्री मन्नान अली ने 35वीं राष्ट्रीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवं इंक्लाइन बेंच प्रेस चैम्पियनशिप 2025-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंक्लाइन बेंच प्रेस प्रतियोगिता (95 किलोग्राम वर्ग) में रजत पदक जीतकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है. यह राष्ट्रीय चैम्पियनशिप भारतीय स्ट्रेंथलिफ्टिंग फेडरेशन के तत्वावधान में सिक्किम स्ट्रेंथलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा 10 से 13 नवंबर, 2025 तक पलजोर स्टेडियम, गंगटोक (सिक्किम) में आयोजित की गई, जिसमें देशभर से अनेक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच श्री अली ने अपने उत्कृष्ट कौशल, तकनीक, शक्ति, अनुशासन और खेल-भावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया और रजत पदक अपने नाम किया. बीएसएल शीर्ष प्रबंधन ने उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं. उल्लेखनीय है कि बोकारो स्टील प्लांट सदैव अपने कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करता है तथा खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और फिटनेस पहल के माध्यम से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करता है. मन्नान अली की यह उपलब्धि प्लांट के कर्मियों में निहित प्रतिभा और उसके सतत संवर्द्धन के प्रति बीएसएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है.

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com